3 राजधानी
डीयू में दाखिले की प्रक्रिया आरंभ, पोर्टल जारी

6 अभिमत
प्लास्टिक विभीषिका से निपटना जरूरी

10 विदेश
रूस के मिसाइल हमलों में छह लोगों की मौत

12 स्पोर्ट्स
एशियाई खेलों में भाग नहीं लेगी हिमा दास

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 219
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 15 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



विपक्षी दलों को विकास की कोई चिंता नहीं
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# मणिपुर में उपद्रवियों का गांव पर हमला, नौ लोगों की मौत

● इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट में जिला प्रशासन ने कर्फ्यू का समय घटाया, पूरे राज्य में इंटरनेट सेवाएं निलंबित

● सीमावर्ती राज्य में हिंसा की जिम्मेदारी ले केंद्र, सर्वदलीय बैठक बुलाएं प्रधानमंत्री: कांग्रेस



हिंसा की घटनाओं के चलते इंफाल में सतर्क सुरक्षा बलों के जवान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/इंफाल

**हिंसा** प्रभावित मणिपुर में खामेनलोक इलाके के एक गांव में संदिग्ध उपद्रवियों के हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। अत्याधुनिक हथियारों से लैस उपद्रवियों ने रात करीब एक बजे इंफाल पूर्वी जिले और कांगपोकी जिले की सीमा से लगे खामेनलोक इलाके के कुकी बहुल गांव को घेरकर हमला किया। मुठभेड़ में दोनों पक्षों के लोग हताहत व घायल हुए हैं। तीन लोग लापता हैं। यह क्षेत्र मेइती-बहुल इंफाल ईस्ट जिला और आदिवासी बहुल कांगपोकपी जिले की सीमाओं से लगा हुआ है। वहीं पश्चिम इंफाल जिले के लाम्फेल इलाके में मणिपुर की महिला मंत्री नेमचा किपगेन के आधिकारिक आवास में बुधवार रात अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। हालांकि घटना के वक्त आवास के अंदर कोई नहीं था। दमकलकर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। किपगेन कुकी समुदाय की नेता हैं। आग लगने की जिम्मेदारी अभी किसी समूह ने नहीं ली है। इस बीच, इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट में जिला प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील की दिए जाने की अवधि को घटा दी है। अब सुबह पांच बजे से शाम छह बजे की बजाय सुबह पांच से सुबह नौ बजे तक पाबंदियां लागू रहेंगी। हिंसा प्रभावित मणिपुर के 16 जिलों में से 11 में अब भी कर्फ्यू लगा हुआ है, जबकि पूरे राज्य में इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं। मणिपुर की 53 प्रतिशत आबादी मेइती समुदाय से है, जो मुख्य रूप से इंफाल घाटी में बसी हुई है। आदिवासियों-नगा और कुकी की आबादी 40 प्रतिशत है और ये पर्वतीय जिलों में रहते हैं। मणिपुर में जातीय हिंसा में कम से कम 100 लोगों की मौत हो चुकी है और 310 अन्य घायल हुए हैं। कांग्रेस ने मणिपुर में हुई हिंसा की ताजा घटनाओं को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया और कहा कि प्रदेश की जनता के साथ किए गए अपराध की जिम्मेदारी उसे लेनी चाहिए। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ( शेष पेज 9 )

# आज तट से टकराएगा बिपारजॉय सेना व एनडीआरएफ टीमें तैयार

● गुजरात के तटीय इलाकों से 50 हजार लोगों को निकाला गया



चक्रवाती तूफान के प्रभाव के चलते मुंबई के निचले क्षेत्रों की दुकानों में घुस गया समुद्र का पानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/अहमदाबाद

**गुजरात** के कच्छ जिले के जखाऊ बंदरगाह के पास शक्तिशाली चक्रवात बिपारजॉय की संभावित दस्तक से पहले अधिकारियों ने राज्य के तटीय इलाकों से अब तक लगभग 50 हजार लोगों को निकालकर अस्थाई आश्रय शिविरों में स्थानांतरित किया है। हालात से निपटने के लिए सेना और एनडीआरएफ की टीमें तैयार रखी गई हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को तीनों सेना प्रमुखों से बात की और चक्रवात बिपारजॉय के प्रभाव से निपटने के लिए सशस्त्र बलों की तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि सैन्य बल हर स्थिति से निपटने को तैयार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि बिपारजॉय बुधवार को मार्ग बदलने और उत्तर-पूर्व दिशा में कच्छ तथा सौराष्ट्र की ओर बढ़ने को तैयार है तथा यह बृहस्पतिवार शाम को जखाऊ बंदरगाह के पास टकराएगा। प्रदेश राहत आयुक्त आलोक कुमार पांडे ने कहा कि चक्रवात अभी कच्छ से लगभग 290 किलोमीटर दूर है। एहतियाती कदम के तौर पर हमने लगभग 50 हजार लोगों को तटीय इलाकों से निकालकर सुरक्षित आश्रय शिविरों में स्थानांतरित कर दिया है।

निकासी अभियान अभी भी जारी है और शाम तक शेष पांच हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। पांडे ने गांधीनगर में संवाददाताओं को बताया कि जिन 50 हजार लोगों को निकाला गया है, उनमें से 18 हजार को कच्छ जिले के शिविरों में स्थानांतरित किया गया है, जबकि अन्य को जूनागढ़, जामनगर, पोरबंदर, देवभूमि द्वारका, मोरबी और राजकोट में सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। पांडे के मुताबिक, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के 15, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के 12, राज्य सड़क एवं भवन विभाग के 115 और प्रदेश विद्युत विभाग के 397 दलों को अलग-अलग तटीय जिलों में तैनात किया गया है।

उन्होंने कहा कि विद्युत और सड़क एवं भवन विभाग के अधिकारी बिजली आपूर्ति और संपर्क बहाल करने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। हमने बेहतर संवाद के लिए एचएएम रेडियो सेट और सैटेलाइट फोन से लैस विभिन्न दलों को भी क्षेत्रीय इलाकों ( शेष पेज 9 )

## हर स्थिति से निपटने को तैयार : राजनाथ

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को तीनों सेना प्रमुखों से बात की और चक्रवात बिपारजॉय के प्रभाव से निपटने के लिए सशस्त्र बलों की तैयारियों की समीक्षा की। सिंह ने कहा कि सशस्त्र बल चक्रवात के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने में हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं। राहत और बचाव कार्यों के लिए सेना, नौसेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) भी तैयार हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को चक्रवात बिपारजॉय से निपटने के लिए कच्छ में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने भारतीय वायुसेना की गरुड़ आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लेने के लिए भुज वायुसेना स्टेशन का दौरा किया। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने चक्रवात के प्रकोप से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए मंगलवार रात राज्य सरकार के आपातकालीन संचालन केंद्र का दौरा किया।

# राहुल गांधी, सिद्धरमैया व डीके कुमार को मानहानि की नोटिस

● भाजपा ने केस में कांग्रेस के कई नेताओं के खिलाफ लगाया है आरोप



**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**भाजपा** ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के खिलाफ स्थानीय अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि का मामला दर्ज कराया है।

पूर्व एवं मौजूदा सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली इस अदालत ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 (मानहानि) व धारा 500 (मानहानि के लिए सजा) के तहत अपराध का संज्ञान लिया है तथा मामले की सुनवाई के लिए 27 जुलाई की तारीख निर्धारित की है। विशेष अदालत ने इस संबंध में सभी प्रतिवादियों को समन जारी करने का निर्देश दिया। भाजपा के राज्य सचिव एस. केशव प्रसाद ने विज्ञापनों में झूठे दावे कर पार्टी की छवि बिगाड़ने का आरोप लगाने वाली यह निजी शिकायत नौ मई को दायर की थी।

शिकायत के मुताबिक, केपीसीसी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले पांच मई को प्रमुख अखबारों में प्रकाशित विज्ञापन में दावा किया था कि राज्य की तत्कालीन भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त थी और उसने पिछले चार वर्षों में डेढ़ लाख करोड़ रुपये लूटे हैं। शिकायत के अनुसार, विज्ञापन में केपीसीसी की ओर से किए गए दावे पूरी तरह से बेबुनियाद, पूर्वाग्रह से ग्रसित और मानहानिकारक थे।

# ईडी ने तमिलनाडु के मंत्री बालाजी को किया गिरफ्तार

● 28 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया



गिरफ्तारी के बाद तमिलनाडु के मंत्री बालाजी ने सीने में दर्द की शिकायत की। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया

**भाषा।** चेन्नई

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु के बिजली और आबकारी मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को बुधवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। बालाजी तमिलनाडु में मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन नीत सरकार में केंद्रीय एजेंसी की इस तरह की कार्रवाई का सामना करने वाले पहले मंत्री हैं।

सूत्रों ने बताया कि काफी देर तक पूछताछ करने के बाद बालाजी (47) को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले असहज महसूस करने के बाद बालाजी को बुधवार सुबह शहर के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में बालाजी का कोरोनरी एंजियोग्राम किया गया। चिकित्सकों ने उन्हें जल्द से जल्द बाईपास सर्जरी कराने की सलाह दी है। चेन्नई की एक स्थानीय अदालत ने बालाजी को 28 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बालाजी के ठिकानों पर मंगलवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापे मारे थे और उसके बाद एजेंसी ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत मंगलवार देर रात करीब 1:30 बजे उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

वहीं, मद्रास उच्च न्यायालय में एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई है, जिसमें उन्हें अदालत में पेश करने की मांग की गई। मुख्यमंत्री स्टालिन ने बुधवार को ओमंदुरार एस्टेट में तमिलनाडु गवर्नमेंट मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में बालाजी से मुलाकात की। इससे पहले मंगलवार को बालाजी के खिलाफ ईडी द्वारा की गई छापेमारी को उन्होंने डराने-धमकाने की राजनीति करार दिया था। स्टालिन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर बुधवार को निशाना साधा और कहा कि उनके मंत्री व उनकी पार्टी इस मामले का सामना कानूनी रूप से करने को तैयार हैं। स्टालिन ने पूछताछ के नाम पर ईडी अधिकारियों पर नाटक करने और बालाजी को शारीरिक तथा मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया। राज्य ( शेष पेज 9 )

# भड़के फडणवीस को शिंदे ने नए विज्ञापन से मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीरों वाले विज्ञापन के प्रकाशित होने के एक दिन बाद राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन से जुड़ा एक विज्ञापन बुधवार को मराठी अखबारों में छपा जिसमें शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ शिंदे के राजनीतिक गुरु माने जाने वाले आनंद दिघे की भी तस्वीरें हैं। राज्य में कुछ प्रमुख अखबारों में मंगलवार को प्रकाशित फुल पेज के विज्ञापन में एक सर्वे के हवाले से मुख्यमंत्री पद के लिए शिंदे को फडणवीस की तुलना में अधिक लोगों की पसंद बताया गया था। हालांकि इस विज्ञापन में फडणवीस या बाल ठाकरे की तस्वीर नहीं थी। इससे भाजपा और शिवसेना में गहराती खाई के रूप में देखा जा रहा था और फडणवीस की नाराजगी की खबरें आ रही थीं। राष्ट्र में मोदी, महाराष्ट्र में शिंदे सरकार' शीर्षक वाले विज्ञापन पर ( शेष पेज 9 )

# पीएम चेहरे पर अभी बात नहीं करना चाहता विपक्ष

● पटना में जदयू व राजद की ओर से होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में साझे एजेंडे पर रहेगा जोर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विपक्षी** दलों की 23 जून को होने वाली बैठक में अगले लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर चर्चा नहीं होगी, बल्कि पूरी कोशिश इस बात की होगी कि 2024 के लिए साझा एजेंडा तय किया जाए। बिहार की दो प्रमुख पार्टियां जनता दल (यू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) इस बैठक का आयोजन कर रही हैं।

इसमें कांग्रेस, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और कई अन्य दलों के शीर्ष नेता शामिल होने वाले हैं। राजद सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के संदर्भ में कोई चर्चा नहीं होने वाली है। पार्टी के एक नेता ने कहा कि यह बैठक पहला कदम है। एक साझा एजेंडा तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज महंगाई और बेरोजगारी ऐसे मुद्दे हैं जो लोगों का ध्यान इस ओर खींच रहे हैं कि सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन, गलत जीएसटी, नोटबंदी जैसे निर्णयों के कारण यह स्थिति बनी है। यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। सांप्रदायिक सौहार्द, सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग और लोकतंत्र को कमजोर करने जैसे मुद्दे भी महत्वपूर्ण हैं।

सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार इस बैठक में साझा न्यूनतम कार्यक्रम प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के संदर्भ में कोई चर्चा नहीं होनी है। विपक्ष के एक नेता का कहना है कि वरिष्ठ नेताओं की एक टीम गठित करने पर चर्चा हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह टीम विभिन्न राज्यों में जाएगी और वहां विपक्ष के समर्थन में बैठक करेगी।

## क्विक न्यूज

### चीन से आयातित कपड़ों में एजो रंजक की उपस्थिति की होगी जांच

**नई दिल्ली।** चीन से आयातित कपड़ो और उसके उत्पादो मे एजो रंजक (डाई) की मौजूदगी की अब जांच की जाएगी जबकि ब्रिटेन से आने वाले इन उत्पादो को छूट दी जाएगी। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान मे कहा कि एजो डाई की मौजूदगी के लिए जांच से छूट दिए जाने वाले देशो की सूची को संशोधित किया गया है। इस सूची में से सूची से चीन को निकाल दिया गया है। विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) मे उन देशों की एक सूची बनी हुई है जहां से आयातित कपड़ो और उसकी अन्य सामग्रियो में इस रंजक की उपस्थिति की जांच कराने से छूट मिली हुई है। एजो रंजक का उपयोग मुख्य रूप से कपड़ा, फाइबर और चमड़ा उद्योगों में होता है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा संशोधित सूची मे ब्रिटेन को शामिल कर लिया गया है जबकि चीन को सूची से हटा दिया गया है। सूची में शामिल देशो में यूरोपीय संघ के देश, सर्बिया, पोलैंड, डेनमार्क, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन है।

# मई में थोक मुद्रास्फीति साढ़े सात साल के निचले स्तर पर

● शून्य से 3.48 प्रतिशत नीचे रही

**भाषा।** नई दिल्ली

**थोक** मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति खाद्य पदार्थों, ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं के दाम घटने से मई में शून्य से 3.48 प्रतिशत नीचे आ गई जो साढ़े सात वर्षों का निचला स्तर है। यह लगातार दूसरा महीना है जब थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति शून्य से नीचे रही है।

इसके पहले अप्रैल में भी यह (-) 0.92 प्रतिशत पर थी। एक साल पहले मई, 2022 में थोक मुद्रास्फीति 16.63 प्रतिशत पर थी। मई, 2023 के पहले थोक मुद्रास्फीति का पिछला निम्न स्तर नवंबर, 2015 में रहा था जब यह शून्य से 3.7 प्रतिशत नीचे थी। थोक मुद्रास्फीति में तीव्र गिरावट के पीछे उच्च आधार होने के अलावा खाद्य, ईंधन एवं विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में आई गिरावट की अहम भूमिका रही है। नकारात्मक थोक मुद्रास्फीति को तकनीकी तौर पर अपस्फीति कहा जाता है। इसका मतलब है कि कुल थोक मूल्य कीमतों में सालाना आधार पर गिरावट हुई है।

थोक मुद्रास्फीति के पहले मई के महीने में खुदरा मुद्रास्फीति में भी गिरावट का आंकड़ा सामने आ चुका है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 25 माह के निचले स्तर 4.25 प्रतिशत पर रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को कहा, मई में थोक मुद्रास्फीति में गिरावट की मुख्य वजह खनिज तेल, मूल धातु, खाद्य उत्पाद, कपड़ा, गैर-खाद्य सामान, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, रसायन और रसायन उत्पादों की कीमतों में कमी है। सरकारी ( शेष पेज 9 )

# द्वारका एक्सप्रेसवे के फ्लाईओवर का स्पैन गिरा

## क्रेन चालक की मौत, साइट सुपरवाइजर व मैनेजर गिरफ्तार, जांच के लिए समिति गठित

● दिल्ली व गुरुग्राम को जोड़ने के लिए हो रहा एलिवेटेड एक्सप्रेसवे का निर्माण



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दक्षिण-पश्चिमी** दिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के पास एक क्रेन के ऊपर निर्माणाधीन फ्लाईओवर का एक हिस्सा गिर जाने से बुधवार को 35 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) मनोज सी. ने बताया कि घटना समालखा, कापसहेड़ा में हुई।

उन्होंने कहा कि दो लोगों- साइट सुपरवाइजर इंजमाम हुसैन (30) और साइट मैनेजर रोहित (35) को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली व गुरुग्राम को जोड़ने के लिए इस एलिवेटेड एक्सप्रेसवे का निर्माण हो रहा है। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे लिंक रोड के ऊपरगामी हिस्से का निर्माण जारी है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन फ्लाईओवर का एक हिस्सा क्रेन के ऊपर गिर गया जिससे क्रेन चालक शकील की मौत हो गई जो राजस्थान के भरतपुर का निवासी था। अधिकारी ने कहा कि संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। दमकल विभाग ने कहा कि घटना की जानकारी सुबह करीब 10 बजे मिली, जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। शकील के परिजनों ने कहा कि वह अपने परिवार का अकेला कमाने वाला था। वहीं, शकील के चाचा सत्तार ने कहा, हमें सुबह घटना के बारे में पता चला और हम घटनास्थल पर पहुंचे। जब फ्लाईओवर के नीचे कोई सहारा नहीं था, तो किसी को भी इसके नीचे खड़े होने या काम करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए थी। हम शकील के लिए न्याय चाहते हैं। उसके दो बच्चे और चार बहनें हैं।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि घटना की जांच के लिए पुल विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे पर शिव मूर्ति इंटरचेंज के फ्लाईओवर का नौवां और 10वां खंभा 14 जून 2023 को गिर गया। एनएचआईए के अधिकारी, प्राधिकरण के इंजीनियर और पुल विशेषज्ञ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। दुर्घटना ( शेष पेज 9 )

# धर्मांतरण मामला: बद्दो पर लग सकता है एनएसए

## आरोपी 10 दिन तक फरारी काटने के दौरान सबूत मिटाता रहा, मोबाइल और लैपटॉप का डेटा डिलीट किया: पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



ऑनलाइन धर्मांतरण मामले में खान शहनवाज मकसूद उर्फ बद्दो के खिलाफ पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। बद्दो का पाकिस्तानी कनेक्शन मिलने के बाद जांच अधिकारी चौकन्ने हो गए है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रविरोधी सबूत मिलने पर आरोपी के खिलाफ एनएसए लगाई जा सकती है।

डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल ने बताया कि कमिश्नरेट पुलिस के अलावा विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों के द्वारा घंटों तक बद्दो से की गई पूछताछ में उसने जहां कई चौकाने वाले खुलासे किए है। जांच के बाद अगर बद्दो के द्वारा किये गए राष्ट्रविरोधी साक्ष्य मिले तो उसके ऊपर एनएसए भी लगाई जाएगी।

अग्रवाल ने बताया कि बद्दो से गहन पूछताछ करने के लिए पुलिस ने उसे रिमांड पर लेने की भी कवायद शुरू कर दी है। कविनगर पुलिस इस क्रम में सबसे पहले उसके बयान दर्ज करेगी। अग्रवाल ने बताया कि बद्दो कितना शातिर है इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि उसने पुलिस की पकड़ में आने से पहले ही अधिकांश डेटा डिलीट कर दिया था। उसके द्वारा डिलीट किया गया कुछ डेटा पर पुन मिल गया है और जो शेष नहीं मिला है उसे प्राप्त करने के लिये वैज्ञानिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। पुलिस के अनुसार यूपी और महाराष्ट्र पुलिस से बचकर 10 दिन तक फरारी काटने के दौरान सबूत मिटाता रहा। मोबाइल और लैपटॉप का डेटा डिलीट कर दिया। गाजियाबाद पुलिस ने कुछ गैजेट्स एक्सपर्ट की मदद से मोबाइल का कुछ डेटा रिकवर किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया, बद्दो के मोबाइल की मेल आईडी का ट्रेस डेटा रिकवर हुआ है। इसमें एक ईमेल मिली है जो पाकिस्तान बेस्ड है।

पुलिस को पाकिस्तान बेस्ड कुछ नंबर भी मोबाइल से मिले हैं। पुलिस का कहना है कि मोबाइल और लैपटॉप को अब फ ोरेंसिक लैब निवाड़ी में भेजा जाएगा। वहीं से डेटा रिकवर होने पर उसका एनालिसिस होगा, तब जाकर ही पुलिस को अहम साक्ष्य हासिल हो पाएंगे।

खान शहनवाज उर्फ बद्दो को मंगलवार सुबह महाराष्ट्र से फ्लाइट से गाजियाबाद लाया गया। यहां पर पुलिस ने उससे कई घंटे पूछताछ की। इस दौरान बद्दो ने सिर्फ इतना बताया है कि पाकिस्तान बेस्ड ईमेल आईडी गेम खेलने के लिए थी। बाकी पाकिस्तान से उसका कोई कनेक्शन नहीं है। इस्लामिक स्कॉलर्स के वीडियो भेजने के सवाल पर बद्दो ने कहा कि वो सिर्फ वीडियो भेजता था, किसी का धर्मांतरण नहीं किया।

फिलहाल पुलिस की पूछताछ में बद्दो ने सभी आरोपों को सिरे से नकार दिया। कोर्ट ने उसको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि अब बद्दो के गैजेट्स की फ ोरेंसिक जांच रिपोर्ट आने का इंतजार है।

रिपोर्ट मिलने के बाद बद्दो को सामने बैठाकर काउंटर प्रश्न पूछे जाएंगे। संभवत इसीलिए अभी तक कोर्ट से बद्दो का पुलिस कस्टडी रिमांड नहीं मांगा गया है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सामान्य तौर पर फॉरेंसिक लैब से कोई भी रिपोर्ट आने में महीनों लग जाते हैं, इसलिए लैब के अधिकारी को पत्र लिखकर ये रिपोर्ट जल्द दिलाने के लिए कहा गया है।

# चलती बस में युवक के सीने में उठा दर्द, हार्ट अटैक से मौत

- नोएडा से मध्य प्रदेश जा रहा था युवक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में मंगलवार रात प्राइवेट बस में युवक को हार्ट अटैक आ जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ये बस मध्य प्रदेश जा रही थी। युवक की जब हालत बिगड़ी तो लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की और पुलिस को सूचना देकर पास के अस्पताल पहुंचाया। लेकिन तब तक युवक ने दम तोड़ दिया था।

बीटा 2 थाना क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर एक प्राइवेट बस जो कि नोएडा से मध्य प्रदेश के लिए जा रही थी। उस बस में काफी सवारी सवार थी। इसी बस में मध्य प्रदेश के जिला दमोह का रहने वाला मनीष 32 भी बैठा था। वह नोएडा से मध्य प्रदेश के लिए जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, ये बस जैसे ही यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो पॉइंट पर पहुंची, अचानक से मनीष चिल्लाने लगा और उसके बहुत तेजी से दर्द होने लगा। इसके बाद आसपास मौजूद लोग उसकी मदद करने में जुट गए। चालक ने गाड़ी को साइड में लगा दिया।

इसकी सूचना पुलिस और एंबुलेंस सर्विस को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची और एंबुलेंस ने युवक को पास के ही यथार्थ अस्पताल में पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान डॉक्टरों ने बताया कि उसे अटैक आया था और हार्ट अटैक की वजह से ही उसकी मौत हुई है। साथ ही बस में मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि उसके सीने में अचानक से दर्द हुआ था। कुछ देर कराहने के बाद वह बेहोश हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी भी तरह का चोट का कोई निशान नहीं है। डॉक्टरों द्वारा हार्ट अटैक से युवक की मौत बताई गई है।

# मोबाइल कैमरा बनाने वाली कंपनी का खुला ओवन, दो कर्मचारी गंभीर रूप से झुलसे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



मोबाइल फोन के कैमरे बनाने वाली कंपनी में बुधवार सुबह हादसा हो गया। हादसे में कंपनी में काम करने वाले दो टेक्नीशियन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल और फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनका इलाज किया जा रहा है। ये हादसा सुबह करीब आठ बजे हुआ।

ग्रेटरनोएडा के थाना इकोटेक प्रथम में क्यू टेक कंपनी है। ये एक चाइनीज़ कंपनी है। जिसमें सभी तरह के मोबाइल के कैमरे बनाए जाते है। यहां ओवन में कैमरों की फिटिंग का काम होता है। ओवन में तकनीकी खराबी आ गई थी। इसी के पास कंपनी के दो टेक्नीशियन जाहिद अली निवासी गोरखपुर और हरीश कुमार निवासी राय बरेली काम कर रहे थे। अचानक ओवन खुल गया। जिससे आग लग गई। दोनों आग की चपेट में आ गए। दोनों को गंभीर चोट आई है। कंपनी प्रबंधन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची फायर सर्विस ने ओवन की जांच पड़ताल की। पुलिस ने प्रबंधकों से बातचीत की। इस हादसे बाद से कंपनी कर्मचारियों में आक्रोश था। हालांकि पुलिस के समझाने के बाद लोग शांत है। वहीं घटना स्थल को सील कर दिया गया है।

# झुग्गियां हटाने गई प्राधिकरण की टीम पर पथराव

- कई कर्मचारियों को लगी चोट, मौके पर पुलिस बल तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा में एमपी-3 रोड पर केंद्रीय विहार कट के पास प्राधिकरण की टीम पर अतिक्रमण कर्ता ने हमला कर दिया। अतिक्रमण कर्ता ने प्राधिकरण की टीम पर पत्थर चला दिए। जिसके बाद अतिक्रमण हटा रही टीम को वापस लौटना पड़ा।

इस दौरान प्राधिकरण की टीम के कुछ लोगों को चोट लगी है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। अतिक्रमण कर्ता से बातचीत की जा रही है। दरअसल, सीईओ के सख्त निर्देश है कि शहर में अतिक्रमण को हटाया जाए। इस क्रम में प्राधिकरण सर्किल.3 की टीम केंद्रीय विहार कट और सेक्टर से जुड़ी सड़क पर पहुंची। यहां करीब आधा दर्जन अवैध रूप से सड़क किनारे झुग्गी झोपड़ी बनी हुई थी। प्राधिकरण ने झुग्गी झोपड़ी से सामान हटाने के लिए समय दिया। इसके बाद भी अतिक्रमण कर्ताओं ने समाना नहीं हटाया। कुछ झुग्गी खाली कर दी गई। इसके बाद प्राधिकरण के बुलडोजर ने अवैध झुग्गी हटाई गई। इन झुग्गी में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले और अन्य सामान बेचने वाले लोग रहते थे। अतिक्रमण हटाने के दौरान पहले अतिक्रमण कर्ता से बहस हुई। इसके बाद मार पीट की नौबत आ गई। अतिक्रमण कर्ताओं ने यहां जमकर हंगामा मचाया। पत्थर बाजी की गई। इस दौरान प्राधिकरण के जेई समेत अन्य कर्मचारियों को चोट लगी।

इसके बाद प्राधिकरण की टीम वापस लौट आई। बताया गया कि बुलडोजर में भी तोड़फोड़ की गई। सूचना मिलने पर भारी भरकम पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची है। पुलिस के आला अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकरण ने अतिक्रमण हटाने की कोई जानकारी उनको नहीं दी थी। वो सिर्फ प्राधिकरण की पुलिस के साथ ही गए थे। वहीं प्राधिकरण के ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस को जानकारी दी गई थी।

## संक्षिप्त समाचार



विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर यशोदा अस्पताल में लगाया गया शिविर।

### यशोदा अस्पताल में 50 युवाओं ने किया महादान

**गाजियाबाद।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर यशोदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, कौशाम्बी गाजियाबाद में एक ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया, जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और करीब 50 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में युवा काफी संख्या में आगे बढ़कर आए और कुछ डोनर तो ऐसे थे जिन्होने 12वीं से 15वीं बार भी रक्तदान किया। अस्पताल के सीएमडी डॉक्टर पी एन अरोड़ा ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। ब्लड बैंक के संचालन में प्रमुख भूमिका ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर सचिन रस्तोगी एवं कैलाश पप्नोइ ने की।

### बोर्ड परीक्षा के टॉपर छात्रों को किया गया सम्मानित

**गाजियाबाद।** बोर्ड परीक्षाओं में टॉप करने वाले छात्रों के सम्मान में जिला मुख्यालय सभागार में समारोह का आयोजन किया गया। पूरे प्रदेश में बोर्ड परीक्षा के टॉपर छात्रों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें लखनऊ से कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने किया। सीएम के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी जिला मुख्यालय में किया गया। जिला स्तर पर शहर विधायक अतुल गर्ग ने यूपी बोर्ड के कक्षा हाईस्कूल व इंटर के मेधावी छात्रों को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में हाईस्कूल की आराध्या अग्रवाल, रिषभ मिश्रा, जयोति मिश्रा, अनिल कुमार, बलजीत सिंह, राजू कुमार, बबलू भडाना, नरेश कुमार व इंटर के छात्र अमन सैफी, प्रशांत, रिहान, प्रिया दीक्षित, छवि, निधि, दिव्या, शरद कुमार, सचिन यादव, आर्यन कुमार को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीआईओएस राजेश श्रीवास आदि मौजूद रहे।

### सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पोषण सम्मेलन में विशेषज्ञ

**नोएडा।** सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पोषण सम्मेलन के दूसरे संस्करण में 10 देशों के करीब 300 से अधिक विशेषज्ञ शामिल होंगे। राजधानी के फिक्की सभागार में 22-23 सितंबर को आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन मातृ-शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली प्रमुख संस्था सुकार्य के संयोजन में होगा। इस सम्मेलन में सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठनों, चिकित्सकों, विशेषज्ञों, अनुसंधानकर्ताओं और समाज-सेवी दानदाताओं के वैश्विक समुदाय हिस्सा लेंगे। जो भारत में महिलाओं और बच्चों में अनीमिया और कुपोषण के मामलों में कमी लाने में मददगार साबित हो सकते हैं। सुकार्य की संस्थापक एवं अध्यक्ष, मीरा सतपथी इस पर जानकारी दी।

### कैंसर से जुझ रहे बुजुर्ग की रोबोट-एसिस्टेड सर्जरी



**नोएडा।** फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा के डॉक्टरों ने नोएडा में पहली बार रोबोट की मदद से सर्जरी को सफ लतापूर्वक अंजाम दिया। दाएं गुर्दे के कैंसर से जूझ रहे 60.वर्षीय मरीज़ पर दा-विंची-ची.रोबोट-एडेड सर्जरी को डॉ दुष्यंत नाडर, डायरेक्टर, यूरोलॉजी एंड रीनल ट्रांसप्लांट, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा के नेतृत्व में डॉ पीयूष वार्ष्णेय, प्रिंसीपल कंसल्टैंट, यूरोलॉजी एंड रीनल ट्रांसप्लांट, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा तथा डॉ अनुतम राय, एडिशनल डायरेक्टर, एनेस्थीसिया, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा की टीम ने करीब 4 घंटे में पूरा किया।

# चौंका रही है महापौर की हर रोज बदलती रणनीति

- सुनीता दयाल ने अपने आवास पर सुनीं लोगों की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



महापौर सुनीता दयाल की रणनीति को निगम के अधिकारी और कर्मचारी समझने में पसीना बहा रहे हैं। वह समझ नहीं पा रहे हैं कि महापौर की रणनीति क्या है। हर रोज महापौर की जो रणनीति सामने आती है अधिकारी और निगम कर्मचारी उसे देखकर और भ्रमित हो जाते हैं।

बुधवार को मेयर सुनीता दयाल ने अपने आवास पर लोगों की समस्या सुनीं। दरअसल सबसे पहले महापौर ने कहा था कि संभव दिवस में वह स्वयं भी बैठेंगी। ऐसे में संभव दिवस में नगर निगम के तमाम अधिकारियों ने बैठना शुरू कर दिया। ठीक दस बजे से लेकर दो बजे तक अधिकारी संभव दिवस में बैठते हैं।

नगर आयुक्त अगर किसी प्रशासनिक कार्य से शहर से बाहर नहीं हैं तो वह भी संभव दिवस में पूरा टाइम देते है। मगर महापौर एक भी संभव दिवस में अभी तक नहीं बैठीं। बाद में अधिकारियों को पता चला कि महापौर ने जन समस्याओं को सुनने के लिए अपने घर पर ही दरबार लगा लिया। यानि एक ही दिन में समस्याओं के सुनने के लिए नगर निगम का अलग और महापौर का अलग कार्यक्रम चला। इसके पीछे क्या मंशा है यह तो समझ से परे है। मगर महापौर की रणनीति को लेकर निगम के कई अधिकारी चकरा गए। हालांकि अधिकारी इस मामले में खुलकर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। दरअसल महापौर सुनीता दयाल के घर पर अभी तक नगर निगम से क्लर्क स्टाफ भी तैनात नहीं कराया है। ऐसा भी पहली बार हुआ है। ऐसे में महापौर की रणनीति को नगर निगम के अधिकारी समझ नहीं पा रहे हैं।

# रामदेव की पतंजलि योगपीठ से इलाज के नाम पर लाखों की ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पतंजलि योगपीठ में इलाज के नाम पर ठगने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना फेस 1 में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर 15 में रहने वाले रविंद्र कुमार त्रेहन ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी व पुत्र की चिकित्सा के लिए गूगल पर पतंजलि योग आश्रम हरिद्वार की वेबसाइट को सर्च किया। वेबसाइट पर दिए गए नंबर पर उनकी एक व्यक्ति से बात हुई तो उन्हें बताया गया कि 3 लोगों की चिकित्सा के लिए 6630 जमा कराने होंगे, जिसमें रहना, खाना, डॉक्टर की कंसल्टेशन व दवा सम्मलित है। उन्होंने 66300 रुपये पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट में एक जून को जमा करा दिए। 6 जून को उनके पास फोन आया कि टेस्ट और इलाज के लिए उन्हें 62127 और जमा कराने होंगे। उन्होंने इस धनराशि को भी बताए गए अकाउंट में जमा करवा दिया। रविंद्र कुमार त्रेहन ने बताया कि उनसे इलाज के नाम पर 128457 धोखे से लिए गए हैं। उक्त व्यक्ति उनके पैसे नही लौटा रहा है।

### धमकी से आहत होकर युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर-8 मे रहने वाले युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले में उसके पिता ने एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। उनका आरोप है कि उसके उत्पीड़न के चलते उनके बेटे ने आत्महत्या की है।

थाना फेस-वन के प्रभारी निरीक्षक ध्रूव भूषण दुबे ने बताया कि सेक्टर-9 में रहने वाले रोहित पुत्र सुरेश ने 25 मई को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने बताया कि उसके पिता ने थाना फेस-1 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हिमांशु के उत्पीड़न के चलते उसके बेटे ने आत्महत्या की है।

# डर दिखाकर महिला से तीन लाख के गहने ठगे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

राकेश मार्ग पर दो बदमाशों ने महिला को परिवार बर्बाद होने का डर दिखाया और मां वैष्णो देवी के साक्षात दर्शन कराने के नाम पर तीन लाख के गहने लेकर फरार हो गए।

अमरीश बंसल ने बताया कि 13 जून को पत्नी लता राकेश मार्ग के वैष्णो देवी मंदिर गई थीं। दर्शन कर लौटते समय पुजारी के वेश में एक व्यक्ति ने उन्हें रोका और कहा कि तुम्हारे पति व बेटे पर संकट है। अगले तीन दिन में तुम्हारा परिवार बर्बाद हो जाएगा। इसी बीच एक और व्यक्ति आया और कहा कि ये प्रकांड विद्वान हैं। इन्होंने मेरी मां की जान भी बचाई है। इतना कहकर वह उक्त व्यक्ति को बैग देकर मंदिर में चला गया। इसी बीच मंदिर गया व्यक्ति लौटा और कहा कि बहनजी मुझे तो मां ने दर्शन दे दिए। आप भी अपने कंगन, कुंडल और अंगूठी निकालकर बैग में रख लो और बैग पंडित जी को दे दो। महिला के मुताबिक, उन्होंने गहने उतरवाने को लेकर कोई वजह नहीं बताई, लेकिन वह जालसाजों के कहने में आ गईं।

### गुलेल से कार का शीशा तोड़कर करता था चोरी

**नोएडा।** गुलेल के छर्रे से कार का शीशा तोड़कर सामान चोरी करने वाले एक आरोपी को कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस ने सेक्टर-45 से गिरफ्तार किया है।

इसकी पहचान इत्मियाद उर्फ अरमान आलम के रूप में हुई है। इस पर नोएडा, फरीदाबाद और दिल्ली मिलाकर 66 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। इसका एक साथी हरवंश उर्फ अनिल भाटी फरार है।

इत्मियाद के बैंक में जमा एक लाख रुपए फ्रीज कराए गए। इसके पास से 3 लैपटॉप, 02 बैग खाली, 01 कैमरा डिवाइस एक टीवीएस एनटोर्क बरामद की गई है।



चोरी के सामान के साथ आरोपी।

# ग्रेटर नोएडा में पुराने शौचालयों की मरम्मत का काम शुरू

- प्राधिकरण की सीईओ ने की स्वास्थ्य परियोजनाओं की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पुराने शौचालयों के मरम्मतीकरण के कार्य शुरू करा दिए हैं। पहले चरण में नौ शौचालय दुरुस्त किये जा रहे हैं। 16 नए शौचालयों का बीओटी के आधार पर जल्द निर्माण कराने की योजना है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ बनाने के लिए एक साथ कई परियोजनाओं को अमली-जामा पहनाने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में सीईओ के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा के सार्वजनिक जगहों पर शौचालयों का निर्माण और पुराने शौचालयों का मरम्मतीकरण किया जा रहा है। सीईओ ने जनस्वास्थ्य विभाग की तरफसे किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कीए जिसमें जनस्वास्थ्य विभाग की तरफसे जानकारी दी गई कि पुराने शौचालयों को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। पहले चरण में नौ शौचालय दुरुस्त किये जा रहे हैं। इसके साथ ही 16 नए शौचालयों का बीओटी बिल्ट-ऑपरेट-ट्रांसफ र के आधार पर निर्माण होना है। सीईओ ने इन शौचालयों का टेंडर शीघ्र अवार्ड कर कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले 30 शौचालयों का बीओटी के आधार पर निर्माण कराया जा चुका है। ग्रेटर नोएडा में निर्माण कार्यों के मलवे को प्रोसेस करने के लिए ईकोटेक थ्री में सीएंडडी वेस्ट प्लांट को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह नॉलेज पार्क थ्री में एमआरएफ सेंटर को भी शीघ्र शुरू कराने को कहा है। स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को जल्द ही वॉकी-टॉकी मुहैया कराया जाएगा।

सेनेटरी इंस्पेक्टर व सुपरवाइजरों के साथ ही इस विभाग से जुड़े अधिकारियों के पास भी वॉकी.टॉकी रहेगा, जिससे आपसी तालमेल बढेगा और वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश देने में भी आसानी होगी। ग्रेटर नोएडा में ई-वेस्ट को कलेक्ट एंड ट्रांसपोर्ट करने के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया भी चल रही है। यह एजेंसी मोबाइल, लैपटॉप व अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स के वेस्ट को कलेक्ट करेगी। इस कदम से ई-वेस्ट से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को बचाया जा सकेगा। सीईओ ने समीक्षा बैठक में कार्बन क्रेडिट के लिए भी एजेंसी का चयन शीघ्र करने के निर्देश दिए। कार्बन क्रेडिट परियोजना के अंतर्गत कार्बन उत्सर्जित करने वाली परियोजनाओं से कार्बन उत्सर्जन कम करके क्रेडिट प्राप्त किया जाएगा, जिसे कैश कराया जा सकेगा।

अस्तौली में लैंडफिल साइट पर विकास कार्यों रोड, सीवर, पानी, बिजली आदि को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन और मैकेनिकल स्वीपिंग कार्यों के टेंडर को शीघ्र अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। इस बैठक में प्राधिकरण की एसीईओ अमनदीप डुली, वरिष्ठ प्रबंधक उत्सव निरंजन, सहायक प्रबंधक मनोज कुमार चौधरी व ईएंडवाई के प्रतिनिधि शामिल रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# डीयू में दाखिले की प्रक्रिया शुरू, पोर्टल जारी

## पहले चरण में इच्छुक उम्मीदवारों को अपना व्यक्तिगत विवरण और बारहवीं के शैक्षणिक अंक भरने होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए अपनी दाखिला नीति जारी कर दी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो योगेश सिंह द्वारा एडमिशन पोर्टल लांच करने के साथ ही डीयू में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) के स्नातक के दाखिलों, एनसीडबल्यूईबी और कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) 2023 का पोर्टल भी लॉंच किया। प्रो. सिंह ने बताया कि इस वर्ष से डीयू में बीटेक के तीन नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं जिनमें दाखिला लेने वाले 360 छात्रों से प्रत्येक को लैपटॉप की खरीद पर विवि की ओर से 50 हजार रुपये तक की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

योगेश सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय अपने 68 कॉलेजों के माध्यम से 78 स्नातक और 198 बीए प्रोग्रामों चलाता है। इनके लिए कॉलेजों में करीब 71,000 सीटों की पेशकश की गई है। लगभग 1550 अनूठे प्रोग्राम, कॉलेज संयोजन पेश किए जाते हैं। इन सभी प्रोग्रामों और कॉलेजों में प्रवेश कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट 6-सीयूईटी (यूजी) 20238 से प्राप्त मेरिट स्कोर के आधार पर होता है। विश्वविद्यालय ने 13 फरवरी, 2023 को अंग्रेजी और हिंदी में अपने बुलेटिन के माध्यम से विभिन्न प्रोग्रामों के लिए पात्रता मानदंड और विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के सभी प्रोग्रामों की विस्तृत सीट मैट्रिक्स डॉक्यूमेंट की घोषणा की थी। विश्वविद्यालय ने अब अपना कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम 6सीएसएएस (यूजी) -20238 लॉन्च किया है, जो दाखिले के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताता है।



एडमिशन पोर्टल लांच के मौके पर पत्रकारों के सवालों को जवाब देते डीयू के कुलपति योगेश सिंह। फोटो: रंजन डिमरी

सीएसएएस (यूजी) पंजीकरण को दो चरणों में बांटा गया है। 14 जून, 2023 से शुरू किया गया पहला चरण, एक सरल पंजीकरण प्रक्रिया है, जिसमें एक कॉलेज में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवारों को अपना व्यक्तिगत विवरण और बारहवीं कक्षा में प्राप्त शैक्षणिक अंक भरने होंगे। सीयूईटी (यूजी)-2023 सीएसएएस (यूजी)-2023 में आवेदन करने के लिए एप्लिकेशन नंबर अनिवार्य होगा। उम्मीदवार का नाम, हस्ताक्षर और फोटो सीयूईटी (यूजी)-2023 पोर्टल से स्वत: एकीकृत हो जाएगा।

इन क्षेत्रों में कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा। यहां पर उम्मीदवार की एक सक्रिय ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर दर्ज करने का प्रावधान भी होगा। डीयू द्वारा सभी संचार केवल सीएसएएस-2022 आवेदन पत्र में प्रस्तुत की गई ईमेल आईडी पर ही किए जाएंगे। इसके बाद उम्मीदवार को अपने व्यक्तिगत विवरण जैसे माता-पिता का नाम, श्रेणी, उपश्रेणी, जाति, सुपरन्यूमैरेरी कोटा, लिंग, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और बैंक खाता विवरण भरना होगा। उम्मीदवारों को इन विवरणों को भरते समय अत्यंत सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि फॉर्म जमा होने के बाद वे इन विवरणों को नहीं बदल सकेंगे।

शैक्षणिक अनुभाग में उम्मीदवारों को अपने बारहवीं कक्षा में प्राप्त अंकों का विवरण भरना होगा। सीबीएसई से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के लिए मार्कशीट उनके डिजीलॉकर के माध्यम से ऑटो-इंटीग्रेटेड हो जाएगी। इसके बाद उम्मीदवार अधिसंख्य (सुपरन्यूमैरेरी) श्रेणी, यदि कोई हो, का विकल्प चुनेंगे और अंत में पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने के लिए आगे बढ़ेंगे। पंजीकरण शुल्क यूआर, ओबीसी-एनसीएल और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए 250 रुपये है, जबकि एससी, एसटी और पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए यह 100 रुपये है। इस तरह से सीएसएएस (यूजी) का पहला चरण पूरा हो जाएगा।

सीएसएएस (यूजी) प्रक्रिया का दूसरा चरण सीयूईटी (यूजी) के परिणामों की घोषणा के साथ शुरू होगा। दूसरे चरण में भाग लेने के लिए, उम्मीदवारों को अपने सीएसएएस डैशबोर्ड में लॉग इन करना होगा और वरीयता-भर कर इसे पूरा करना होगा। दूसरे चरण में, उम्मीदवारों को बारहवीं कक्षा में उनके द्वारा अध्ययन किए गए विषयों को उन विषयों से जोड़ना होगा जिनमें वे सीयूईटी (यूजी) में शामिल हुए हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय केवल उन सीयूईटी भाषा/डोमेन पेपरों पर विचार करेगा जो उम्मीदवार द्वारा उसकी कक्षा बारहवीं में अध्ययन किए गए विषय के समान होंगे।

### इकौलती बेटी को बीटेक में मिलेगी वरीयता

**नई दिल्ली।** कुलपति योगेश सिंह ने बुधवार को कहा कि इस साल से विश्वविद्यालय में शुरू किए जा रहे बीटेक के तीन नए पाठ्यक्रमों में एक-एक सीट उन लड़कियों को आवंटित की जाएगी जो अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं। कुलपति ने कहा कि जिन उम्मीदवारों के माता-पिता की आय चार लाख रुपए या उससे कम है, उन्हें प्रवेश के समय 90 प्रतिशत फीस माफी दी जाएगी। जिन उम्मीदवारों के माता-पिता की आय चार लाख रुपए से अधिक और आठ लाख रुपए से कम है, उन्हें दाखिले के समय फीस में 50 प्रतिशत की माफी मिलेगी।

### शैक्षणिक सत्र शुरू होगा 16 अगस्त से



**कुलपति ने बताया कि डीयू का नया शैक्षणिक सत्र 16 अगस्त से शुरू हो जाएगा। इस शैक्षणिक सत्र से पांच वर्षीय एलएलबी व आईटीईपी नामक नए प्रोग्राम भी शुरू किए जा रहे हैं। एक सवाल के जवाब में कुलपति ने बताया कि डीयू के वल्लभ भाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट को सम्पूर्ण मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जा रहा है।**

# डीडीए आवास योजना में 30 से ऑनलाइन बुक कर सकेंगे अपने सपनों का आशियाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- एलजी की अध्यक्षता में योजना को मंजूरी



अपना आशियाना मिलने की उम्मीद लगाये बैठे लोगों के लिए अच्छी खबर है। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने पहले आओ पहले पाओ (एफसीएफएस) के आधार पर शुरु होने वाली हाउसिंग स्कीम के चौथे चरण को मंजूरी दे दी है। यह स्कीम 30 जून से शुरु होगी और आवेदक इसके लिए ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में मुखर्जी नगर स्थित सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के निवासियों को बड़ी राहत दी है। डीडीए ने यहां के निवासियों को अपने फ्लैट डीडीए को सौंपकर वापस पूरा पैसे लेन या इसी जगह पहले जैसे नये फ्लैट देने का विकल्प दिया है। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने कालकाजी और जेलोरवाला बाग में निर्मित फ्लैटों में पात्रता के अनुसार आसपास के झुग्गी झोपड़ी कलस्टर को फ्लैट आवंटित करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी है, जिससे अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और आरामदायक वातावरण में अधिक झुग्गीवासियों का पुनर्वास किया जा सके। इस संबंध में डीडीए अधिकारियों ने बताया कि बोर्ड बैठक में डीडीए ने हाउसिंग स्कीम स्कीम के चौथे चरण को अनुमति दे दी है। इसमें टोकन बुकिंग राशि का भुगतान करके अपनी पसंद के इलाके और अपनी पसंद के फ्लोर पर फ्लैट की बुकिंग की जा सकती है। इसके अलावा इन फ्लैटों की बुकिंग के लिए दिल्ली में किसी भी प्लॉट या मकान का स्वामी होने की भी कोई शर्त नहीं रखी गई है। बोर्ड मीटिंग में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत आवास प्रदान करने के लिए नवजीवन कैंप, गोविंदपुरी, कालकाजी के 1500 परिवारों की पात्रता निर्धारण के लिए अनुमोदन दिया गया। पॉकेट ए-14 कालकाजी एक्सटेंशन में शेष 1162 अनाबंटित फ्लैटों के आबंटन के लिए, पात्रता निर्धारण के लिए नवजीवन कैंप, गोविंदपुरी, कालकाजी के लगभग 1500 परिवारों की पहचान की जाएगी। प्राधिकरण ने गोल्डन पार्क, रामपुरा और माता जय कौर पब्लिक स्कूल के सामने -2 जेजे क्लस्टरों के पात्र परिवारों को फ्लैटों के आबंटन के लिए अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

# अध्यादेश मुद्दे पर डी राजा से मिले केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अधिकारियों के तबादले और पदस्थापना से जुड़े केंद्र के अध्यादेश के मुद्दे पर बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के महासचिव डी राजा से मुलाकात कर उनका समर्थन मांगा। इस मौके पर केजरीवाल ने कहा कि 23 जून को पटना में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में जिन प्रमुख मुददों पर चर्चा होगी उनमें अध्यादेश का यह विषय भी शामिल होगा। राजा ने अध्यादेश के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के प्रति अपना समर्थन जताया और कहा, यह मामला सिर्फ दिल्ली से जुड़ा नहीं है, ऐसा किसी भी अन्य राज्य सरकार के साथ हो सकता है।



डी राजा को फूलों को गुलदस्ता भेंट करते मुख्यमंत्री केजरीवाल

# मुनक नहर के सीएलसी में दरार, जलापूर्ति प्रभावित

- 48 घंटे में मरम्मत का कार्य पूरा होने का अनुमान, जल्द सामान्य होगी जलापूर्ति : भारती



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुनक नहर का कैरियर लाइन्ड चैनल हरियाणा के सोनीपत में स्थित बडवासनी गांव के निकट दरारें पड़ने से इसका एक भाग क्षतिग्रस्त हो गया है। सीएलसी के क्षतिग्रस्त होने से हरियाणा से इसके माध्यम से की जाने वाली कच्चे पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। कैरियर लाइन्ड चैनल से दिल्ली को 750 क्यूसेक कच्चे पानी की आपूर्ति होती है लेकिन नहर के क्षतिग्रस्त होने से यह आपूर्ति घटकर 670 क्यूसेक हो गई है।

इसका प्रभाव दिल्ली के हैदरपुर-1, हैदरपुर-2, बवाना, नांगलोई और द्वारका जल शोधन संयंत्रों के उत्पादन पर पड़ सकता था लेकिन दिल्ली जल बोर्ड द्वारा डीजेबी उपाध्यक्ष के निर्देश पर इस मामले में तत्काल कदम उठाते हुए वैकल्पिक प्रबंध किए गए है। डीजेबी की त्वरित कार्रवाई से क्षतिग्रस्त कैरियर लाइन्ड चैनल के प्रभाव को सिर्फ हैदरपुर जल शोधन संयंत्र तक ही सीमित कर दिया गया है। हैदरपुर जल शोधन संयंत्र की क्षमता प्रभावित होने से दिल्ली के कई क्षेत्रों जैसे सेंट्रल, दक्षिण, नई दिल्ली, राष्ट्रपति भवन, सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट, विभिन्न देशों के दूतावास, अन्य महत्वपूर्ण भवन, उत्तरी और पश्चिमी दिल्ली के हिस्सों में जलापूर्ति प्रभावित होने की संभावना है। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष भारती ने बताया कि कैरियर लाइन्ड चैनल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना पाकर दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम तत्काल मौके पर रवाना किया गया है।

दिल्ली जल बोर्ड की टीम हरियाणा सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर नहर की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। अनुमान है कि 48 घंटे में मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया जाएगा और जलापूर्ति जल्द ही सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएगी। दिल्ली जल बोर्ड ने इस विषय में हरियाणा सिंचाई विभाग को पत्र लिखकर कहा है कि इस स्थिति को राजधानी के व्यापक जनहित को देखते हुए आपातकालीन स्थिति की तरह लिया जाएं।

# जल संकट का समाधान दो-तीन साल में हो जाएगा : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कहा- सरकार जलापूर्ति क्षमता बढ़ाकर 130 करोड़ गैलन करने को कदम उठाएगी

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि अगले दो-तीन साल में दिल्ली में जल संकट का समाधान हो जाएगा और सरकार जलापूर्ति क्षमता बढ़ाकर 130 करोड़ गैलन प्रतिदिन करने के लिए कदम उठाएगी।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की जल आपूर्ति क्षमता 2015 में 85 करोड़ गैलन से बढ़कर अब 1,00 करोड़ गैलन हो गई है और उन्होंने इसे दो से तीन वर्षों के भीतर 1,20-1,30 करोड़ गैलन की सीमा तक बढ़ाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। एक बार यह लक्ष्य हासिल हो जाने के बाद दिल्लीवासियों को पानी की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसे पूरा करने के लिए, सरकार उच्च जल-स्तर वाले क्षेत्रों में नलकूप स्थापित करने की योजना बना रही है।

# नजफगढ़ ड्रेन में नाव चलाने का रास्ता साफ

- नौसेना ने उपराज्यपाल को सौंपी पहली नौका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल के नजफगढ़ ड्रेन में नाव चलाने की मुहिम रंग लाती दिख रही है। राजनिवास के साथ लंबे समय से चल रही खींचतान के बीच दिल्ली सरकार ने एलजी को नाव खरीदने को बजट देने से ही इनकार कर दिया था।

ऐसे में समस्या के समाधान के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने नौसेना से संपर्क कर नाव मुहैया कराने की मांग की तो नौसेना में गत दिनों एक नाव उपराज्यपाल को सौंप दी है जो इन दिनों सिग्नेचर ब्रिज के पास यमुना नदी में खड़ी है।

इस बीच अफवाह फैलाई गई कि नाव यमुना नदी में फंस गई है। इस पर उपराज्यपाल कार्यालय ने सफाई दी है कि नाव फंसी नहीं है। वह जिस ट्रक से लाई गई थी। वह ट्रक सिग्नेचर ब्रिज के पास तक ही जा सकती थी। नाव को नदी में परिवहन, मनोरंजन और पर्यटन की अंतर्देशीय जलमार्ग की संभावना तलाशने के लिए लाया गया है। उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार भारतीय नौसेना की यह नाव 11 मीटर लंबी है।

यह 25 मई को देहरादून से चलकर 3 जून को दिल्ली दिल्ली पहुंची। इस नाव को चलाने के लिए 1.7 मीटर न्यूनतम गहराई आवश्यक है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पिछले करीब छह महीने से नजफगढ़ ड्रेन को उसके मूल स्वरूप यानी साहिबी नदी में लौटाने की कोशिश कर रहे है। तिमारपुर से नजफगढ़ के बीच 18 किलोमीटर का हिस्सा साफ किया जा चुका है जबकि जून तक 40 किलोमीटर तक की सफाई पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। सफाई कराने के साथ साथ एलजी का सपना इस ड्रेन को राजधानी का नया परिवहन मार्ग बनाने और यहां नाव चलाने का भी है। शुरुआत में नाव माल ढोएंगी जबकि बाद में सवारियों को भी लाने लेजाने के लिए किया जाएगा।

हालांकि एलजी की कोशिश इस अति महत्वाकांक्षी योजना को गणतंत्र दिवस पर ही क्रियान्वित करने की थी। लेकिन आंखों में बसा यह सपना आंखों में ही रह गया। एलजी की इस योजना पर बाढ़ एवं सिंचाई नियंत्रण विभाग के सहयोग से क्रियान्वयन होना है जबकि विभाग दिल्ली सरकार के अधीन है।

### डीएनडी फ्लाई ओवर से यमुना में कूदेकर दी जान

**नई दिल्ली।** डीएनडी फ्लाई ओवर से यमुना नदी में कथित तौर पर छलांग लगाने से 24 वर्ष के एक युवक की बुधवार को मौत हो गई।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) राजेश देव ने बताया कि कॉल मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और फ्लाई ओवर पर एक लावारिस मोटरसाइकिल मिली। कॉल करने वाले की पहचान आरिफ के रूप में हुई है, उसने बताया कि जब वह मछली पकड़ रहा था, तब उसने देखा कि एक व्यक्ति डीएनडी फ्लाई ओवर से नदी में कूद गया। उन्होंने बताया कि शव नदी से बरामद कर लिया गया है और उसकी पहचान हरियाणा के हिसार के रहने वाले बिजली मिस्त्री विजय सिंह के रूप में हुई है।

# दिल्ली दंगा : पुलिस ने अदालत में दाखिल किया 5वां पूरक आरोप पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- शरजील , उमर समेत 20 लोगों पर साजिश रचने का आरोप

उत्तरी-पूर्वी दिल्ली में फरवरी 2020 में हुए साम्प्रदायिक दंगों के पीछे की कथित साजिश से जुड़े यूएपीए के मामले में दिल्ली पुलिस ने पांचवां पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। जिसमें शरजील इमाम, उमर खालिद, खालिद सैफी और आप के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन सहित 20 लोगों के खिलाफ दंगे भड़काने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने नौ जून को पारित आदेश में कहा कि कल पूरक आरोपपत्र भी दाखिल हो गया, सभी आरोपियों/उनके वकीलों को इसकी प्रति उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें ज्ञात हो सके। आरोपियों के खिलाफ आतंकवाद-विरोधी कानून गैरकानूनी गतिविधियां (निषेध) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों समेंत कई मामला दर्ज किया गया है। अपराध शाखा द्वारा दर्ज मामले की जांच दिल्ली पुलिस का विशेष प्रकोष्ठ कर रहा है।

### मेट्रो स्टेशन के पास बस की टक्कर से राहगीर की मौत

**नई दिल्ली।** निवादा मेट्रो स्टेशन के निकट कथित तौर पर एक क्लस्टर बस के टक्कर मारने के बाद अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त एम. हर्षवर्धन ने कहा डीसीपी ने कहा कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पाया कि दुर्घटना के बाद चालक ने बस रोक दी थी और राहगीर घटनास्थल पर जमा हो गए थे, जिन्होंने वाहन की खिड़की के शीशे को क्षतिग्रस्त कर दिया। वर्धन ने कहा कि आरोपी अमित (29) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस, ने कहा कि मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं। मामले की जांच जारी है। इस घटना में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आठ करोड़ के सोने की तस्करी में दो उज्बेक महिलाएं गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- दादी-पोती को सीमा शुल्क अधिकारियों ने आईजीआई पर दबोचा

सीमा शुल्क अधिकारियों ने यहां अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 8.16 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी करने के आरोप में उज्बेकिस्तान की एक दादी-पोती को गिरफ्तार किया है। यह हाल के समय में यहां के हवाई अड्डे पर सोने की बड़ी जब्ती में से एक है। सीमा शुल्क विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अधिकारियों को आरोपी यात्रियों में से एक को गिरफ्तार करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी क्योंकि उसने उन्हें चकमा देने के लिए हवाईअड्डे पर अपने कपड़े बदल लिए थे। आरोपी महिलाओं को मंगलवार को ताशकंद से आने के बाद रोका गया था। अधिकारी ने कहा, यात्रियों में से एक की पहचान खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी और विमान से उतरने के ठीक बाद उसका पीछा किया गया। उक्त यात्री (वृद्ध महिला) को रोक लिया गया था, हालांकि, उसके सामान और उसकी तलाशी से किसी भी वर्जित वस्तु का पता नहीं चला। फिर उसे जाने दिया गया। उन्होंने कहा कि उसी खुफिया जानकारी के आधार पर दूसरी यात्री (वृद्ध महिला की पोती) की पहचान की गई और उसे संदिग्ध तौर पर घूमते हुए पाया गया। अधिकारी ने कहा, उसे निगरानी में रखा गया और जब उसने ग्रीन चैनल को पार करने का प्रयास किया, तो उसे भी रोक लिया गया। उसके सामान और व्यक्तिगत जांच के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। इस दूसरी यात्री को भी बाहर जाने की अनुमति दे दी गई।

# रैपिडएक्स : टीवीएम से टिकट के लिए भी यूपीआई से भुगतान

## एनसीआरटीसी स्टेशनों पर टिकट खरीदने के लिए मिलेंगे कई विकल्प, नहीं लगेंगी लंबी लाइनें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम रैपिडएक्स में यात्रा अनुभव को सुखद और सुगम बनाने के लिए टिकट भुगतान के कई विकल्प मुहैया कराएगा। एनसीआरटीसी के मोबाइल ऐप रैपिडएक्स कनेक्ट के जरिये ई-क्यूआर कोड जनरेट होगा, जोकि ई-टिकट का कार्य करेगा।

ऐप पर यात्री यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग के जरिये भुगतान कर सकेंगे। यह रैपिडएक्स कनेक्ट ऐप गूगल एप स्टोर और एपल स्टोर पर उपलब्ध होगा। इसके अलावा एनसीआरटीसी स्टेशनों पर टिकट वेंडिंग मशीन (टीवीएम) लगाए जा रहे हैं।



टीवीएम से नगद, कार्ड आदि के साथ साथ यूपीआई से भी भुगतान की सुविधा होगी। ऐसी सुविधा पहली बार देश में किसी मास ट्रांजिट सिस्टम में प्रयोग की जाने वाली हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम के अनुसार, आधुनिक युग में भागते-दौड़ते जहां समय भी पैसे जितना ही मूल्यवान है, ये तेज, कैशलेस टिकटिंग विकल्प यात्रियों के लिए एक सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करेंगे। इससे कैश या चेंज लेकर चलने की जरूरत और झंझट भी खत्म हो जाएगी। यूपीआई इनेबल्ड टीवीएम इन्हीं विकल्पों में से एक है।

टीवीएम के माध्यम से यूपीआई आधारित भुगतान की सुविधा का लाभ उठाने के लिए, यात्रियों को स्क्रीन पर दिखाए गए टिकट खरीदें विकल्प पर टैप करना होगा। फिर उन्हें स्टेशनों के चार्ट में से गंतव्य स्टेशन का चयन करना होगा और जितने टिकट खरीदना चाहते हैं, वह संख्या दिए गए स्थान में भरनी होगी। इसके बाद टिकट के भुगतान के लिए यूपीआई सहित भुगतान के सभी विकल्प स्क्रीन पर प्रदर्शित होंगे।

यात्रियों द्वारा यूपीआई से भुगतान करने के विकल्प के चयन के बाद, टीवीएम के पीओएस टर्मिनल पर एक क्यूआर कोड उत्पन्न होगा। यात्री भुगतान करने के लिए किसी भी यूपीआई एप से उस क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं। भुगतान के साथ ही पेपर क्यूआर टिकट टीवीएम से बाहर आ जाएगा। यूपीआई के अलावा, टीवीएम में भुगतान के अन्य तीन विकल्प बैंक नोट, क्रेडिट-डेबिट कार्ड और एनसीएमसी कार्ड वॉलेट हैं। टीवीएम का इंटरफेस टिकट खरीदने के लिए यूज़र-फ्रेंडली होगा और कोई भी यात्री इसे प्रयोग कर सकता है। नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड यानी एनसीएमसी कार्ड यानी को कई विभिन्न परिवहन माध्यमों में यात्रा करने के उद्देश्य से लाया गया है। इस कार्ड को स्टेशन के ग्राहक सेवा केंद्र समेत कई बैंकों से प्राप्त किया जा सकता हैं। ये कार्ड प्रीपेड, डेबिट या क्रेडिट यू रुपे कार्ड के रूप में होंगे, जिन्हें ग्राहक सेवा केंद्र पर रीचार्ज कराया जा सकता है।

### रैपिडएक्स कनेक्ट के जरिए ई-क्यूआर कोड जनरेट होगा

एनसीआरटीसी के मोबाइल ऐप- रैपिडएक्स कनेक्ट के जरिये ई-क्यूआर कोड जनरेट होगा, जोकि ई-टिकट का कार्य करेगा। ऐप पर यात्री यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग के जरिये भुगतान कर सकेंगे। रैपिडएक्स स्टेशन पर प्रवेश और निकास के दौरान एएफसी गेट पर ई-क्यूआर कोड स्कैन करना होगा, जिसके बाद सीधे ट्रेन में सवार हुआ जा सकेगा। अगर यात्री एक ही डेस्टिनेशन स्टेशन से वापस आना चाहते हैं, तो आने और जाने के टिकट के लिये एक ही ई-क्यूआर जनरेट किया जा सकेगा।

दिल्ली नगर निगम

कार्यालय अतिरिक्त उपायुक्त, लाभकारी परियोजना प्रकोष्ठ
(25वां तल), सिविक सेंटर, नई दिल्ली - 110002

मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर दिल्ली नगर निगम की अधिकृत पार्किंग साइट के आबंटन हेतु ई-निविदा

आयुक्त, दिल्ली नगम निगम की ओर से दिल्ली नगम निगम के क्षेत्राधिकार के भीतर तीन वर्षों की अवधि, जिसे फर्म के संतोषजनक कार्यप्रदर्शन और सक्षम प्राधिकरण द्वारा लिए गए निर्णय के अधीन आगे दो और वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है, के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर 64 अधिकृत पार्किंग साइट (06 कलस्टर्स सहित) के आबंटन के लिए निविदा एनआईटी नं. 722 दिनांक 14.06.2023 के माध्यम से योग्य निविदादाताओं से दो निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) में ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की समय-सारणी निम्नानुसार है:- 1. निविदा डाउनलोड प्रारंभ तिथि: 15.06.2023 को प्रात: 9.00 बजे से, 2. निविदा-पूर्व बैठक: 21.06.2023 को अप. 3.00 बजे सम्मेलन कक्ष, 20वां तल, सिविक सेंटर, 3. निविदा जमा प्रारंभ तिथि: 15.06.2023 को प्रात: 9.00 बजे से, 4. ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 06.07.2023 को अप. 3.00 बजे तक, 5. तकनीकी निविदाएं खुलने की तिथि: 07.07.2023 को अप. 3.00 बजे से आर.पी. प्रकोष्ठ/दिल्ली नगम निगम विभाग, 25वां तल, सिविक सेंटर। विस्तृत विवरणों के लिए दिल्ली नगम निगम वेबसाइट www.mcdonline.nic.in/sdmcportal एवं www.etenders.gov.in को देखें। सम्पर्क नम्बर: 011-23227514.

हस्ता./-
सहायक आयुक्त
आर.पी. प्रकोष्ठ/दिल्ली नगर निगम

RO No. 17/DPI/MCD/2023-24

# हरियाणा के साढ़े तीन लाख कर्मियों को देंगे नैतिकता का प्रशिक्षण : मनोहर लाल

## कहा, अपने-पराए के भेद से उठकर समाज की भलाई का कार्य करें लोक सेवक

### सीएम ने अपैरल हाउस में हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान के आयोजित नैतिकता शिविर में कहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि लोक सेवा से जुड़े सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने व पराये के भेद से ऊपर उठकर समाज की भलाई के लिए कार्य करें। प्रदेश के साढ़े तीन लाख अधिकारियों के कर्मचारियों के मन में जनसेवा की भावना विकसित करने के लिए अब सामान्य कार्मिक प्रशिक्षण के साथ नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। यह बात उन्होंने बुधवार को यहां सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) द्वारा आयोजित नैतिकता शिविर में कही।

सीएम मनोहर लाल ने कार्यक्रम में उपस्थित गुरुग्राम जिला के अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी लोकहित में समर्पित होकर लोक सेवक के रूप में करें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़े एक संस्मरण का जिक्र करते हुए बताया कि वर्ष 2013 में प्रधानमंत्री बनने से पूर्व जब उनसे सबसे बड़ी चुनौती का सवाल पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया था। राजनीति और उससे जुड़े लोगों की छवि को बदलने का लक्ष्य लेकर वह चलेंगे। प्रधानमंत्री बनने के उपरांत उन्होंने इस लक्ष्य को प्राप्त करके भी दिखाया। वर्तमान सरकार पर किसी प्रकार का दाग न होना इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है।

उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि हरियाणा में सरकारी अधिकारी व कर्मचारी के आचरण में पवित्रता लाने की दिशा में आज एक बड़े कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि सरकारी सेवा में आने के उपरांत लोक सेवक के मन में यह संस्कार होना चाहिए कि उन्हें समाज की सेवा की जिम्मेदारी मिली है। नैतिकता बताई तो जा सकती है, लेकिन इसे समझाया नहीं जा सकता। यह तो ऐसा भाव है जिसे जीवन में लाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े आठ वर्ष के कार्यकाल में उन्हें इस बात का गर्व है कि समाज की सेवा के माध्यम से प्रदेश को आगे बढ़ाने का कार्य किया। इसी सोच पर आगे बढ़ते हुए छोटी-छोटी बातों का ध्यान कर हम अपने प्रदेश को अच्छा-दिव्य व गौरवशाली बनाने में सक्षम होंगे।

कार्यक्रम को रामकृष्ण मिशन के स्वामी सर्वलोकानंद, मुख्य सचिव संजीव कौशल, हिपा गुरुग्राम की महानिदेशक चंद्रलेखा मुखर्जी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, प्रधान सचिव वी उमाशंकर, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे।



गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में हिपा द्वारा आयोजित नैतिकता शिविर में बोलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### समुद्र का भाव बटोरना, बादल का भाव बांटनाः ज्ञानानंद

**इससे** पहले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने भी नैतिकता के विषय को गीता के विभिन्न श्लोकों व महाभारत से जुड़े प्रसंगों के साथ बड़े ही सहज भाव से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को समझाया। उन्होंने समुद्र और बादल का एक उदाहरण देकर बताया कि समुद्र नदियों का जल बटोर लेता है, लेकिन उसके एक गिलास पानी से इंसान की प्यास नहीं बुझती। वहीं प्रकृति का वरदान बरसात में देने का भाव छिपा है। जिसके चलते बादलों से बरसने वाली हर बूंद मानवता का कल्याण करती है। उन्होंने नैतिकता शिविर के आयोजन को सार्थक बताते हुए हरियाणा सरकार की प्रशंसा की और गीता की उपदेश स्थली हरियाणा को इस तरह प्रेरक कार्यक्रम नई लोकप्रियता दिलाएगा।

## बेटियों का जन्मदिन सामूहिक रूप से मनाया

**सोहना।** महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा गांव-गांव जाकर 'नन्हे कदम, शुभ चिन्ह' कार्यक्रम के तहत मई व जून माह में जन्मी बेटियों का जन्मदिन पास के आंगनबाड़ी केन्द्र पर केक काटकर मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को बेटा व बेटी को एक सामान नजर से देखने के प्रति जागरुक करना है। मंगलवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा खंड के गांव रिठौज व दमदमा में मई व जून माह में जन्मी बेटियों का एक साथ आंगनबाड़ी केन्द्र पर बुलाकर केट काटकर जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं और गांव के गणमान्य लोगों को बुलाया गया। दोनों की गांव में सुपरवाइजर सरोज बाला ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद से बेटियों का सामूहिक रूप से केक काटकर जन्मदिन की शुभकानाएं दी और डांस कराया। सरोज बाला ने ग्रामीणों को बताया कि बेटा व बेटी में किसी प्रकार की भेदभाव नहीं करना चाहिए। बेटियां घरों में काम करने के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में लड़कों को पीछे छोड़ रही है। बेटियां सिविल व देश की तीनों सेनाओं में भर्ती होकर देश सेवा में भी आगे आ रही है। देश की राजनीति में भी महिलाओं को 50 फीसदी की जिम्मेदारी देश की सबसे बड़ी महापंचायत में प्रस्ताव पारित करके सौंपी गई है। गांव दमदमा की सरपंच रजनी ने महिलाओं को बताया कि कुपोषण से बचे और अपने घर में भी बेटी के होने पर थाली बजाकर खुशी मनाते हुए छठी व कुंआ पूजन के सभी कार्यक्रमों को मनाना चाहिए।

# कार्य का एस्टीमेट बनाते समय साइट का निरीक्षण करें अधिकारी : मंत्री बबली

### देवेंद्र सिंह ने कहा, बनाए गए एस्टीमेट की जांच भी करें उच्च अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में विकास एवं पंचायत मंत्री ने की गुरुग्राम व फरीदाबाद मंडल के विभागीय कार्यों की समीक्षा करते पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली व उपस्थित अधिकारी

**हरियाणा** के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि हरियाणा सरकार ग्रामीण आबादी के जीवन में सुधार के लिए पूर्णत प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों की विकास से जुड़ी समस्याओं का प्रमुखता के साथ निवारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि शहरी स्तर की जो भी सुविधाएं हैं वो ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपलब्ध कराई जाए। पंचायत मंत्री बुधवार को गुरुग्राम के डीएलफ फेज-5 स्थित क्लब में गुरुग्राम व फरीदाबाद की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक ले रहे थे।

विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने समीक्षा बैठक में निर्धारित बिन्दुओं की क्रम अनुसार समीक्षा की। गुरुग्राम व फरीदाबाद मंडल में शामिल जिलों गुरुग्राम, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, नूहं, फरीदाबाद व पलवल के विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी ग्रामीण विकास की विभिन्न परियोजनाओं को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूर्ण करवाएं, ताकि ग्रामीण जनता को इन विकास परियोजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण विकास की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। प्रदेश सरकार द्वारा विभाग में जरूरी संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं तथा विकास कार्यो के लिए फंड की कोई कमी नहीं है।

देवेंद्र सिंह बबली ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वे विकास परियोजनाओं का वास्तविक एस्टीमेट तैयार करें। जिला स्तर पर वरिष्ठ अधिकारी इन एस्टीमेट की जांच करें, ताकि संशोधित एस्टीमेट तैयार ना करना पड़े। जिसमें समय नष्ट होता है तथा परियोजनाओं का कार्यदेरी से हो पाता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रतिदिन विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति अपडेट करें। ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के प्राथमिकता के आधार पर एस्टीमेट तैयार किए जाएं तथा मनरेगा के तहत भी ज्यादा से ज्यादा करवाए जाएं।

विकास एवं पंचायत मंत्री ने अधिकारियों को ई-टैंडरिंग के माध्यम से करवाए जा रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव के सरपंच साथ सभी संबंधित अधिकारी तालमेल बढ़ाकर विकास परियोजनाओं को पूर्ण करवाएं। देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि सरकार द्वारा गांवों में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण प्रस्तावित है। अधिकारी सामुदायिक केन्द्रों में एकरूपता के लिए सभी का एक समान डिजाईन तैयार करें। इस समीक्षा बैठक में विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक, निदेशक डीके बेहरा एवं जयकृष्ण अभीर, विभाग के मुख्य अभियंता रूप हुड्डा, अतिरिक्त निदेशक सतेंद्र दुहन, अधीक्षक अभियंता यशवीर पवन आदि उपस्थित रहे।

# आज मिल सकती है अंजू देवी को जमानत विरोधियों को लग सकता है झटका

### नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की हाईकोर्ट में दाखिल जमानत याचिका अपील पर सुनवाई आज

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की राजस्थान हाई कोर्ट में की गई जमानत याचिका की अपील पर गुरुवार को सुनवाई होगी। अंजू देवी को राजस्थान हाई कोर्ट से जमानत मिलने की आशंका जताई जा रही है। वहीं अंजू देवी के विरोधी याचिका खारिज कराने के लिए सबूतों के माध्यम से ऐड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं।

राजस्थान की गुलाबी नगरी जयपुर की जेल हिरासत में नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी द्वारा हाईकोर्ट में की गई जमानत याचिका की अपील पर आज गुरुवार को सुनवाई होगी। उम्मीद की जा रही है कि अंजू देवी को हाईकोर्ट से राहत मिल जाएगी। हाईकोर्ट से अंजू देवी को आज जमानत मिल सकती है। जिसके लिए अंजू देवी ने 31 मई को राजगढ़ की सेंशन कोर्ट याचिका खारिज होने के बाद हाई कोर्ट में अपील की थी।

राजस्थान हाई कोर्ट ने 7 जून को अंजू देवी की अपील पर संज्ञान लेते हुए 15 जून सुनवाई की तारीख तय कर दी थी।



सोहना नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी का फाइल फोटो।

**दो बार हो चुकी है जमानत याचिका खारिज**

अंजू देवी को राजस्थान पुलिस 28 मई को सोहना के निकट ग्लोवल हाई सोसायटी से गिरफ्तार करके ले गई थी। 28 मई की रात हो ही राजस्थान पुलिस ने देर रात में अंजू देवी को अदालत में पेश करते हुए जेल हिरासत में भेज दिया थे। जिसमें 30 मई को लोअर कोर्ट तथा 1 जून को सेशन कोर्ट से अंजू देवी की याचिका खारिज हो थी।

### विरोधी लगा रहे ऐड़ी चोटी का जोर

**फर्जी** स्कूल प्रमाण पत्र मामले में नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की एक बाद एक जमानत याचिका में अब तक सफल रहे विरोधियों को झटका लग सकता है। क्योंकि इस मामले में संलिप्त राजस्थान निवासी हेमन्त उपाध्याय को राजस्थान हाई कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। जिससे बौखलाए अंजू देवी के विरोधियों को यह चिंता खाएं जा रही है। ऐसे में अंजू देवी की जमानत याचिका को रदद कराने के लिए सबूत जुटाने में दिन रात एक किए हुए है।

# नगर परिषद सीमा में बने सार्वजनिक शौचालयों का किया निरीक्षण



सोहना में बने सार्वजनिक शौचालय के पास लगे गंदगी के ढेर।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना।

**चण्डीगढ़** से आई ओडीएफ प्लस की टीम ने नगर परिषद सीमा क्षेत्र में बने सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण किया। टीम ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में दौरा करके मलीन बस्तियों को भी साफ-सफाई का निरीक्षण किया।

चण्डीगढ़ से ओडीएफप्लस की टीम सुबह नगर परिषद कार्यालय में पहुंची। जिन्होंने अपने साथ सफाई इंस्पेक्टर सतेन्द्र यादव समेत सुपरवाइजर और अन्य अधिकारियों को साथ लेकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बने सार्वजनिक शौचालयों का दौरा किया। टीम ने शौचालयों पर सुरक्षा से लेकर पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई, पानी सुविधा के लिए लगे उपकरण और सीवर कनेक्शनों का बारीकी से निरीक्षण किया। सार्वजनिक शौचालयों पर रखी पानी की टंकी के कनेक्शन को विशेष रुप से देखा गया। जिससे नियमित चलने वाले पानी का जायजा भी लिया। टीम नगर परिषद के सभी 21 वार्डों में गई। टीम को कई सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी के ढेर लगे मिले। जिनके पास खुले में शौच करने के निशान पाएं गए। जिससे नगर परिषद अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग गए।

## मुकुल सिंगला ने एनईईटी परीक्षा उत्तीर्ण कर 251वीं रैंक प्राप्त की

**सोहना।** सोहना के राजकीय संस्कृत मॉडल स्कूल के विद्यार्थी ने नीट की परीक्षा पास करते हुए जिला गुरुग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सामान्य वर्ग में ऑल इडिया में 2872 रैंक प्राप्त की है। जिसका देश के अंदर 251 वी रैंक प्राप्त हुई है।

स्थानीय राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि उनके मुकुल सिंगला ने उनके विद्यालय से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद नीट की परीक्षा दी थी। मुकुल सिंगला ने एनईईटी परीक्षा में 99.85 फीसदी अंक प्राप्त करते हुए अपना, अपने परिजन, गुरुजन, स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। सुरेन्द्र वर्मा बताया कि मुकुल सिंगला देश के किसी भी कॉलेज से एमबीएस पढ़ाई कर सकता है। मुकुल सिंगला की इस उपलब्धी से खुश होकर जिला शिक्षा अधिकार इंदू बोकन ने भी फोन करके बधाई दी। सोशल मिडिया से भी मुकुल सिंगला को सूचना मिलने के साथ ही स्थानीय नागरिकों से लेकर उनके रिश्तेदार व मित्रजनों ने बधाई संदेश देने शुरू कर दिए।

# गुरुग्राम में 15 से 21 जून तक होगा नि:शुल्क संगीतमय योग शिविर



बोधराज सीकरी, ओमप्रकाश कथूरिया, प्रदीप कौशिक।

### ये जानकारी पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने दी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पंजाबी** बिरादरी महासंगठन, ओ3म् योग संस्थान ट्रस्ट और जीएवी इन्टरनेशनल स्कूल द्वारा मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर सेवा गतिविधियों के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक नि:शुल्क योग शिविर आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यूनाइडेट नेशन में लिए गए निर्णय को देखते हुए अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बोधराज सीकरी ने सामूहिक रूप से यह योग शिविर करवाने का प्रयास किया है। इसमें 6 दिन तक योगीराज ओ3म् प्रकाश महाराज जी (संस्थापक एवं अध्यक्ष ओम् योग संस्थान (ट्रस्ट) ग्राम पाली, फरीदाबाद) प्रतिदिन संगीतमय तरीके से योग कराएंगे। बोधराज सीकरी, ओमप्रकाश कथूरिया व प्रदीप कौशिक ने बताया कि इस आयोजन में 15 जून को निशांत यादव डीसी, 16 जून को हितेश कुमार मीणा एडीसी, 17 जून को योगीराज ओ3म् प्रकाश, 18 जून को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, 19 जून को कला रामचंद्रन पुलिस आयुक्त, 20 जून को गार्गी कक्कड़ जिला अध्यक्ष भाजपा तथा सुभाष यादव अतिरिक्त सीईओ जीएमडीए उपस्थित रहेंगे।

# हरियाणा स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति जाएगी आसाम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति का एक प्रतिनिधिमंडल अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी सम्मेलन में शामिल होने के लिए गुवाहाटी, आसाम जा रहा है। इसमें 18 प्रान्तों के स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी शामिल होंगे।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि हेमन्ता बिस्वा सरमा मुख्यमंत्री, आसाम होंगे। उनके सामने स्वतंत्रता सेनानियों व स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों के सम्मान में विशेष रूप से विचार विमर्श किया जाएगा। हरियाणा स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति की तरफ से कपूर सिंह दलाल अध्यक्ष, ब्रिज मोहन गोयल, सतीष चोहान व विजय भारद्वाज सम्मेलन में शामिल होंगे। कपूर सिंह दलाल ने बताया कि इस सम्मेलन में स्वतंत्रता सेनानियों, उत्तराधिकारियों के विषय में भी चर्चा होगी और देश की शान सैनिकों को भी सेल्यूट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सबको स्वतंत्रता सेनानियों और सैनिकों को सदा सम्मान करना चाहिए। बुजुर्ग अवस्था में पहुंचकर भी स्वतंत्रता सेनानियों में जोश कम नहीं हुआ है। उनके हौंसले वैसे ही बुलंद हैं। हमें इनका समय-समय पर सम्मान करना चाहिए। जिस आजादी में हम जी रहे हैं, यह इन्हीं की बदौलत मिली है।

# ध्यान रहे रक्त की कमी से किसी का जीवन खतरे में ना पड़े : नवीन गोयल

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**विश्व** रक्त दाता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को कैनविन आरोग्य धाम में रक्त दान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 125 यूनिट रक्त दान हुआ। यह शिविर रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांवा साउथ सिटी की ओर से कैनविन फाउंडेशन के सौजन्य से लगाया गया।

इस शिविर में कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल मुख्य अतिथि रहे। रोटरी के असिस्टेंट गवर्नर एवं भावी प्रत्याशी नगर निगम गजेंद्र गुप्ता, प्रधान बबीता यादव, रोटरी ब्लड सेंटर के प्रधान मुकेश शर्मा, इलेक्ट प्रधान जेएस मराहट्टा, सचिव धीरज गुप्ता, प्रिंस मंगला, सोनू तायल, दीपक मंगला, रेनु गुप्ता आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर डा. डीपी गोयल ने कहा कि रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदाता के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए प्रतिवर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ब्लड डोनेशन से शारीरिक कई फायदे होते हैं।



विश्व रक्तदाता दिवस पर कैनविन आरोग्य धाम में आयोजित रक्त दान शिविर में रक्त दाता चंचल वर्मा को सम्मानित करते कैनविन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व सह-संस्थापक नवीन गोयल।

## गुरुग्राम की कबड्डी टीम झज्जर से जीतकर आई मेडल

**गुरुग्राम।** जीवन ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-4 गुरुग्राम की कबड्डी टीम ने झज्जर में आयोजित पांचवी हरियाणा राज्य एमेच्योर कबड्डी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 व अंडर-17 आयु वर्ग में लड़कों की टीम ने झज्जर की टीम को फाइनल में हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। इस अवसर पर टीम को स्कूल मैनेजमेंट नीरज जैन व आशू जैन ने कबड्डी कोच सतीश गहलोत व खिलाड़ियों की गोल्ड मेडल जीतने पर खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि टीम के कोच व खिलाड़ियों ने शहर का नाम रोशन किया। आगे भी ऐसे प्रदर्शन करके स्कूल व शहर नाम रोशन करते रहेंगे।



# मेकओ ने पूरे भारत में एक्सपीरियंस सेंटर शुरू किए

### लीडिंग क्लीनिकल मेकओवर ब्रांड सभी को प्रदान कर रहा है फ्री डेंटल और डर्मा कंसल्टेशन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**स्किन** और स्माइल सॉल्यूशन और विशेषज्ञ-समर्थित क्लियर एलाइनर्स, लेजर से बालों को हटाने के लिए मशहूर भारत का नंबर एक ब्रांड मेकओ ( टूथसी के रूप में जाना जाने वाला ) यह साझा करते हुए रोमांचित है कि वह पूरे भारत में एक्सपीरियंस सेंटर शुरू कर जा रहा है।

ये एक्सपीरियंस बेस्ड और फंक्शनल सेंटर होंगे जहां कस्टमर वॉक इन कर सकते हैं और क्वालीफाइड एक्सपर्ट और एडवांस टेक्नोलॉजी की मदद से स्माइल, स्किन और हेयर की समस्याओं के लिए ट्रीटमेंट प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक एक्सपीरियंस सेंटर सर्टिफाइड डेंटिस्ट, ऑर्थोडॉन्टिस्ट और डर्मोटोलॉजिस्ट के साथ कॉम्प्लीमेंट्री कंसल्टेशन परामर्श प्रदान करेगा। इसके अलावा, दांतों को सीधा करने के इच्छुक व्यक्तियों को उनके ऑर्थोडॉन्टिस्ट परामर्श के 48 घंटों के भीतर एक कस्टमाइज्ड तीथ स्कैन और डिटेल्ड एलाइनर प्लान प्राप्त होगा, जो पूरी तरह से नि:शुल्क होगा।



मेकओ कस्टमर को आसान और किफायती तरीके से एक्सपर्ट और टेक्नोलॉजी सर्पोटेड डेंटल, स्किन और हेयर सॉल्यूशन तक पहुंच प्रदान करता है। मेकओ टूथसी भारत का सबसे बड़ा 3-डी प्रिंटेड और यूएस-एफडीए द्वारा स्वीकृत डेंटल एलाइनर ब्रांड है। एक्सपीरियंस सेंटर डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड के लिए एक रोमांचक प्रयास है जिसने इंविसिबल तीथ स्ट्रेटनिंग अलाइनर्स, लेटेस्ट 4 वेवलेंथ टेक्नोलॉजी वाली भारत की पहली एट होम लेजर हेयर रिमूवल और एडवांस्ड हाइड्राफेशियल टेक्नोलॉजी जैसे कॉनस्पेंट और टेक्नोलॉजी की मदद से सेल्फ केयर इंडस्ट्री में क्रांति ला दी है। एक्सपीरियंस सेंटर बालों के झड़ने और गंजापन से निपटने के लिए प्लेटलेट-रिच प्लाज्मा (पीआरपी) थेरेपी और डर्मारोलर और मेसोथेरेपी जैसे माइक्रोनीडलिंग ट्रीटमेंट भी प्रदान करेंगे। मेकओ के को-फाउंडर और सीईओ डॉ. अर्पी मेहता ने कहा कि "हमारे टेक्नोलॉजी इनेबल्ड मेकओ सेंटर अपनी तरह के पहली पेशकश करते हैं जो फ्री डायगनोसिस और ट्रिटमेंट के लिए एक्सपर्ट ऑर्थोडॉन्टिस्ट, डेंटिस्ट और डर्मोटोलॉजिस्ट को एक छत के नीचे लाता है। इसमें परंपरागत रूप से कुछ हज़ार रुपये खर्च होंगे, जो कि अलग अलग क्लिनिक में जाने में लगने वाले ट्रैवल और वेटिंग टाइम या आपकी आवश्यकताओं के लिए सही एक्सपर्ट खोजने के प्रयास की तुलना में कुछ भी नहीं। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ग्राहकों को बाद में अपनी सुविधा के अनुसार घर पर, सेंटर या हाइब्रिड में अपना ट्रिटमेंट लेने की अनुमति देता है" उन्होंने कहा कि "हमारा लक्ष्य हमेशा कस्टमर के लिए स्माइल और स्किन के मेकओवर की प्रोसीजर को यथासंभव सुविधाजनक बनाना रहा है। बिल्कुल नए कॉनसेप्ट के तहत ब्रांड ने पहले से ही उपभोक्ताओं के लिए एक क्लिक पर क्लिनिकल मेकओवर ट्रिटमेंट तक पहुंच प्रदान करने के लिए एक एंड-टू-एंड सीमलेस डिजिटल प्लेटफॉर्म और मोबाइल ऐप बनाया है।

# युवा वर्ग को ग्रन्थों में छिपे रहस्य से परिचित कराएं ऋषि : बोधराज सीकरी

## बोधराज सीकरी की हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम से जुड़ रहा हर वर्ग

### युवा वर्ग को मिल रहा संस्कार रूपी ज्ञान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने कहा कि ऋषियों-मुनियों को फिर आगे आना होगा और पौराणिक काल की तकनीकों को उजागर करना होगा। ग्रंथों में छिपे रहस्यों से आज की पीढ़ी परिचित हो सके, यह जरूरी है, क्योंकि आज का युवा वैज्ञानिक दृष्टिकोण का है। उसे संतों से प्रमाण चाहिए और हमारे संत ही सक्षम हैं इसे उजागर करने के लिए। यह बात उन्होंने यहां श्रीगौरी शंकर मन्दिर सेक्टर-9-ए में सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा पाठ के दौरान कही।



गुरुग्राम में श्रीगौरी शंकर मन्दिर सेक्टर-9-ए में सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा पाठ के दौरान अपना वक्तव्य देते बोधराज सीकरी।

बोधराज सीकरी की हनुमान चालीस पाठ की मुहिम के तहत अब तक 32 से अधिक स्थानों पर दो लाख एक हजार से अधिक पाठ हो चुके हैं। सेक्टर 9ए स्थित चिराग फॉउंडेशन स्कूल के 50 बच्चों ने भी हनुमान चालीसा में भाग लिया। इस प्रकार मुहिम के तहत अब तक कुल पाठ की संख्या दो लाख 7 हजार पार कर गयी है।

बोधराज सीकरी ने हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ में छिपे रहस्यों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि एक ग्रंथ है गुरु गीता। जिसमें छिपी टेक्नोलॉजी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उस जमाने में कैसे सूत मुनिजी ने जब साउंड सिस्टम नहीं था तो बैखरी, मध्यमा, पश्यंति, परा और अपरा विधि टेक्नोलॉजी से 70 हजार लोगों को संबोधित किया। गुरु तत्व का ज्ञान दिया। इसी प्रकार अगस्त्य संहिता में छिपे टेक्नोलॉजी का जिक्र किया कि कैसे तुलसी से बिजली का आविष्कार किया गया। कैसे श्रृंगी ऋषि ने यज्ञ के माध्यम से महाराज दशरथ के चार पुत्रों को उत्पन्न करने का वरदान दिया।

वो टेक्नोलॉजी कहां है जो लक्ष्मण ने माता सीता को सुरक्षित रखने के लिए रेखा खींची थी। इन टेक्नोलॉजी को संत पुरुष उजागर कर सकते है। इस अवसर पर गजेंद्र गोसाई ने संगीतमय पाठ कर समां बांधा। गौरी शंकर मंदिर के पदाधिकारी एनपी चंडोक, एचसी कपूर, सुभाष ग्रोवर एडवोकेट, नरेश अग्रवाल, विजय अरोड़ा, मनोज त्रिवेदी, दिनेश शर्मा, राज कुमार, एस पी चित्तोड़िया, पीपी मेहता का विशेष सहयोग रहा।

# पूरा विश्व आज वसुधैव कुटुंबकम् की धारणा पर कर रहा है कार्य : सीटीएम द्विजा

## एक स्थानीय इंस्टीट्यूट में किया गया जी-20 जनभागीदारी सम्मेलन का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल


छात्रों व शिक्षकों को सम्मानित करते अधिकारी

**आजादी** के 75वें अमृत महोत्सव की श्रृंखला में उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में एडवांस्ड एजुकेशन इंस्टीट्यूट में जी-20 जनभागीदारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। एडवांस कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में नगराधीश द्विजा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परियोजना समन्वयक सुखबीर सिंह उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रिंट रिच के तहत जिला पलवल के बेहतरीन कार्य करने वाले 60 अध्यापकों तथा 18 केआरपी, स्टार टीचर और रामलीला मंचन पहाड़े कंम्पीटिशन, प्रिंट रिच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जी-20 और निपुण हरियाणा के तहत पूरे हरियाणा में जनभागीदारी सम्मेलन जिला स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। नगराधीश द्विजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा विश्व आज वसुधैव कुटुंबकम् की धारणा पर कार्य कर रहा है। संपूर्ण विश्व एक परिवार की तरह है, जहां पर नई शिक्षा नीति को लागू कर बच्चों को समझ के साथ पढ़ने-लिखने के लिए अभिप्रेरित करना है और शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को, जिनमें रीक्रिएशनल लर्निंग, डिजिटल बोर्ड के माध्यम से बच्चों को मनोरंजनात्मक तरीके से बेहतर टीचिंग लर्निंग मैटेरियल का प्रयोग कर बच्चों में ज्ञान बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मनोरंजनात्मक शिक्षण पद्धति का एक बड़ा उद्देश्य यह है कि बालक रटने की परंपरागत पद्धति को छोड़कर लॉजिकल थिंकिंग का प्रयोग कर स्वयं करके सीखें। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने विद्यार्थियों को अध्यापकों द्वारा आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का प्रयोग कर बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा देने पर बल दिया। उन्होंने अध्यापकों द्वारा शिक्षण में डिजिटल लर्निंग और ब्लेंडिड लर्निंग पर विशेष जोर दिया, ताकि बच्चे स्वयं सीखने में रूचि लें। सुखबीर सिंह ने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कक्षा के अध्यापक को अपनी कक्षा के शिक्षण में लो कॉस्ट मेटेरियल से निर्मित अध्यापक सहायक शिक्षण सामग्री का प्रयोग जरूर करें, ताकि अधिगम में बच्चों की रूचि विकसित की जा सके। निपुण और नई शिक्षा नीति के संदर्भ में पहली से तीसरी कक्षा के बच्चों को सभी अध्यापक निपुण के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना बनाएं और उस कार्य योजना को लागू करें। जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार ने पूरे एक साल की गतिविधियों और उपलब्धियों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन महेश गौड़ एबीआरसी ने किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी पलवल मामराज रावत, हथीन खंड शिक्षा अधिकारी सगीर अहमद, होडल खंड शिक्षा अधिकारी किरण बाला, हसनपुर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह, पलवल बीआरसी आनंद रावत, हथीन बीआरसी सद्दीक अहमद, एडवांस कॉलेज के प्रशासक सुनील दलाल, कॉलेज की प्राचार्य लक्ष्मी शर्मा और पलवल जिले के सभी एबीआरसी, बीआरपी भी उपस्थित रहे।

# महिला की संदिग्ध मौत, शव को अस्पताल छोड़कर भागे ससुराली

## पति समेत चार के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। पलवल


मृतका का फाइल फोटो

**पलवल** में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायका पक्ष का आरोप है कि उसे दहेज में पांच लाख रुपए नकद व गाड़ी न मिलने पर ससुराल वालों ने मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर उसके पति सहित चार के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सदर थाना प्रभारी विश्व गौरव के अनुसार, मिंडकौला गांव निवासी नवीन ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी दो बहनों सविता व अनीता का विवाह अहरवां गांव निवासी धीरज व बृजभूषण के साथ वर्ष 2017 में हुआ था। शादी के बाद से दोनों के पति सास व ससुर दहेज में पांच लाख रुपए नकद व गाड़ी की मांग करने लगे। दहेज न लाने पर दोनों बहनों के साथ मारपीट कर रात के समय घर से निकाल दिया था। जिसके बाद पंच-पंचायत हुई। बताया गया है कि सविता को बेटा न होने का ताना देकर परेशान कर जान से मारने की धमकी देते थे। जिसके चलते दोनों बहन अपने मायके में आ गई। सात फरवरी को बृजभूषण आया और अनीता को अपने साथ ले गया, जबकि सविता को बाद में ले जाने की बात कहकर गया था। सविता पिछले आठ माह से अपने माता-पिता के पास मिंडकोला में ही रह रही है।

### ईएसआई में डैड बॉडी छोड़ भागे

**शिकायत** में कहा है कि 13 जून को रात में उनके पास सूचना आई की अनीता की मौत हो गई है और वह ईएसआई अस्पताल फरीदाबाद में दाखिल थी। 14 जून को सुबह वह अपने परिजनों के साथ ईएसआई अस्पताल फरीदाबाद पहुंचे तो वहां अस्पताल में ससुराल पक्ष से कोई नहीं मिला। अनीता को मृत छोड़कर सभी ससुराल पक्ष के लोग भाग गए थे। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस जांच अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका के भाई की शिकायत पर मृतका के पति धीरज, सविता के पति बृजभूषण, ससुर भरत सिंह व सास उदयवती के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पलवल और होडल में अवैध हथियार तस्करी का भंडाफोड़

## चार आरोपियों से दो दर्जन से अधिक हथियार बरामद

पायनियर समाचार सेवा। पलवल


प्रेसवार्ता कर जानकारी देते एडिशनल एसपी जसलीन कौर।

**सीआईए** पलवल व होडल पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार तस्करी का भंडाफोड़ किया है। इन हथियारों का इस्तेमाल बड़ी वारदातों के लिए इस्तेमाल किया जाना था। पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे दो दर्जन से अधिक हथियार बरामद किए हैं।

एडिशनल एसपी ने बताया कि क्राइम ब्रांच पलवल प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद इलियास की टीम में तैनात सहायक उपनिरीक्षक कुशल कुमार अपनी टीम के साथ पड़ताल पर गांव चांदहट चौक अलीगढ़ रोड मौजूद थे। उन्हें सूचना दी कि युवक जिनके पास अवैध हथियारों का जखीरा है, मोटरसाइकिल मार्का डिस्कवर पर सवार होकर हमीदपुर यूपी की तरफ से आएंगे और पलवल की तरफ जाएंगे। जिनके पास अवैध हथियार हैं तथा किसी को बेचने के लिए जाएंगे। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रहीमपुर नाका पर पहुंचकर नाकाबंदी शुरू की। कुछ समय बाद मोटरसाइकिल हामीदपुर की तरफ से आती हुई दिखाई दी। उन्होंने सामने पुलिस को देखकर अपनी मोटरसाइकिल को वापस मोडकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें मोटरसाइकिल सहित काबू किया। काबू किए गए मोटरसाइकिल चालक प्रवेश निवासी बाजोता थाना टप्पल जिला अलीगढ यूपी व विराट निवासी निगुना सुगना थाना टप्पल जिला अलीगढ़ की तलाशी के दौरान तीन-तीन कट्टे और दो-दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।

# दो दिवसीय तैराकी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम


विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजक।

## विजेता खिलाड़ियों को संघ ने मेडल देकर किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** सेक्टर-17 स्थित मॉडर्न स्कूल परिसर में जिला तैराकी संघ, फरीदाबाद द्वारा 24वां दो दिवसीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्तर के विभिन्न वर्गों के तैराकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस प्रतियोगिता में पुरुष, महिलाएं, बालक एवं बालिकाएं सभी शामिल थे। तकनीकी अधिकारी के तौर पर जिला तैराकी संघ के महासचिव एके पंडित के अलावा जिला तैराकी प्रशिक्षक विकास कुमार तथा अन्य प्रशिक्षक राम भतेरी, सुषमा, श्रुति मलिक, वीरेंदर कुमार, जीतेंद्र कुमार, आशीष पॉल एवं अन्य ने अपना पूरा सहयोग दिया। फरीदाबाद मेडिकल सेंटर के चेयरमैन डॉक्टर संजीव ने इस दो दिवसीय कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों को मेडिकल सुरक्षा की सेवाएं प्रदान कीं। समापन समारोह दिवस में सुरेश कुमार तहसीलदार फरीदाबाद, डॉक्टर अशीम कुमार दास (डीन, ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज फरीदाबाद), डॉक्टर सुब्रत अखौरी (हृदय रोग विशेषज्ञ) विशेष रूप से उपस्थित थे। दो दिवसीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ तैराक के रूप में 12 तैराकों ने बेहतर प्रदर्शन करके तैराकी में अपना दमखम दिखाया। जिनमें प्रियांशु महाजन, दिव्या महाजन, मोहित मलिक, मयंक सिंह मेहता, दर्श कुमार, कृष महिंद्रा, जनार्दन तिवारी, पूर्णिमा कौशिक, लक्षिता सिंह, रिधिमा शामिल थे।

# मोटर व्हीकल एक्ट के संबंध में हुई कार्यशाला

**पलवल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकुला के निर्देशन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन पुनिश जिंदिया व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव कुनाल गर्ग के मार्गदर्शन में एडीआर सेंटर में एक कार्यशाला का आयोजन हुआ।

इस कार्यशाला का मुख्य विषय मोटर व्हीकल अधिनियम संशोधित व मोटर व्हीकल नियम-2022 के अध्याय 11 व 12 के प्रावधानों के बारे में रहा। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश गर्ग रहे। कार्यशाला में सभी पैनल अधिवक्ताओं, इंश्योरेंस कंपनी के वकीलों और जिले के विभिन्न थानों से आए हुए जांच अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव कुनाल गर्ग ने बताया कि इस पांचवें संसोधन के कारण मोटर व्हीकल दुर्घटना अधिनियम-1988 का अध्याय 11 एक दम से बदल गया है और सभी की जिम्मेवारियां अपने-अपने स्तर पर बढ़ा दी गई है, जिससे कि क्लैम पिटिशन का निपटारा शीघ्रता से हो सके और पीड़ित को जल्द से जल्द मुआवजा राशि मिल सके।

# पुलिस ने नचौली गांव में चलाया नशा मुक्ति जागरुकता अभियान

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के नुकसान बताए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** उदय कार्यक्रम के अंतर्गत एसीपी सेंट्रल राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्रामवासियों को जागरूक करने के लिए फरीदाबाद के नचौली गांव पहुंची। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ नागरिक सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता, भूपानी थाना प्रभारी रणधीर, उपनिरीक्षक महेश, दुर्गा शक्ति टीम, अग्रवाल कॉलेज से नुक्कड़ नाटक की टीम तथा मेट्रो अस्पताल से साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर आस्था सक्सेना मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीम नचोली गांव पहुंची जहां पर एसीपी राजीव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आमजन को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया। आमजन को नशे से बचने के लिए जागरूक करते हुए पुलिस टीम ने बताया कि नशा किसी भी अपराध का प्राथमिक कारण होता है। जो व्यक्ति नशे के चंगुल में फंस जाता है। उसे नशा करने के लिए पैसों की आवश्यकता होती है और जब उसके पास पैसे खत्म हो जाते हैं तो वह चोरी चकारी, लूट, डकैती इत्यादि वारदातों में शामिल हो जाता है।

एक बार जब व्यक्ति लूट या डकैती की वारदात को अंजाम दे देता है तो वह इस प्रकार की वारदातों में लगातार शामिल रहने लगता है। इससे आगे चलते चलते कई बार उसके हाथों से किसी निर्दोष व्यक्ति की हत्या भी हो जाती है, इसलिए एक नशे के कारण एक सीधा साधा इंसान हत्यारोपी बन जाता है। यह नशे के दुष्परिणाम है जिसके चलते इंसान की जिंदगी तबाह हो जाती है। इतना ही नहीं उसके साथ-साथ उसके परिवार में भी बहुत सारी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। उनके घर में लड़ाई झगड़ा रहने लगता है और उसके परिजन घरेलू हिंसा के शिकार होते हैं। इसके साथ ही अग्रवाल कॉलेज से नुक्कड़ नाटक की टीम ने आमजन को नाटक के माध्यम से भी जागरूक किया। सभी को यह समझने की आवश्यकता है कि नशे को जड़ से मिटाएं तथा अपने और अपने साथियों को इस से दूर रहने के लिए जागरूक करें।

## संक्षिप्त समाचार

### केसीएम दो छात्रों राज्यपाल से सम्मानित हुए, मनाया जश्न



**पलवल।** केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी के दो छात्रों अरिन व आयुष को राज्य स्तर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजयी होने पर पंचकूला में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा प्रमाण-पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस पर प्रबंधन ने हर्ष जताया है। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा हर वर्ष छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला स्तर, क्षेत्रीय स्तर व राज्य स्तर पर किया जाता है। जिसमें अनेक विद्यालयों के छात्र बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं तथा अपने ज्ञान का परिचय देते हैं। इन प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाने वाले बच्चों को प्रत्येक वर्ष राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाता है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. राम नारायण भारद्वाज तथा प्रधानाचार्य सुनील आर्य ने दोनों छात्रों की प्रशंसा की तथा बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है तथा वे जागरूक रहते हैं।

### जेजेजीएस के 42 छात्रों ने नीट किया क्वालीफाई, जताई खुशी



**पलवल।** एनटीए द्वारा घोषित नीट-2023 के परीक्षा परिणाम में जीवन ज्योति ग्रुप ऑफ स्कूल्स के छात्र हितेश ने 1731 रैंक प्राप्त कर प्रथन स्थान लेते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के अन्य छात्रों में लक्की, प्राची, माधुरी, अनूज, हिंमाशी, मीनाक्षी, पायल तथा डोली ने भी संपूर्ण भारत में रैंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधन ने इस पर हर्ष जताया है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक विरेंद्र गहलौत ने सभी नीट क्वालिफाई करने वाले छात्रों, उनके अभिभावकों तथा अध्यापकों को बधाई दी तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल चेयरमैन बीरपाल गहलौत ने भी सभी नीट क्वालिफाई छात्रों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एसएनडी स्कूल के बच्चों ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की, जताया हर्ष


मोक्ष गोयल

**पलवल।** एसएनडी पब्लिक स्कूल के मोक्ष गोयल ने नीट की परीक्षा में 632 अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है। जैसे ही नीटी की परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ, वैसे ही एसएनडी पब्लिक स्कूल के प्रबंधन में खुशी का इजहार करते हुए हर्ष जताया। स्कूल के मोक्ष गोयल ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नीटी 2022-23 की परीक्षा में 632 अंक प्राप्त किए। स्कूल के ही 102 छात्रों ने नीट की परीक्षा पास की है। जिनमें अभिषेक ने 610, अंशू ने 600 अंक, अमन चौहान ने 579 अंक, मोक्ष कुमार ने 592 अंक, तरुण पंवार ने 581 अंक व हरिओम ने 571 अंक प्राप्त किए हैं। इन विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत से तथा स्कूल के अध्यापकों के मार्गदर्शन से यह उपलब्धि प्राप्त की है व स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल की इस उपलब्धि पर स्कूल के सचिव रघुराज डागर ने सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को शुभकामनाएं व बधाई दी।

### हर घर आंगन योग रहेगा योग दिवस का थीम : डीसी

**पलवल।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव की श्रृंखला में नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष के योग दिवस का थीम हर घर आंगन योग निर्धारित किया गया है। इन दिन जिलास्तरीय योग दिवस का कार्यक्रम स्थानीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल में आयोजित किया जाएगा, वहीं खंड स्तर पर भी योग दिवस मनाया जाएगा। योग दिवस के आयोजन से पूर्व सभी तैयांरियां पूर्ण कर ली जाएं। इसके अलावा 21 जून को जिलास्तरीय व खंड स्तर पर आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों में निरोगी हरियाणा योजना के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएं। उपायुक्त नेहा सिंह जिला सचिवालय में जिलास्तरीय योग दिवस के सफल आयोजन के संबंध में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने कहा कि योग दिवस के संदर्भ में आयोजन स्थल पर सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों जैसे- साफ-सफाई, यातायात संचालन, झंडे, एम्बुलेंस, बॉयोटॉयलेट, पेयजल, जलपान, आदि को समय से पहले पूर्ण कर लें। डीसी नेहा सिंह ने कहा कि सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, गांव के सरपंच, आंगनवाडी वर्कर्स, आशा वर्कर्स सभी योग प्रशिक्षणों का हिस्सा बनकर आयोजन को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।


### अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना शुरू

**पलवल।** डीसी नेहा सिंह ने कहा कि अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा हेतु राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना शुरू की जा रही है। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में केन्द्र सरकार के जनजातीय मामलों के छात्रवृत्ति प्रभाग मंत्रालय प्रबंधन जैसे प्रोफेशनल क्षेत्रों जैसे चिकित्सा/विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, मानविकी, कानून और सामाजिक विज्ञान आदि में मंत्रालय द्वारा चिन्हित किए गए प्रमुख संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों को आगे बढ़ाने हेतु मेधावी अनुसूचित जनजाति के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना लागू की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 से पहले कुल 1000 छात्रों को योजना के तहत छात्रवृत्ति के लिए चुना गया था। वर्ष 2021-22 से प्रभावी सभी अनुसूचित जनजाति के छात्र जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय छह लाख रुपये से अधिक नहीं है वे छात्रवृत्ति के पात्र हैं।

# विश्व किडनी कैंसर दिवस 15 जून पर विशेष

## धूम्रपान व शराब का सेवन किडनी कैंसर का प्रमुख कारण : डॉ. राजीव सूद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**किडनी** कैंसर रोग के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे वीरवार को विश्व किडनी कैंसर दिवस मनाया जाता है। इस रोग के बारे में जानकारी देते हुए मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद में यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी विभाग के चेयरमैन डॉ. राजीव सूद ने कहा कि इस बार वर्ल्ड किडनी कैंसर दिवस का थीम सर्वाइविंग किडनी कैंसर मतलब जो किडनी कैंसर से बच गया वो कैसे अपनी जिंदगी जिए। खराब जीवनशैली जैसे धूम्रपान, शराब का सेवन, मोटापा, व्यायाम न करना किडनी कैंसर का प्रमुख कारण है। कुछ लोगों में किडनी संबंधित यह रोग अनुवांशिक होता है। किडनी कैंसर को रीनल कैंसर भी कहा जाता है। बिना दर्द के पेशाब में खून आना, पेट में दर्द, पेट में गांठ, बिना किसी कारण शरीर का वजन कम होना, सप्ताह तक बुखार न उतरना, अत्यधिक थकान महसूस होना, पैरों एवं एडियों में सूजन आदि इस रोग की ओर इशारा करते हैं। इसलिए इन लक्षणों का अहसास होने पर तुरंत किसी अच्छे यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करें, ताकि समय रहते ठीक इलाज हो सके। पेशाब में खून यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (पेशाब के रास्ते में संक्रमण), ब्लैडर एवं प्रोस्टेट कैंसर, मूत्र नली में पथरी, ब्लड थिनर की ओवरडोज के कारण भी आ सकता है। ओपीडी में महीने में लगभग चार-पांच मरीज किडनी कैंसर की समस्या के आते हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है।

किडनी कैंसर को मात देने के लिए केवल चिकित्सकीय इलाज ही नहीं, मरीज का मानसिक स्तर पर भी स्वस्थ रहना जरूरी है। मजबूत इम्यून सिस्टम और शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता कैंसर से मुक्ति दिलाने में मदद कर सकती है। मानसिक स्तर पर मजबूत रहकर और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर किडनी कैंसर से ग्रस्त लोग अच्छी गुणवत्तापूर्ण जिंदगी जी सकते हैं। इसलिए सलाह दी जाती है कि आप नियमित व्यायाम करें, धूम्रपान एवं शराब के सेवन से दूर रहें, संतुलित आहार लें, शरीर के वजन को नियंत्रित करके रखें, ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करके रखें, ताजा फल-सब्जियों का खूब सेवन करें, इससे आपके शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता मजबूत होती है और कैंसर के जोखिम को कम करने भी मदद मिल सकती है। अगर आपकी उम्र 50 साल से ज्यादा है तो साल में एक बार हेल्थ चेकअप और पेट का अल्ट्रासाउंड कराएं, उसमें आसानी से किडनी कैंसर का पता किया जा सकता है। अगर किडनी कैंसर हो भी जाता है तो ज्यादा घबराएं नहीं, आज बेहतरीन चिकित्सीय सुविधाओं एवं आधुनिक तकनीक की मदद से सफल इलाज संभव है।

# सीएमओ कार्यालय में पीएनडीटी की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

## पीएनडीटी एक्ट की अनुपालना सुनिश्चित करने के संबंध में विचार-विमर्श किया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिला** सलाहकार समिति की मासिक बैठक का आयोजन सिविल सर्जन पलवल कार्यालय में किया गया, बैठक की अध्यक्षता नागरिक हस्पताल पलवल की ग्यानाकोलोजिस्ट डा. कृतिका तंवर, नागरिक अस्पताल पलवल के माइक्रो बायोलोजिस्ट डा. सरफराज, उप सिविल सर्जन डा. प्रवीण कुमार, एडीए पलवल दिनेश अंबावता, बालरोग विशेषज्ञ डा. वसुदेव, पलवल डोनर क्लब से अल्पना मित्तल, सोमार्थ एनजीओ से राकेश सिंह ने भाग लिया।

बैठक में जिला सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा जिला के विभिन्न सरकारी व निजी अस्पतालों द्वारा पीएनडीटी एक्ट की अनुपालना सुनिश्चित करने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। तुला हॉस्पिटल ए यूनिट ऑफ बुथंजी मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड के नए रजिस्ट्रेशन व मशीन खरीदने बारे व वैध राजेंद्र सिंह मैमोरियल अस्पताल मे सोनोलोजिस्ट न होने के कारण अल्ट्रासाउंड मशीन को सील करने के बारे मे विचार-विर्मश किया गया।

इसी प्रकार समिति के सदस्यों द्वारा गांधी आश्रम के नजदीक स्थित अनमोल नर्सिंग सेंटर के रजिस्ट्रेशन को रिन्यू करने व पाहिल अल्ट्रासाउंड सेंटर पलवल मे नए सोनोलोजिस्ट डा. आनंद सुरेश जोशी का नाम जोड़ने और पलवल नर्सिंग होम में डा. निकिता अल्ट्रासाउंड स्क्रीनिंग हेतु नाम जोडने का निर्णय लिया गया। वहीं रूटीन निरीक्षण में समय-समय पर सभी प्राइवेट अस्पतालों/नागरिक अस्पताल को उनकी कमियों बारे हिदायत दी गई।

# उज्ज्वला योजना से गरीब महिलाओं के जीवन में आया परिवर्तन : गुर्जर

## जिला सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को वितरित किए लाइटर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**केंद्रीय** भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बुधवार को उज्ज्वला योजना लाभार्थी उत्सव के तहत पलवल के जिला सचिवालय के सभागार में केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों से संवाद कर योजना की फीडबैक हासिल की। इस अवसर पर उनके साथ उपायुक्त नेहा सिंह, नगराधीश द्विजा भी मौजूद रहीं।


कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब परिवार की महिलाओं के चेहरे पर खुशी लाने के लिए उज्ज्वला योजना शुरू की थी। योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं को इस योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए गए। जिला पलवल में 42 हजार 868 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ प्रदान किया गया। गुर्जर ने कहा कि उज्जवला योजना से गरीब परिवार की महिलाओं के जीवन में परिवर्तन आया है। देश में करोड़ों महिलाएं घर में चूल्हा जलाकर काम करती थी। धुएं की वजह से महिलाओं के शरीर पर दुष्प्रभाव होता था, जिसके चलते वे कई प्रकार की बीमारियों की चपेट में आ जाती थी। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को धुएं से निजात दिलाने के लिए यह योजना बनाई। इस योजना के तहत देश भर में करीब साढ़े 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त में एलपीजी गैस कनेक्शन दिए गए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में 20 करोड़ महिलाओं के खाते में प्रधानमंत्री ने 500-500 रुपये भेजे। मातृत्व योजना के तहत पहली बार गर्भधारण करने वाली माता को गर्भावस्था के दौरान पांच हजार रुपये तीन किस्तों में देने की योजना बनाई गई, जिससे गर्भवती महिला के पौष्टिक आहार में कोई कमी न रहे।

उन्होंने जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक को निर्देश दिए कि जिले में अगर कोई भी व्यक्ति ऐसा हो जिसे गैस कनेक्शन नहीं मिला है, वे तुरंत उसे गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाएं। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने लाभार्थियों को लाइटर भी वितरित किए। कार्यक्रम में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजेश आर्य सहित जिला की गैस एजेंसियों के प्रबंधक व महिला लाभार्थी मौजूद रहे।

# मोदी की अमेरिका यात्रा

## महत्वपूर्ण अवसर

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** की आगामी राजकीय अमेरिका यात्रा उनके 9 साल के कार्यकाल में पहली तथा अनेक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी 21 जून से 24 जून तक अमेरिका की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के आमंत्रण पर है। यह भारत के प्रधानमंत्री के रूप में अपने नौ साल के कार्यकाल में मोदी की अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा होगी। आगामी यात्रा द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकती है क्योंकि यह ऐसे समय हो रही है, जब दुनिया को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। राजनयिक संबंध मजबूत करने, रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने तथा देशों के बीच साझा लक्ष्यों को गति देने के उद्देश्य से इसका अत्यधिक महत्व है। हालिया वर्षों में भारत-अमेरिका संबंधों में काफी प्रगति हुई है जिनको साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, आर्थिक सहयोग तथा साझा सुरक्षा सरोकारों ने गति दी है। मोदी की यात्रा रणनीतिक साझीदारी को मजबूत करने का अवसर है। उम्मीद है कि यात्रा के दौरान अनेक विषयों पर चर्चा होगी जिनमें रक्षा सहयोग, आतंकवाद-विरोधी प्रयास, साइबर सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन व स्वास्थ्यरक्षा सहयोग शामिल हैं। आर्थिक सहयोग भारत-अमेरिकी संबंधों का विशेष महत्वपूर्ण आयाम है। उम्मीद है कि मोदी की यात्रा में व्यापार व निवेश अवसर बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा क्योंकि भारत के आर्थिक सुधार तथा 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया' व 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें अमेरिकी बिजनेसों के लिए आकर्षक अवसर प्रदान करती हैं। इस यात्रा में व्यापार बाधाओं, बाजार पहुंच व द्विपक्षीय निवेश जैसे मामलों पर चर्चा की उम्मीद की जाती है। अमेरिका और भारत जीवन्त तकनीकी क्षेत्रों के गढ़ हैं और इनके बीच अद्यतन क्षेत्रों में सहयोग की असाधारण संभावनायें हैं। मोदी की यात्रा का लक्ष्य इस संभावना का लाभ उठा कर तकनीक व खोज साझेदारियां मजबूत करना है। उम्मीद है कि चर्चाओं में कृत्रिम बुद्धि-एआई, अंतरिक्ष खोज, स्वच्छ ऊर्जा व डिजिटल प्रशासन जैसे विषयों पर ध्यान दिया जाएगा। इन क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग से तकनीकी प्रगति व खोज को बढ़ावा मिलेगा जिससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं को लाभ होगा।



दो बड़े लोकतांत्रिक देशों की तरह भारत और अमेरिका लोकतांत्रिक मूल्यों के संवर्धन, मानवाधिकारों को प्रोत्साहन तथा वैश्विक स्थायित्व सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करते हैं। प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा दोनों देशों के बीच अनेक क्षेत्रों में सहयोग का अवसर देती है जिनमें जलवायु परिवर्तन, कोविड-19 से बहाली तथा क्षेत्रीय सुरक्षा शामिल हैं। इस यात्रा से भारत को यह प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा कि वह वैश्विक नेतृत्व व बहुआयामी संबंधों के लिए प्रतिबद्ध है तथा अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में एक जिम्मेदार पक्ष के रूप में अपनी भूमिका की पुष्टि करता है। भारत का अमेरिका पर असर उस देश में प्रवासी भारतीयों के रूप में भी है जो अपनी जीवन्त व प्रभावशाली उपस्थिति से देशों के बीच महत्वपूर्ण सेतु की तरह काम करते हैं। मोदी की यात्रा में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ संवाद शामिल है जिसमें उनके योगदानों की प्रशंसा की जाएगी तथा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनकी भूमिका रेखांकित होगी। इस संवाद से न केवल प्रवासी भारतीयों के साथ भारत सरकार के संबंध मजबूत होंगे, बल्कि इससे दोनों देशों की जनता के बीच भी संबंध मजबूत होंगे। संक्षेप में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी अमेरिका यात्रा दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंध मजबूत करने, आर्थिक सहयोग का विस्तार करने तथा तकनीक व खोज में सहयोग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।

# प्लास्टिक विभीषिका से निपटना जरूरी

धरती के टिकाऊ भविष्य के लिए वैश्विक प्रयास अत्यधिक आवश्यक हो गए हैं। इसके लिए प्लास्टिक विभीषिका से निपटना जरूरी है।



**राजदीप पाठक**

(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति से संबद्ध हैं।)



दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केपटाउन में पानी लगभग समाप्त हो गया है जो स्पष्ट रूप से बाकी दुनिया के लिए खतरे की घंटी की तरह है। लगभग 4 मिलियन जनता का यह तटीय स्वर्ग कहा जाने वाला क्षेत्र दक्षिण अफ्रीका का दक्षिणी सिरा है। यह दुनिया का संभवत: पहला ऐसा आधुनिक शहर है जहां पानी पूरी तरह समाप्त हो गया है। केपटाउन में टाइम्स के अफ्रीका ब्यूरो प्रमुख आर्यन बेकर ने इस संबंध में एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसका शीर्षक है 'केपटाउन के भयानक जल संकट में रहने का अर्थ'। इस रिपोर्ट में संकेत किया गया है कि अधिकारियों ने इस संकट से निपटने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है जो लगभग एक दशक से बढ़ती जा रही थी। अब यह 'जीरो डे', यानी पानी की पूर्ण समाप्ति का संकेत बन गई है।

इस संदर्भ में हर साल 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस ने भी गंभीर चेतावनी दी है। उसकी नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है कि मानवता को इस पृथ्वी ग्रह पर अपने कार्यों के पड़ने वाले प्रभावों पर गंभीरता से गौर करना चाहिए। 2023 में विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'बीट प्लास्टिक पल्यूशन' में इस विषय पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन, समुद्रों तथा वन्यजीवों पर प्लास्टिक प्रदूषण के विनाशकारी प्रभावों पर गौर करने का सही समय आ गया है। प्लास्टिक प्रदूषण से निपटना आज संपूर्ण मानवजाति व सारी दुनिया के लिए बहुत जरूरी हो गया है।

संयोग से हर साल 8 जून को 'विश्व समुद्र दिवस' मनाया जाता है। इसने भी हमें कठोर चेतावनी दी है कि अनेक सालों से पूरी मानवजाति दुनिया के समुद्रों का अत्यधिक दोहन कर उनमें भयंकर प्रदूषण फैला रही है। प्रदूषण, समुद्री परिस्थितिकी का विनाश, बहुत अधिक मात्रा में मछलियां पकड़ने तथा समुद्रों का लगातार बढ़ता अम्लीकरण कुछ ऐसी समस्यायें हैं जो दुनिया भर के समुद्रों के अत्यधिक दोहन के नतीजे के रूप में सामने आई हैं। मानवजाति बहुत बड़ी मात्रा में प्लास्टिक पैदा कर रही है। इसके कारण प्लास्टिक कचरे की मात्रा में भयानक वृद्धि हुई है। प्लास्टिक विघटन की बहुत धीमी दर के कारण इससे समूचे पृथ्वी ग्रह के लिए विनाशकारी स्थितियां पैदा हो रही हैं। वैज्ञानिकों ने संकेत किया है कि प्लास्टिक प्रदूषण तथा जलवायु परिवर्तन के बीच बहुत निकट संबंध हैं। उन्होंने बताया है कि किस प्रकार प्लास्टिक के उत्पादन तथा उसके कचरे के निस्तारण में बहुत बड़ी मात्रा में कार्बन उत्सर्जन होता है। इसके साथ ही प्लास्टिक कचरा धरती के सभी क्षेत्रों के साथ ही समुद्रों तक पहुंचता है। इसके कारण समुद्री परिस्थितिकी तंत्रों को सीधा खतरा पैदा हुआ है, समुद्री जीवों के जीवनचक्र में बाधा आई है तथा संवेदनशील परिस्थितिकी तंत्रों को नुकसान पहुंच रहा है।

सूरज के प्रकाश तथा समुद्री जल के संपर्क में आने पर प्लास्टिक कचरा 'फोटो डिग्रेडेशन' नामक प्रक्रिया से गुजरता है जिससे हानिकारक रसायन निकलते हैं। ये रसायन समुद्रों के अम्लीकरण में अपना योगदान करते हैं जिससे समुद्री परिस्थितिकी तंत्रों का पीएच मूल्य या अम्लीयता बढ़ती है। इससे मूंगे की चट्टानों या कोरल रीफ, शेलफिश तथा अन्य समुद्री जीवों को खतरा पैदा होता है, उनकी वृद्धि तथा प्रजनन प्रभावित होता है जिससे उनका जीवन हीं संकट में पड़ जाता है। अनेक समुद्री जीवजंतु इन प्रक्रियाओं के कारण विलुप्ति के कगार पर पहुंच गए हैं। प्लास्टिकों के उत्पादन, प्रयोग व प्लास्टिक कचरे के निस्तारण से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ता है तथा जलवायु परिवर्तन की प्रक्रिया और तेज होती है। प्लास्टिकों का उत्पादन फासिल ईंधनों, मुख्यत: पेट्रोलियम से होता है। प्लास्टिक निर्माण प्रक्रियाओं में भारी मात्रा में कार्बन डाईआक्साइड-सीओ2 तथा मीथेन-सीएच4 वातावरण में उत्सर्जित होती है। इसके अलावा प्लास्टिक जैव-अपरिघटनीय होती हैं और वे परिवेश में सैकड़ों सालों तक बनी रहती हैं। इसका अर्थ है कि प्लास्टिक अन्य जैव-विघटनीय कचरे की तरह स्वयं अपघटित नहीं होती हैं तथा लंबे समय तक प्रदूषण का कारण बनी रहती हैं।

दुनिया भर में यह अच्छी तरह स्थापित हो गया है कि जलवायु परिवर्तन से प्रभावी रूप से निपटने के लिए वैज्ञानिकों, सरकारों, समुदायों तथा व्यक्तियों के बीच सहयोग व ज्ञान का साझा महत्वपूर्ण है। सरकारें, शोध संस्थान और एनजीओ एकसाथ काम कर वैज्ञानिक समझदारी को आगे बढ़ा रहे हैं तथा खोजी समाधानों के विकास के साथ सर्वोत्तम व्यवहारों का साझा कर रहे हैं। 'जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी समिति'-आईपीसीसी जैसी पहलें नीति निर्माताओं को अद्यतन वैज्ञानिक आंकलन प्रदान कर सही सूचना देती हैं। इनके आधार पर नीतियां बनाई जाती हैं तथा जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए कार्यक्रम बनते हैं।

इस दिशा में एक उल्लेखनीय सफलता भूटान द्वारा 1999 में निर्णय करने के पश्चात र्वांडा द्वारा 2008 में प्लास्टिक थैलों पर पूर्ण प्रतिबंध था। इस दूरगामी पहल से प्लास्टिक कचरे में भारी कमी आई तथा टिकाऊ विकल्पों की ओर गतिशीलता बढ़ी। र्वांडा के अध्ययन से पता चलता है कि परिवर्तन लाने में सरकार के कठोर निर्णय तथा व्यक्तिगत स्तर पर कार्रवाई महत्वपूर्ण है।

इसके साथ ही 'द ओसेन क्लीनअप' संगठन के माध्यम से 'ग्रेट पैसिफिक गार्बेज पैच क्लीनअप' अभियान चलाया गया। यह प्रशांत महासागर से प्लास्टिक कचरा हटाने का व्यापक अभियान था जिसमें अद्यतन तकनीक का प्रयोग कर प्लास्टिक कचरा हटाया गया। यह समुद्री जीवन पर मंडरा रहा खतरा घटाने तथा समस्या की गंभीरता के प्रति जनता में व्यापक जागरूकता पैदा करने का महत्वपूर्ण प्रयास था। 'युनाइटेड नेशन्स इन्वायरमेंट प्रोग्राम'-यूएनईपी, 'ग्रीनपीस' व 'डब्लूडब्लूएफ' जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान शुरू करने के साथ ही शोध करने तथा सरकारों व उद्योगों के साथ काम को महत्व दिया जाता है ताकि प्लास्टिक कचरा घटाने के साथ ही टिकाऊ विकल्पों को प्रोत्साहित किया जा सके।

भारत ने भी इस दिशा में उल्लेखनीय पहलें की हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' में कचरे को अलग-अलग करने, रिसाइक्लिंग तथा सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के विकल्पों को प्रोत्साहित किया गया है। 'प्लास्टिक कचरा मुक्त शहर' जैसे अभियान प्रभावी रूप से स्वयंसेवकों व नागरिकों की सहायता से जमीनी स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने का प्रयास कर रहे हैं। दुनिया भर में अनेक संगठनों ने इस गंभीर मुद्दे से निपटने के लिए काम किया है तथा कानून बना कर सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध, प्लास्टिक थैलों पर हतोत्साहन तथा रिसाइक्लिंग को प्रोत्साहन जैसे कदम उठाए हैं। इन संगठनों में 'युनाइटेड नेशन्स इन्वायरमेंट असेम्बली'-यूएनईए, 'बेसल कन्वेंशन आन द कंट्रोल आफ ट्रांसबाउंड्री मूवमेंट आफ हेजार्डस वेस्ट एंड देयर डिस्पोजल', 'ग्लोबल पार्टनरशिप आन मैरीन लिटर'-जीपीएमएल, 'ग्रुप आफ सेवन', 'ग्रुप आफ ट्वेंटी', आदि शामिल हैं।

हालांकि, इस दिशा में प्रगति हुई है, पर प्लास्टिक विभीषिका से निपटने की बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। नाकाफी कचरा प्रबंधन ढांचे से निपटना महत्वपूर्ण है। विकासशील देशों को अंतरराष्ट्रीय सहयोग मिलना जरूरी है ताकि वे प्लास्टिक कचरे से प्रभावी व टिकाऊ रूप से निपटने की अपनी क्षमता बढ़ा सकें। चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर परिवर्तन प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने का एक विकल्प है जहां संसाधनों का पुन: प्रयोग, रिसाइक्लिंग व रिपरपज़ किया जाता है। सरकारों तथा बिजनेसों को ऐसी पहलों का समर्थन करना चाहिए जिसमें प्लास्टिक उत्पादों के उत्पादन व डिजाइन में रिसाइक्लिंग तथा पुन: प्रयोग का ध्यान रखा जा सके।

पुन: प्रयोग वाले उत्पाद तैयार करने, प्लास्टिक उपभोग घटाने तथा रिसाइक्लिंग कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता से व्यक्ति सरकारों के सामूहिक प्रयासों में सहयोग कर प्लास्टिक प्रदूषण की भयावह वैश्विक चुनौती से निपटने में अपना योगदान कर सकते हैं।

# निकोटिन के सेवन से बढ़ता है मधुमेह का खतरा

"निकोटीन का सेवन या हीटेड नॉट बर्न तंबाकू उत्पाद किसी भी रूप में खराब होते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे मधुमेह भी हो सकता है?"

**एच पांडेय**

(लेखक, एक सर्जन हैं)



मधुमेह का वर्तमान बोझ बहुत अधिक है और विश्व स्तर पर हर गुजरते पल में बढ़ रहा है। भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में, यह मुख्य रूप से अधिक वजन, जल्दी मोटापे और अस्वास्थ्यकर जीवन शैली जैसे स्कूल जाने वाले बच्चों, किशोरों और युवा वयस्कों में निकोटीन उत्पादों की खपत की बढ़ती प्रवृत्ति से प्रेरित है। वर्ष 2019 के अनुमानों से पता चलता है कि भारत में 77 मिलियन लोग मधुमेह के शिकार थे, जो कि 2045 तक बढ़कर 134 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है, जो कि निकोटीन की शुरुआती खपत के साथ जुड़े या ट्रिगर होने पर और भी बुरा परिणाम होगा।

भविष्य के दृष्टिकोण में भारत सरकार ने इस संघ की रुग्णता को महसूस किया और 2010 में कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक (एनपीसीडीसीएस) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया। मार्च 2017 तक, गैर-संचारी रोग कोशिकाएं जो मदद करती हैं योजना, निगरानी और रिपोर्टिंग गतिविधियों के साथ भारत सरकार द्वारा 719 जिलों के 390 (55 प्रतिशत) में स्थापित किया गया था जो नए मामलों की निगरानी और ट्रैक करने और परिणामों के लिए पंजीकृत अनुवर्ती कार्रवाई करने के लिए एक बहुत अच्छी पहल है। इसके अलावा, चूंकि मधुमेह अभी भी एक अधिसूचित स्थिति नहीं है, इसलिए निजी क्षेत्र में इलाज कराने वाले रोगियों पर सीमित आंकड़े उपलब्ध हैं, इस प्रकार इसका वास्तविक बोझ अज्ञात है। नतीजतन, भारत में मधुमेह के बोझ को वास्तव में बहुत कम करके आंका जा सकता है।

हर कोई जानता है कि निकोटीन का सेवन (वापिंग) या हीटेड नॉट बर्न तम्बाकू उत्पाद, जैसा कि आईक्यूओएस जैसे उपकरणों के माध्यम से जारी किया जाता है, किसी भी रूप में आपके लिए बुरा है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे मधुमेह हो सकता है? और अगर आपको मधुमेह है, तो वापिंग इसे और भी बदतर बना सकता है। आप यह जानकर आश्चर्यचकित और भयभीत हो सकते हैं कि वे कैसे जुड़े हुए हैं और क्यों छोड़ना अभी भी आपके स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छी चीजों में से एक है।

हमारे शरीर में मौजूद इंसुलिन रक्त शर्करा को रक्त से दूर कोशिकाओं के अंदर प्रवेश करने में मदद करता है, लेकिन निकोटीन के संपर्क में आने से कोशिकाओं में परिवर्तन होता है, जिससे वे इंसुलिन के लिए पर्याप्त रूप से प्रतिक्रिया नहीं करते हैं, जिससे रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है। ई-सिगरेट या एचएनबी में मौजूद रसायन पहले से ही आपके शरीर में कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और सूजन पैदा करते हैं जिससे कोशिकाएं इंसुलिन का जवाब देना बंद कर देती हैं जिससे मधुमेह का स्तर और बिगड़ जाता है। निकोटीन उपभोक्ताओं में पेट की चर्बी का आनुपातिक रूप से अधिक जोखिम होता है, जो शरीर में लिपिड घटकों (जैसे एलडीएल, वीएलडीएल) को बढ़ाता है।

इसलिए यदि आप अभी भी निकोटीन उत्पादों का उपयोग करने का निर्णय लेते हैं, चाहे वे गर्म हों या गर्म न हों, तो आपको निकोटीन का सेवन न करने वाले लोगों की तुलना में टाइप 2 मधुमेह होने की संभावना 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत अधिक है। जितना अधिक आप किसी भी प्रकार के निकोटीन का सेवन जल्दी शुरू करते हैं, आपका जोखिम उतना ही अधिक होता है, इस प्रकार टाइप 2 मधुमेह के लिए आपका जोखिम बढ़ जाता है, भले ही आपका वजन अधिक न हो।

निकोटीन उत्पाद का उपयोग, जो 2016 में भारत में कुल बीमारी के बोझ का 6ल के लिए जवाबदेह था, अब मधुमेह और हृदय रोग में एक और महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है।

द ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी 2016 ने बताया कि मोटापा और तंबाकू का उपयोग मधुमेह के कारण मृत्यु के सबसे महत्वपूर्ण जोखिम कारकों में से एक है। मधुमेह एक प्रगतिशील विकार है जो आंखों, गुर्दे, रक्त वाहिकाओं, हृदय और वस्तुत: मानव शरीर की अन्य सभी प्रणालियों से जुड़ी गंभीर जटिलताओं की ओर ले जाता है, जो परिवार, समुदाय और स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की बढ़ती लागत से जुड़ी हैं। 1990 और 2023 के बीच 195 देशों में किए गए 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी' ने इस तथ्य को सामने लाया कि निम्न और मध्यम आय वाले क्षेत्रों में मधुमेह का अधिक बोझ था, जबकि उच्च आय वाले क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण रूप से पीछे नहीं थे। मधुमेह का बोझ जो उनकी जीवन शैली संबंधी विकारों जैसे शुरुआती निकोटीन या इसके उत्पादों से संबंधित खपत पैटर्न (वापिंग आदि) के सीधे आनुपातिक है।

बीड़ी और कच्ची तंबाकू की खपत कम उम्र से ही कम सामाजिक आर्थिक समूहों में शुरू हो जाती है, जबकि वैपिंग और एचएनबी तेजी से पकड़ बना रहे हैं क्योंकि शहरी बच्चों और किशोरों में स्टाइल स्टेटमेंट मधुमेह और निकोटीन की खपत के बीच इस जुड़ाव को खुशी से और कई गुना बढ़ा देते हैं। आदत को तोड़ना सबसे अच्छी चीजों में से एक है जो आप अपने स्वास्थ्य के लिए कर सकते हैं।

मधुमेह का प्रबंधन करना चुनौतीपूर्ण है, और किसी भी रूप में वैपिंग इसे और भी अधिक बना सकता है। निकोटीन आपके रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ाता है और उन्हें संभालना कठिन बना देता है। मधुमेह वाले लोग जो वशीकरण करते हैं, उन्हें अक्सर अपने रक्त शर्करा को अपने लक्ष्य स्तर के करीब रखने के लिए इंसुलिन की बड़ी खुराक की आवश्यकता हो सकती है। केवल मधुमेह का इलाज करना पर्याप्त नहीं हो सकता है क्योंकि यह केवल रक्त शर्करा के स्तर का ख्याल रखेगा, निकोटीन उत्पादों के एक साथ समाप्ति को सभी प्रायोजित या स्वयं सहायता कार्यक्रमों में प्राथमिक हाइलाइट होना चाहिए।

मधुमेह और निकोटीन की खपत की शुरुआती शुरुआत के बीच प्रत्यक्ष जोखिम लिंक पर संवेदनशीलता को सभी अवसरों और मोर्चों पर ईमानदारी से और गंभीरता से निपटाया जाना चाहिए। संभावित मधुमेह रोगियों या हृदय रोगियों की बढ़ती संख्या के कारण ई-सिगरेट के खतरे का प्रतिरोध जारी रखना होगा।

## आप की बात

### नागरिकों को साधुवाद

**पश्चिमी अमेरिकी** राज्य एमॉन्टाना के उन 16 बच्चों को साधुवाद जिन्होंनेए पुरे अमेरिकी इतिहास में पहली बार जलवायु परिवर्तन रोकने में विफल रहने के कारण स्थानीय राज्य सरकार के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। शायद पूरे विश्व का यह पहला मामला हो जहाँ के कुछ कर्मठ युवा कार्यकर्ताओं ने वो काम किया है जिसकी उम्मीद हम अपने हुक्मरानों से रखते थे । इनका आरोप है कि राज्य ने स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण के उनके संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन किया है। मोंटाना में जीवाश्म ईंधन उद्योग के लिए राज्य सरकार का चल रहा समर्थन उन्हें असमान रूप से नुकसान पहुंचा रहा है। यह मामला देश दुनिया में इसी तरह के मुकदमों के लिए एक उदाहरण स्थापित कर सकता है। मोंटाना एक प्रमुख कोयला निर्यातक है और अमेरिका में कोयले का सबसे बड़ा भंडार है। कोयला उद्योग में नौकरियां राज्य में औसत आय से लगभग 30 प्रतिशत अधिक भुगतान करती हैं। पूरी दुनिया की सरकारें फासिल ईंधनों के खिलाफ कोई ठोस एवं कड़े कदम उठाने से डर रहीं हैं। जिससे धरती का तापमान बेतहासा बढ़ रहा है। इसके भयानक नतीजे हर जगह दिख रहे हैं, पर अधिकांश देशों की सरकारें निहित स्वार्थी तत्वों के कारण निष्क्रिय हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### विपक्षी एकता

**विपक्षी एकता** के दूत के रूप में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देशभर में घूम रहे हैं। 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की एक बैठक होने जा रही है जिसमें अनेक दलों के शामिल होने की उम्मीद है। हालांकि, एकजुटता दिखाने का मौका पिछले दिनों कर्नाटक में मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण में भी मिला था, लेकिन उसमें आम आदमी पार्टी-आप के अरविंद केजरीवाल व तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को बुलाया नहीं गया तो ममता बनर्जी गईं ही नहीं। बीजद, जनता दल सेक्युलर, बसपा, शिरोमणि अकाली दल, टीडीपी व वाईएसआर कांग्रेस के नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल होने का यह अर्थ निकाला गया कि वे भाजपा-विरोधी मोर्चा का हिस्सा नहीं बनेंगे। स्पष्ट है कि भाजपा से मुकाबले के लिए सभी गैर भाजपा या गैर राजग दलों की एकता संभव नहीं दिखती है। अनेक विपक्षी दलों में भी परस्पर दुराग्रह व्याप्त है जिसके चलते वे पहले एक-दूसरे को निपटाने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस से आप व अनेक क्षेत्रीय दलों का टकराव किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में विपक्षी एकता की अवधारणा एक प्रकार से बीरबल की खिचड़ी जैसी लगती है।

– **सदन जी,** पटना

### हरियाणा की पहल

**हरियाणा** की खट्टर सरकार ने प्रदेश के सभी पद्म पुरस्कार विजेताओं को प्रति माह 10,000 रुपये देने और बस यात्रा मुफ्त करवाने का ऐलान किया है। खट्टर सरकार का यह सराहनीय व अनुकरणीय कार्य है! अब तक पद्म पुरस्कार व अन्य पुरस्कारों में विशिष्ट योग्यता वाले लोगों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिह्न दिया जाता है जो उनके गौरव को तो बढ़ाता है, मगर उनके जीवन में अन्य कोई उपयोग या सहयोग नहीं कर पता है। वर्तमान समय में जबकि सांसद, विधायक व मंत्री अपनी प्रति माह की तनख्वाह खुद ही बढ़ा कर लाखों रुपए महीना तय कर लेते हैं और अनेक अनेक मुफ्त सुविधायें प्राप्त करते हैं। ऐसे में यदि पद्म पुरस्कार व सैनिकों को दिए गए बड़े पुरस्कार विजेताओं को यदि देश के सभी राज्य प्रति माह उचित मानदेय, मुफ्त यात्रा व अन्य सुविधाएं दें तो यह उनके कार्य का सही-सही सम्मान होगा और इससे पुरस्कार विजेताओं तथा उनके परिवार के जीवनयापन में बहुत बड़ा सहारा प्राप्त हो सकेगा। देखना होगा कि अन्य राज्यों में शासन करने वाली व विपक्ष में बैठने वाली पार्टियां हरियाणा सरकार के इस निर्णय को किस तरह लेती हैं।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### सुप्रिया को कमान

**सुप्रिया सुले** के हाथ में एनसीपी की कमान देने का अभियान तो शरद पवार के तथाकथित इस्तीफे से ही शुरू हो गया था। पार्टी पर अपनी पकड़ की जांच पड़ताल करने के बाद उन्होंने अंतत: दो अध्यक्ष बना दिए, मगर असली शक्तियां सुप्रिया सुले के हाथ में ही हैं। सुप्रिया सुले कह रही है कि यदि उन्हें महाराष्ट्र में बहुमत मिलेगा तो मुख्यमंत्री अजीत पवार ही होंगे। लेकिन न एनसीपी को महाराष्ट्र में पूर्ण बहुत मिलने वाला है और न अजीत पवार मुख्यमंत्री बनने वाले हैं। अब अजीत पवार को अपने भविष्य का फैसला यथाशीघ्र कर लेना चाहिए, नहीं तो दुविधा में दोनों गये-माया मिली ना राम, वाला मामला हो जाएगा। लगता है कि शरद पवार ने बड़े कुटिल तरीके से अजीत पवार का पत्ता साफ कर दिया है और इस ढंग से किया है कि उनकी पार्टी को कोई नुकसान न पहुंचे। अब अजीत पवार की असली राजनीतिक परीक्षा शुरू हुई है कि वह किस दल से जुड़ते हैं या अपना अलग से कोई दाल बनाते हैं। अब एनसीपी में उनके पर कतर दिए गए हैं और वह स्वच्छंद उड़ान नहीं भर सकते। देखना होगा वे क्या करेंगे?

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 15 जून, 2023



# चुनौतियों को पार करने के लिए शिक्षा में भक्ति जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रदेश के मेधावियों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को निरंतर प्रयास करते रहने का संदेश दिया और कहा कि जीवन में कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। शिक्षा से आप जीवन की सभी चुनौतियों का सामना कर सकेंगे। शिक्षा में भक्ति होनी चाहिए। भक्ति में रावण ने कैलाश पर्वत उठा लिया था पर अहंकार में अंगद का पैर भी नहीं उठा पाया था। अगर आपने ये सोच लिया कि अब तो 99 प्रतिशत आ गए अब मेहनत करने की जरूरत नहीं तो आपको मुश्किल होगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शिक्षा में भक्ति होने पर आप जीवन की सभी चुनौतियों को पार कर सकेंगे।

बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमें जीवन में आने वाले संकटों का धैर्यपूर्वक सामना करना चाहिए और कड़ी मेहनत करनी चाहिए क्योंकि शॉर्टकट का मार्ग कभी सफलता नहीं दिलाता है। उन्होंने कहा कि अब नकलविहीन परीक्षा यूपी की हकीकत है। यह बीते छह वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में किए जाने वाले बड़े बदलाव हैं। पहले एक-डेढ़ महीने तक बोर्ड परीक्षाएं होती रहती थीं पर अब 15 दिन में बोर्ड परीक्षा होने के बाद समय पर परिणाम घोषित कर दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर चुनौती परीक्षा की घड़ी होती है। संकट सामने आए तो उससे भागने की जगह उसका सामना करना चाहिए। शॉर्टकर्ट का मार्ग कभी सफलता की मंजित तक नहीं पहुचा सकता। चुनौतियों से जूझते हुए, ईमानदारी से और अपने पुरुषार्थ से सफलता की मंजिल को चूमना ही वास्तविक सफलता है। भारत ने कोविड कालखंड में इसे साबित करके दिखाया है, जब पूरी दुनिया इस महामारी के सामने पस्त हो गई थीए तब भारत फ्री जांच, फ्री उपचार और फ्री वैक्सिनेशन के कार्यक्रम चला रहा था। इतना ही नहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए शिक्षा के क्षेत्र में आजादी के बाद सबसे बड़े बदलाव को भी कोविड काल में ही लागू किया गया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि आज राजधानी में सभी बोर्ड के टॉप टेन मेधावियों को सम्मानित करने का कार्य किया गया है। इसके अलावा जनपद स्तर के टॉप 10 मेधावियों को भी सरकार के मंत्रीगण और जन प्रतिनिधियों ने सम्मानित किया है। उन्होंने बताया कि यूपी में दो करोड़ छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किया जा रहा है। इसके अलावा अभ्युदय कोचिंग, शिक्षकों को ऑनलाइन क्लास से जोड़ना। लंबे समय से रिक्त पदों पर शिक्षकों की उपलब्धता की व्यवस्था की गई है। जर्जर विद्यालयों के कायाकल्प का कार्य किया गया। नए संस्थान खोले जा रहे हैं। गरीब बच्चों के लिए 18 अटल आवासीय विद्यालय खोले जा रहे हैं। बिना किसी भेदभाव के शासन की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है। यही वास्तविक रामराज्य है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान मेधावी बच्चों, सीतापुर की प्रियांशी सोनी, महोबा के शुभ, चंदौली के इरफान, मुरादाबाद की कोषा शर्मा, मेरठ की राधिका सिंघल और आगरा की अभिषि सिंह को सम्मानित किया। समारोह में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे।

## मृतक के परिजनों को 4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने के दिए निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद देवरिया में डूबने से हुई जनहानि पर गहरा शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को तत्काल प्रत्येक मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

# 15 से 21 जून तक मिलकर मनाया जायेगा योग सप्ताह: दयालु

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के आयुष राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा दयाशंकर मिश्र, दयालु ने कहा कि योग, वह अमूल्य उपहार है जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। हमारे ऋषि मुनियों के इस प्रसाद से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया को परिचित कराया है। उन्होने बताया कि इस वर्ष 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम हर घर.आंगन योग रखी गई है, जिससे योग के माध्यम से प्रत्येक परिवार को कल्याण एवं स्वास्थ्य प्राप्त हो सके।

डा दयालु ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को योग का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से इस वर्ष 15 जून से 21 जून 2023 तक योग सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा। योग सप्ताह की अवधि में जिला मुख्यालयों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होने बताया कि सार्वजनिक पार्कों में प्रतिदिन प्रात:काल 6 बजे से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास होगा। विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, स्कूल, कॉलेज में योग से संबंधित सेमिनार, कार्यशाला आयोजित की जायेंगी। जिसमें आधुनिक जीवन शैली में योग की भूमिका, मानसिक विकारों के प्रबंधन में योग की भूमिका, योग, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली,पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन, भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। आयुष मंत्री ने बताया कि योग सप्ताह में स्वयंसेवी संस्थाओं, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों, धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं, योग संस्थानों, एनसीसी कैडेट, स्काउड एंड गाइड और एनएसएस स्वयंसेवकों को योग दिवस से जोड़ा जायेगा। उन्होने बताया कि अधिकाधिक जन को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्वपूर्ण आयोजन से जोड़ने के लिए जन जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे है। डा दयालु ने बताया कि 21 जून के मुख्य समारोह को सभी 58 हजार ग्राम पंचायतों और 762 नगरीय निकायों में आयोजित किया जायेगा। उन्होने बताया कि सभी 14 हजार वार्डों में योगाभ्यास के लिए पार्षदों के माध्यम से स्थान चिन्हित कराये जा रहे है।

# मुख्य सचिव ने इलेक्ट्रिक व्हीकल जागरूक पोर्टल किया लांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बुधवार को राजधानी के एक होटल में आयोजित वर्कशाप ऑन लॉन्च ऑफ काम्प्रिहेन्सिव इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लान फार लखनऊ में प्रतिभाग किया। वर्कशाप का आयोजन प्रदेश सरकार, एशियन डेवलपमेंट बैंक और नीति आयोग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने इलेक्ट्रिक व्हीकल जागरूक पोर्टल को भी लांच किया।

मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बढ़ती वाहनों की संख्या, प्रदूषण और दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए 17 नगर निगमों सहित नोएडा व ग्रेटर नोएडा में काम्प्रिहेन्सिव इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लान की आवश्यकता है। शहर में मोबिलिटी के वजह से कार्बन फूटप्रिंट बढ़ता है, लगभग 24 से 25 प्रतिशत प्रदूषण का कारण मोबिलिटी है। इससे बचाव के लिए भारत सरकार द्वारा कई योजनायें चलायी जा रही हैं। उत्तर प्रदेश के 5 जनपदों में मेट्रो योजना की शुरुआत की गई। दिल्ली से मेरठ तक आरआरटीएस चालू होने जा रही है। इससे कार्बन फूट प्रिंट को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि शहर में लोग निजी वाहन से कम से कम यात्रा करें, इसके लिये सिटी ट्रांसपोर्ट के तहत बसें चलायी जा रही हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाया जा रहा है। 745 इलेक्ट्रिक बसें शहरों में चल रही हैं। अभी हाल ही में 1500 नई इलेक्ट्रिक बस क्रय करने की मंजूरी प्रदान की गई है। इस तरह कुल लगभग 2500 इलेक्ट्रिक बसें शहरों में चलेंगी। इन बसों को एक वर्ष के भीतर लखनऊ, अयोध्या, कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी शहरों में चलाने के लिये नगर विकास विभाग द्वारा कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार कार्बन फूट प्रिंट को कम करने के लिये वाराणसी में लगभग 5 कि0मी0 रोपवे चलाने जा रहे हैं। बनारस से डिब्रूगढ़ तक सबसे लम्बा क्रूज चलाया जा रहा है। शहरों में नदियों पर भी क्रूज चलाने पर विचार करने की जरूरत है। टेक्नोलॉजी बदल रही है, प्रदूषण कम करने के लिये टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग करना चाहिये। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी से लोगों को बेहतर क्वालिटी ऑफ लाइफ मिलेगी। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि एयर क्वालिटी इंडेक्स में उत्तर प्रदेश के शहरों का बेहतर परफार्मेंस रहा है। स्मार्ट सिटी परियोजना के लर्निंग से शहरों की सड़कों को साईकिल व पैदल चलने के अनुकूल बनाया जा रहा है। कॉप 26 बैठक में प्रधानमंत्री ने भारत में शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में इलेक्ट्रिक मोबिलिट की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। देश में सर्वाधिक लगभग 4.5 लाख इलेक्ट्रिक व्हीकल उत्तर प्रदेश में चल रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार अरविन्द कुमार, प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास नरेंद्र भूषण, प्रमुख सचिव परिवहन वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश, मंडलायुक्त लखनऊ रौशन जैकब, जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार, नगर आयुक्त लखनऊ इंद्रजीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# प्रदेश में सुरक्षा का अभूतपूर्व वातावरण: डॉ. नीरज बोरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भाजपा** विधायक डा. नीरज बोरा केन्द्र की पूर्ववर्ती सरकारों में भ्रष्टाचार चरम पर था, योजनाओं का केवल पन्द्रह प्रतिशत लाभ ही पात्रों तक पहुंचता था। वर्तमान भाजपा सरकार में सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की पूरी धनराशि पात्र लाभार्थियों के खाते में सीधे पहुंच रही है। भारत की प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में बढ़ी है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में ही संभव हुआ है। ये बातें डॉ. नीरज बोरा ने पीएम मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कहीं। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने सवा सौ करोड़ लोगों के टीकाकरण किया और साथ ही दुनिया के कई देशों को टीके की आपूर्ति भी की। उस कठिन दौर में देशवासियों को खाद्यान्न वितरित कराया ताकि कोई भूखा न मरे। आज भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आ रहा है। केंद्र सरकार की तरफसे लगभग 376 जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। देश में यह पहली सरकार है जिसने किसान, नौजवान, व्यापारी के साथ ही पटरी व्यवसायियों के आर्थिक उन्नयन के लिए भी योजनाएं संचालित की हैं। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने सफलता के कीर्तिमान स्थापित किये हैं। माफियाराज जमीन्दोज है। सुरक्षा का अभूतपूर्व वातावरण बना है।

## सपा अल्पसंख्यक सभा की 65 सदस्यीय राष्ट्रीय कमेटी घोषित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद इक़बाल ख़ां क़ादरी ने अनुमोदित 65 सदस्यीय राष्ट्रीय कमेटी जारी कर दी है। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय कमेटी में हाजी मो. मोनिस तुर्क झोझा राष्ट्रीय महासचिव सम्भल, 6 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आफताब कुरैशी महाराजगंज, रईस अहमद सैय्यद गोण्डा, मु. फरीद शेख हमीरपुर, मो. दानिश सैफी कोलकता, मु. आरिफ चौधरी गुज्जर शामली, मकसूद हुसैन सैय्यद प्रयागराज तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रईस अहमद खान हमीरपुर के अलावा 40 राष्ट्रीय सचिव व 13 राष्ट्रीय सदस्य, 3 विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किये गए हैं।

## नकल माफिया से जिला व पुलिस प्रशासन सक्रिय रहे: मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में आयुष, कृषि, प्राविधिक शिक्षा, ऊर्जा, अतिरिक्त ऊर्जा आदि विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई तथा जन शिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये। इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि 26 एवं 27 जून 2023 को प्रदेश के 18 मण्डल मुख्यालय एवं नोएडा व गाजियाबाद में ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी की परीक्षा प्रस्तावित है। यह परीक्षा चार पालियों में 737 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। इस परीक्षा में 14 लाख 27 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। सभी जनपदों में लोगों का अत्यधिक मूवमेंट होगा। किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसलिये रेलवे व परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर ली जाये। परीक्षा में महिला अभ्यर्थी भी शामिल होंगी, उनकी सुरक्षा के लिये विशेष प्रबंध किये जायें। उन्होंने कहा कि परीक्षा पर किसी तरह का प्रश्नचिन्ह न लगे, इसलिये परीक्षा को पूर्व परीक्षाओं की भांति पूरी पारदर्शिता के साथ नकलविहीन संपन्न करायी जाये।

# भाजपा सरकार ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था बर्बाद कर दी: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। बिजली की उपलब्धता मात्र कागजों पर है। 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा करने वाली भाजपा सरकार में अघोषित बिजली कटौती के चलते जनता त्राहि-त्राहि कर रही है।

उन्होंने कहा कि बिजली का महंगा बिल भरने के बाद भी लोग गर्मी में उबल रहे हैं। प्रदेश में प्रचंड गर्मी से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। लोगों की परेशानियों से बेखबर भाजपा के नेता टिफिन खाने का नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह जानकारी तो पहले से ही थी कि इस वर्ष भीषण गर्मी पड़ेगी। इसके हिसाब से भाजपा सरकार को तैयारी करनी थी। भाजपा सरकार छह साल से सत्ता में है किन्तु भाजपा ने विद्युत संकट से उबारने के लिए कुछ किया ही नहीं। सरकारी नाकारापन के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। अखिलेश ने कहा कि शहरों में बिजली की आवाजाही का कोई निर्धारित समय नहीं है। बिजली विभाग में अराजकता व्याप्त है। गांवों में खेती किसानी के लिए बिजली का संकट बहुत भारी पड़ रहा है। खुद प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में 24 घंटे की जगह हफ्ते में 24 घंटे बिजली आ रही है। बदहाली के दौर में रोजाना ओवर लोड होते ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। बिना शेड्यूल पावर कट होता है। राजधानी लखनऊ तक में बिजली की अक्सर ट्रिपिंग के साथ कई जगहों पर ट्रांसफार्मर फुंकने से दो तीन दिन तक बिजली-पानी का संकट रहता है। बिजली की किल्लत कम होने से रही। चूंकि जनता के दु:ख दर्द से भाजपा का कोई नाता.रिश्ता नहीं है इसलिए मुख्यमंत्री को कभी जरूरत ही महसूस नहीं हुई कि वे बढ़ती मांग के सापेक्ष बिजली उत्पादन पर ध्यान दे। भाजपा की 6 साल की सरकार में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं हुआ। समाजवादी सरकार में नई सौर ऊर्जा नीति की घोषणा के अतिरिक्त सोलर पावर प्लांट भी स्थापित किए गए थे। गूर्मी- लू और मंहगे बिजली बिल के थपेड़े झेल रही जनता भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करके ही अब 2024 के चुनाव में जोर का झटका देने वाली है।

## बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय पर बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी के समक्ष उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये हुए लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता पंकज तिवारी ने बताया कि सदस्यता ग्रहण करने वालो में जनपद कानपुर से रत्नेश शुक्ला, राजेश तिवारी, स्वाती सिंह, अनिल कुमार मिश्रा, डॉ. अजय मिश्रा, नन्दलाल, रानी यादव, जनपद फतेहपुर से शिव नन्दन मिश्रा, पुनीत शुक्ला, संजय मिश्र, जनपद उन्नाव से कृपा शंकर वर्मा तथा जनपद अजामगढ़ से किरन कुमारी, रतन कुमार मिलिंद, अनिल कुमार, शर्मिला राजभर को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने तिरंगा पट्टी पहनाकर एवं सदस्यता कार्ड प्रदान कर विधिवत रूप से कांग्रेस पार्टी में शामिल कराया तथा सभी को बधाई दी। प्रवक्ता पंकज तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व विधायक संजय कपूर, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन आलोक प्रसाद, सेवादल कांग्रेस मध्य जोन के अध्यक्ष राजेश सिंह काली, प्रदेश प्रवक्ता पंकज तिवारी, विकास श्रीवास्तव आदि प्रमुख रहे।

# भीषण गर्मी में 28 हजार मेगावाट के करीब विद्युत आपूर्ति कर सरकार ने बनाया रिकॉर्ड

● 13 जून को अब तक की सर्वाधिक 27611 मेगावाट तक रही प्रदेश में विद्युत की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार प्रदेश में भीषण गर्मी के बावजूद बढ़ी मांग के अनुरूप प्रदेशवासियों को बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। प्रदेश में विद्युत मांग पिछले सभी रिकार्ड तोड़कर 27 हजार से ज्यादा पहुंच गई हैं। 10 जून को पहली बार विद्युत मांग 26672 मेगावाट के सापेक्ष आपूर्ति सुनिश्चित की गयी थी। फिर 13 जून को 27611 मेगावाट मांग के सापेक्ष विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करके पावर कारपोरेशन ने विद्युत आपूर्ति का नया रिकार्ड बनाया है। प्रदेश के इतिहास में इतनी आपूर्ति कभी नहीं की गई है।

प्रदेश में भयंकर गर्मी पड़ रही है। पारा 45.46 के आस पास पहुंच रहा है। ऐसी स्थिति में विद्युत की मांग में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है। मानसून का प्रभाव प्रदेश में आने तक लगभग एक सप्ताह का समय है। ऐसी स्थिति में यह मांग 28000 मेगावाट से ज्यादा तक पहुंच सकती है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन मांग के अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है। कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने कहा है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लगातार अपने सिस्टम को अपग्रेड करने की कोशिश कर रहा है। भारत सरकार की आरडीएसएस योजना प्रारम्भ हो चुकी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के डिस्कामों को गुणवत्ता पूर्ण निर्बाध विद्युत आपूर्ति किया जाना एवं लाइन हानियां कम करना है। इसमें 35384 करोड़ रुपए प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के आधुनिकीकरण एवं बेहतरी के लिए खर्च किए जाएंगे।

**तीन लाख से ज्यादा क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर बदले गए:** आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत विद्युत व्यवस्था सुधार के कार्य प्रारंभ हो गए हैं। अभी तक 1137 किमी एबी केबिल डाली जा चुकी है। 223.93 किमी एलटी लाइनों को भूमिगत किया जा चुका है। उपभोक्ताओं के परिसर पर 30 किमी आर्मर्ड सर्विस केबिल लगाए जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को निश्चित समयावधि में बदलने का कार्य सुनिश्चित हो रहा है। 1 अप्रैल 2022 से आज तक तीन लाख से ज्यादा 315283 क्षतिग्रस्त ट्रांसफर्मरों को बदला गया है। साथ ही अति भारित परिवर्तकों की क्षमता वृद्धि भी की जा रही है। बिजनेस प्लान के तहत 7092 परिवर्तकों की क्षमता वृद्धि की जा चुकी है। प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निश्चित शिडयूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

**नहीं हुई इमरजेंसी रोस्टरिंग:** भीषण गर्मी के चलते मंगलवार को ही यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज ने 22 जून तक प्लांड शटडाउन पर रोक लगाई थी और इसका असर भी दिखना शुरू हो गया। स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों को निश्चित शिडयूल से भी ज्यादा 18 घण्टे 5 मिनट, पंचायतों को 21.30, तहसील 21.30, बुन्देलखण्ड 20, जिला, मण्डल, महानगर तथा उद्योगों को 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। पूरे प्रदेश में कहीं भी इमरजेन्सी रोस्टरिंग नहीं की गई।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे प्राथमिक विद्यालयों के छात्र



● समर वेकेशन के बीच 21 जून को खोले जाएंगे प्रदेश भर के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**21** जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। समर वेकेशन के बीच 21 जून को खासतौर पर योग दिवस के लिए प्रदेश भर के स्कूल खोले जाएंगे और यहां बच्चे न सिर्फ योगाभ्यास करेंगे, बल्कि उन्हें मिष्ठान, फल एवं शुद्ध पेयजल का भी वितरण किया जाएगा। यही नहीं, इस दिन बच्चों के लिए विभिन्न शैक्षिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा और इनमें टॉप.3 पर रहने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। योग दिवस से एक दिन पूर्व 20 जून को विद्यालय में साफ -सफाई कराई जाएगी। नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के संबंध में मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण एवं शिक्षा निदेशक बेसिक की ओर से इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को व्यापक स्तर पर आयोजित करने की तैयारी की है। इसी क्रम में इस वर्ष उत्तर प्रदेश में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है।

## सभी प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय होंगे शामिल

**मध्यान्ह** भोजन प्राधिकरण के निदेशक विजय किरण आनंद द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी विद्यालयों में उपस्थित छात्रों के मध्य मिष्ठान तथा खीरए हलवा आदिए फल एवं शुद्ध पेयजल का वितरण किया जाए। आदेश में ये भी कहा गया है कि योग दिवस को लेकर शिक्षा निदेशक बेसिक द्वारा जारी निर्देशों का भी अनुपालन अनिवार्य रूप से किया जाए। शिक्षा निदेशक बेसिक की ओर से दिए गए निर्देशों में प्रदेश के समस्त प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों को योग गतिविधियों में शामिल होने को कहा गया है। निर्देशों के अनुसार, 20 जून को सभी जनपदों के समस्त प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं बच्चों को प्राणायाम, आसन, ब्रीथिंग अभ्यास, योग से होने वाले लाभों के संबंध में जागरूक करने के साथ ही समस्त समस्त प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाए। गतिविधियों के सफल आयोजन के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक नोडल के रूप में कार्य करेंगे।

## शैक्षिक प्रतियोगिताओं का भी होगा आयोजन

**21** जून को समस्त प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यपक, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं बच्चों को प्राणायाम, सूर्यनमस्कार एवं ब्रीथिंग का अभ्यास कराया जाएगा। इसके बाद विद्यालय स्तर पर बच्चों के बीच आसनए प्राणायाम और ध्यान जैसी योग क्रियाओं का आयोजन होगा। यही नहीं, कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के मध्य योग विषय पर पोस्टर, निबंध, क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

# समाज के सभी वर्गों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए:धर्मपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे महा जनसम्पर्क अभियान के अन्तर्गत हो रहे कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर अभियान से जुड़े पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक बुधवार को पार्टी मुख्यालय पर सम्पन्न हुई।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक में महा जनसम्पर्क अभियान के तहत प्रदेश में अब तक सम्पन्न हुए कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने महासम्पर्क अभियान के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों में समाज के सभी वर्गों के लोगों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए व्यापक चर्चा की। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक में महासम्पर्क अभियान के अन्तर्गत अब तक हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम इस बार 18 जून को होगा। मन की बात के कार्यक्रम पूरे प्रदेश में बूथ स्तर तक आयोजित हो। कार्यक्रम में बूथ समिति के सदस्यों के साथ-साथ आम जनमानस की भी सहभागिता के लिए योजनापूर्वक कार्य करना होगा। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने 21 जून को योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के संदर्भ में भी बैठक में चर्चा की। उन्होंने कहा पूरे प्रदेश में शक्ति केन्द्र पर योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जायें।

# बीस मेधावियों को मिला प्रशस्ति-पत्र और मेडल

● केंद्रीय मंत्री के हाथों सम्मान पाकर खुशी से झूम उठे मेधावी, जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने दिए सफलता के टिप्स

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**खीरी** में बुधवार का दिन टॉपर विद्यार्थियों के लिए खास रहा। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट सभागार में यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों का भव्य अलंकरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमे मेधावियों को प्रोत्साहन राशि के साथ ही एक -एक टैबलेट और मेडल भी प्रदान किया। माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय के साथ दीप जलाकर, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, विधायक एवं डीएम की मौजूदगी में जिले के अधिकारियों व हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं ने सजीव प्रसारण देखा। लखनऊ में सम्मान समारोह कार्यक्रम समाप्त होने के बाद अजय मिश्र टेनी ने जनप्रतिनिधियों, अफसरों के साथ प्रदेश स्तर की टॉप टेन सूची में अपना नाम दर्ज कराने पर अपूर्वा शर्मा हाईस्कूल व शांभवी वर्मा और शिवांशु पटेल इंटर को प्रदेश स्तर पर जिले का झंडा बुलंद करने के लिए एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि व एक टैबलेट सहित मेडल और प्रशस्ति पत्र दिया। वहीं जिले के टॉप टेन मेधावियों बच्चों को सम्मानित किया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने मेधावियों के साथ उनके गुरुजन व अभिभावकों को बधाई दी। कहा कि आज आप अमृतकाल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अपनी ऊर्जा के अनुरूप मेहनत करते हुए जिले और राष्ट्र का गौरव बढ़ाएं। मेधावी बच्चों से अन्य बच्चे प्रेरणा लें। मन लगाकर पढ़ाई करें। कभी भी कठिन परिश्रम से मुंह न मोड़ने की सीख देते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति व कठिन परिश्रम के सहारे कोई भी समाज में मनचाहा मुकाम हासिल कर सकता है। शिक्षा का अर्थ केवल डिग्री लेना नहीं बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण का माध्यम बनना भी है। नई शिक्षानीति एक नया अवसर है। उसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमेशा कोशिश करने वालों की ही जीत होती है। कम्पटीशन युग में अपने को कड़ी मेहनत के लिए तैयार करें। विधायक योगेश वर्मा ने सभी मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों को नसीहत दी कि आप चाहे जिस भी पद पहुंचे, गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना ही आपका संकल्प होना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने छात्र-छात्राओं को सीख दी कि हमेशा सकारात्मक सोच के साथ अपने लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए पूरी शिद्दत के साथ जुट जायें। डीएम अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के संकल्प के अनुसार प्रदेश में शुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई नकल विहीन परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है। मेधावी छात्र-छात्राओं ने कठिन परिश्रम से बोर्ड परीक्षा को उल्लेखनीय अंकों के साथ उत्तीर्ण कर परिवार व जिले का नाम रोशन किया है।

# सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का दावा साबित हो रहा खोखला

● चोट लगने पर अस्पताल पहुंचने वाले घायल को अपने हाथों करनी पड़ रही मरहम पट्टी

● डॉक्टर और फार्मासिस्ट गंभीर चोट लगने वाले मरीजों को नहीं लगाना चाहते हाथ

**संवाददाता।** सीतापुर

**राजधानी** से सटे सीतापुर के सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का दावा खोखला साबित हो रहा है। आलम यह है कि शरीर के किसी अंग में चोट लगने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने वाले मरीज को अपने हाथों मरहम पट्टी करनी पड़ रही है। जाहिर सी बात है कि अस्पताल के डॉक्टर और फार्मासिस्ट गम्भीर चोट लगने वाले मरीजों को हाथ नहीं लगाना चाहते। इसकी भी पुष्टि वीडियो देखकर की जा सकती है,क्योंकि ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी का बताया जाता है, वीडियो में अपने हाथों पैर में लगी चोट पर एक बुजुर्ग मरहम पट्टी करता दिख रहा है। बताया जाता है राजाराम नामक यह बुजुर्ग परसेंडी क्षेत्र के विक्रमपुर मजरा अमौरा मोती सिंह का रहने वाला है। वायरल वीडियो में यह भी सुना जा सकता है कि कुछ ही दूरी पर खड़ा एक व्यक्ति राजाराम से यह कह रहा है कि पट्टी अपने आप बांधो-बाधों। यह व्यक्ति अस्पताल का कर्मचारी या फिर कोई मरीज अथवा उसका तीमारदार यह तो जांच का विषय है। वीडियो देखकर आप अंदाजा लगा सकते है कि सरकारी अस्पतालों में पहुंचने वाले मरीजों किस तरह की चिकित्सीय सुविधाएं मिल रही है। बताया जाता है कि बुजुर्ग राजाराम को वार्ड ब्वाय जितेन्द्र के द्वारा दवा और पट्टी दी गई थी। मामले में सीएचसी परसेंडी अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार ने फोन पर बताया की वह अभी फील्ड पर है। मामले की जांच कराई जाएगी। आखिर किस वजह से घायल व्यक्ति की मरहम पट्टी नहीं की गई। बाद में उन्होने यह भी कहा कि उसका इलाज किया जा रहा था। फायदा न होने पर उसे सीतापुर रिफर किया गया था, लेकिन बुजुर्ग सीतापुर न जाकर यहीं सीएचसी अस्पताल में अपने आप मरहम पट्टी करने लगा। सवाल यह उठता है कि बुजुर्ग राजाराम को मरहम पट्टी के लिए अस्पताल में अगर किसी ने दवा और पट्टी उपलब्ध नहीं कराई तो बुजुर्ग के पास पट्टी और दवाई उपलब्ध कहां से हुई।

# वृक्षारोपण महा अभियान में अधिकारियों की अनुपस्थिति पर डीएम ने दिखाई नाराजगी

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वर्ष 2023-24 हेतु वृक्षारोपण महाभियान के संबंध बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि समय से वृक्षारोपण कराए जाने हेतु सभी संबंधित विभाग आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। कहा कि सभी विभाग लक्ष्य के अनुसार गड्ढों का खुदान कराते हुए आख्या प्रेषित करें। इसके साथ ही सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण के संबंध में प्रगति पुस्तिका तैयार कर उसे अद्यतन कराया जाना सुनिश्चित करें। वृक्षारोपण महाभियान से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक में रेलवे विभाग एवं रक्षा विभाग से कोई भी अधिकारी उपस्थित न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों का जवाब तलब करने एवं आख्या शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। कहा कि गोशालाओं में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कराए एवं उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाये। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों, परिषदीय विद्यालयों, औद्योगिक क्षेत्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एवं वेलनेस केंद्रों, आदि का प्राथमिकता के आधार पर चयन करते हुए व्यापक स्तर पर पौधरोपण सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधो की सुरक्षा हेतु भी पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाए।बैठक के दौरान डीएफओ श्री प्रखर गुप्ता ने एजेंडा प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 2023 -24 हेतु जनपद को कुल 5491090 पौधे रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है जिसमे 1401000 पौधे वन विभाग द्वारा लगवाए जाएंगे तथा 4090090 पौधे अन्य विभागों द्वारा लगवाए जाने हेतु विभागवार लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। पौधे लगाए जाने का कार्य 1 जुलाई से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है और इसके पूर्व स्थलों का चयन, गड्ढों का खुदान, पौधों की ढुलाई आदि कार्य पूर्ण किये जायेगें। उन्होंने अभियान के विषय में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक के दौरान आईआईए के डा. अशोक अग्रवाल, जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा जय प्रकाश, डीएचओ श्री राघवेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी सतीश चन्द्र पाठक सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सामाजिक समरसता भोज में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

● कार्यकर्ताओं द्वारा लाए गए भोजन को एक दूसरे के साथ मिल बांट कर खाया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

● लहरपुर के सरस्वती शिशु मंदिर सभागार में हुआ समरसता भोज

● सांसद राजेश वर्मा ने सीतापुर में कराए गए विकास कार्यो को गिनाया

**संवाददाता।** सीतापुर

**आगामी** लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनाने का ताना- बाना बुन रही भारतीय जनता पार्टी इन दिनो मोदी सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाने का साथ बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने में जुटी है। अलग-अलग कार्यक्रमों के जरिए जनता के बीच योजनाओं का बखान किया जा रहा है। सामाजिक समरसता भोज के जरिए हर वर्ग को अपने पाले में लाने की कवायद पार्टी कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को लहरपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर सभागार में विधान सभा स्तरीय सामाजिक समरसता भोज हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीतापुर सांसद एवं केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन राजेश वर्मा ने मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। डबल इंजन की सरकार कराए गए विकास कार्यों को गिनाया। कार्यकर्ताओं द्वारा लाए गए टिफिन के भोजन को एक दूसरे के साथ मिल बांट कर खाया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। सांसद राजेश वर्मा ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की भाजपा का मुख्य आधार उसका कार्यकर्ता है। जो सर्दी, गर्मी, धूप, बरसात में हर समय संगठन को मजबूत बनाने के लिए कटिबद्ध रहता है। कार्यक्रम आयोजक पूर्व विधायक सुनील वर्मा के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेन्द्र पुरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, जिला मंत्री उदित बाजपेई, रामनरेश त्रिवेदी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने मीडिया से मुखातिब होते हुए सीतापुर संसदीय क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। रेलवे के क्षेत्र में हुए आमूल चूल परिवर्तन, जनपद को मिले चार फ्लाई ओवर, शारदा नदी पर सेतु निर्माण आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में लहरपुर ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, परसेंडी ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र राजवंशी, मुकुंदे लाल त्रिवेदी, केशव राम वर्मा, श्रीनारायण मेहरोत्रा, शासकीय अधिवक्ता प्रमोद बाजपेई, बार एसोशिएशन अध्यक्ष देवेन्द्र पांडेय, ईश्वरचंद्र विद्या सागर अवस्थी, निरंकार मेहरोत्रा, सुरेश गुप्ता, संजय वर्मा, मनोज गुप्ता, मनमोहन गुप्ता, राजू तिवारी, रामलखन वर्मा, राममूर्ति सिंह, संजय शुक्ला, उमेश मेहरोत्रा, पंकज पुरी, उमेश दीक्षित, नीलू गुप्ता, महेन्द्र अवस्थी, भगवानदीन त्रिवेदी, मंयक टंडन सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### सिविल डिफेंस इकाई ने आग से बचने के बताएं उपाय, किया मॉक ड्रिल

**बरेली।** सिविल डिफेंस रामपुर गार्डन इकाई में मॉक ड्रिल आग से बचने के उपाय बताएं इस अवसर पर सिविल डिफेंस के चीफवार्डन गिरीश कटिहार ने कहा के रामपुर गार्डन में आग से बचने के उपाय बताएं गए हैं नागरिक सुरक्षा संगठन बार-बार लोगों को आग से बचने के तरीके बता रहा है आग गैस सिलेंडर से लग सकती है लकड़ी बिजली की शार्ट सर्किट अन्य किसी भी कारण से आग लग सकती है उसे किस प्रकार बचा जाए इसका आज एक मॉडल तैयार किया गया और हम सभी को इसमें बढ़ जाकर भाग लिया और आग से बचने के तरीका जानना चाहिए रामपुर गार्डन निकाय की डॉक्टर चारू मल्होत्रा ने कहा कि आज एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है इसमें आम आदमी की सुरक्षा जुड़ी है उसको आग से बचने के उपाय बताए गए हैं नागरिक सुरक्षा संगठन जागरूककर रहा है इस अफसर पर सिविल डिफेंस के डिप्टी पोस्ट वार्डन प्रमोद कुमार डागर ने कहा शासन के आदेश अनुसार स्थान पर यह आग से बचने के उपाय बताए जाएंगे दूसरा गर्मी को देखते हुए 22 जून से 22 जुलाई तक सिविल डिफेंस की ओर से आज से बचने के तरीके बताए जाएंगे ताकि मानव जीवन सुरक्षित सफल हो सके। इस अवसर पर रामपुर गार्डन में बड़ी संख्या में लोगों ने आग से बचने का मॉक ड्रिल द्वारा तरीका सीखा।



### विश्व रक्तदान दिवस पर 100 यूनिट हुआ रक्तदान

**सीतापुर।** विश्व रक्तदान दिवस पर सबसे बड़े दानवीर महार्षि दधीचि की धरती सीतापुर में रक्तदान के दानवीरों ने शतक लगा दिया। अमर उजाला फाउंडेशन संजीवन संस्था, एनसीसी कैडेट्स, 27वी वाहिनी पीएसी के जवानों ने सीतापुर के ब्लड बैंक को 100 यूनिट रक्त देकर न जाने कितनो कि जिंदगियों को बचाने का काम कर प्रेरणादायक मिशाल पेश की। इन रक्तदानियों के दान की सराहना करने जिलाधिकारी अनुज सिंह भी जिला अस्पताल के ब्लड बैंक यूनिट में पहुंचे। सीएमओ डाक्टर मधु गैरोला, सीएमएस डाक्टर आर के सिंह और ब्लड बैंक की प्रभारी डाक्टर पूजा यादव समेत टीम की मौजूदगी में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सभी को एक शपथ भी दिलाई। विश्व रक्तदान दिवस शिविर में खास बात यह रही कि भीषण गर्मी में कई-कई बार रक्तदान करने वाले और वृद्ध जन भी रक्तदान करने पहुंचे। पहली बार रक्तदान करने वालो की भी अच्छी खासी संख्या रही। सीतापुरवासियों के लिए जिलाधिकारी ने एक खुशखबरी भी दी कि इस बार डेंगू बीमारी के दौरान लोगों को प्लेटलेट्स के लिए लखनऊ की भाग दौड़ करनी नहीं पड़ेगी। सीतापुर के ब्लड बैंक में सेपरेटर यूनिट स्थापित हो गई है, वह चालू हो जाएगी, और जिलाधिकारी ने बहुत जल्द ही रक्तदान के लिए एक मेगा कैम्प आयोजित करने को भी कहा है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**बरेली।** ट्रक और ऑटो की टक्कर में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव तिलिया पुर निवासी भूरा पुत्र हाजी रफीक अहमद कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कल दोपहर घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था मृतक के घर वालों ने बताया कि भूरा कल दिन में अपनी मां व कई अन्य लोगों के साथ देवरनिया थाना क्षेत्र के मुड़िया गांव में चल रहे उर्स में शामिल होने के लिए ऑटो में सवार होकर जा रहा था लेकिन भोजीपुरा थाने के सेमी खेड़ा इलाके में उनके ऑटो को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार भूरा की मां बानो और सीबीगंज के गांव बंडिया निवासी ऑटो चालक खादिम की मौत हो गई। दुर्घटना में भूरा सहित लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए जिनमें कई की हालत नाजुक बनी हुई थी। भूरा ने बीती रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### मिशन शक्ति के तहत निघासन पुलिस का जागरूकता अभियान आरंभ चेवजव.02

**निघासन-खीरी।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार स्थानीय कोतवाली के गार्गी बीट के अंतर्गत आने वाले ग्राम कसावल में नारी सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला अपराधों की रोकथाम के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए महिलाओं एवं बालिका संबंधी अपराधों की प्रभावी रोकथाम तथा संविधान द्वारा प्रदत्त महिला अधिकारों के बारे में जानकारी साझा करते हुए संदिग्ध किस्म वाले व्यक्तियों और अराजक तत्वों से निपटने की रणनीति भी बताई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को साइबर अपराध एवं थाना पर महिलाओं के सहायतार्थ बनी महिला हेल्प डेस्क तथा किसी भी शिकायत के लिए शासन द्वारा वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 तथा चाइल्ड लाइन 1098 के बारे में विधिवत जानकारी प्रदान की गई ।



### धन्यवाद मोदी सम्मेलन का आयोजन गांधी भवन में

**शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री मोदी के 9 वर्ष सेवा, सुशाशन और गरीब कल्याण के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पिछड़ा मोर्चा द्वारा धन्यवाद मोदी सम्मेलन का आयोजन गाँधी भवन में किया गया। इस मौके पर सांसद अरुण कुमार सागर कहा प्रधानमंत्री के 9 वर्षो के कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि जितना काम मोदी ने 9 वर्षों में कर दिया है इतना काम पहले की किसी भी सरकार ने नही किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने मोदी सरकार द्वारा 9 वर्ष में किये कार्यो का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार मोदी सरकार ने पिछडो को सरकार में स्थान देने के साथ साथ सम्मान देने का काम भी किया है। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछड़े वर्ग आयोग द्वारा 52 प्रतिशत आबादी को आगे बढ़ाने का जो काम किया है वह 70 वर्षों में किसी भी अन्य सरकार ने नही किया। पीएम ने नीट की परीक्षा ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया है वह किसी अन्य सरकार ने नही किया, पिछली सरकारों में पिछड़े वर्ग को सिर्फ वोट बैंक मात्र ही माना जाता था परंतु मोदी जी ने अपनी सरकार में पिछड़े वर्ग के 27 सांसदों को मंत्री बनाकर हमे सम्मान देने का कार्य किया है।

### सरकार को हमारे पक्ष में निर्णय लेना होगा

**बरेली।** पुराने रोडवेज बस स्टैंड पर ई पी एस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के सम्मेलन में पहुचे राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडो अशोक राउत ने कहा जो पुरानी पेंशन बचाओ संघर्ष समिति जिसको ई पी एस 95 के नाम से जाना जाता है। 27 राज्यों में कार्यान्वित है पुरानी पेंशन के लिए संघर्षरत आज हम बरेली पहुंचे हैं । पिछले 9 सालों से हम ई पी एस 95 संघर्ष समिति को लेकर आंदोलन रत है हमने प्रधानमंत्री से भी बात की , राजनाथ सिंह से भी बात की, लेकिन किसी ने अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया है हमारा 20 लाख सरकार पर आता है। हम चाहते हैं कि सरकार को रुपया हमारा वापस कर दे सितंबर 24 तक सरकार को हमारे पक्ष में निर्णय लेना होगा।

### नरेन्द्र मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री- निर्मल वर्मा

**सीतापुर।** 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव में भाजपा उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर परचम लहराएगी। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेगें। उन्हें कोई रोक नहीं सकता, यह दावा बिसवां से भाजपा विधायक निर्मल वर्मा ने बुधवार को किया। विधायक ने पत्रकारों से संवाद कार्यक्रम के जरिए मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। कहा कि अब जनता गैर भाजपा सरकारों को पूरी तरह से नकार चुकी है। आजादी के 75 वर्षों में देश की जनता को सिर्फ लूटने के काम पूर्व सरकारों ने किया। कहा कि सीतापुर सांसद राजेश वर्मा के प्रयासों से बिसवां विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास हो रहा है। तमाम योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो चुका है। बिसवां में रोडवेज बस स्टेशन राजकीय उच्च शिक्षा विद्यालय, ट्रामा सेंटर के लिए प्रयास किए जा रहे है। बिसवां नगर को सुंदर बनाने के लिए बड़े चौराहे का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

# निगोही नगर पंचायत अध्यक्ष और पूर्व विधायक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

● भाजपा विधायका व अध्यक्ष का विवाद प्रकरण

**संवाददाता।** शाहजहांपुर





**भाजपा** विधायका सलोना कुशवाहा और निगोही नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज वर्मा के बीच नगर पंचायत के कुछ स्टाफ की भाजपा विधायका के कार्यालय पर तैनाती व कुर्सी पर बैठने को लेकर हुए विवाद के बाद भाजपा विधायक के प्रतिनिधि आशुतोष की तहरीर पर निगोही नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज वर्माऔर उनके पिता व पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा पर धारा धारा 500 और 72 के तहत एफआईआर हुई। तिलहर विधानसभा से भाजपा की विधायका सलोना कुशवाहा सोमवार को पंचायत कार्यालय में फरियाद सुनने गई थीं। आरोप है कि वहां मौजूद निगोही पंचायत अध्यक्ष मनोज वर्मा व उनके बीच प्रोटोकॉल को लेकर हॉट टॉक हुई जिसमे उनके साथ अभद्रता हुई । दोनों के बीच हुए बहसबाजी का नगर पंचायत अध्यक्ष ने उनका गोपनीय रूप से वीडियो बनाकर उसको वायरल कर दियां । जिससे उनकी छवि धूमिल हुई वीडियो को मनोज वर्मा के पिता व पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने अपनी फेसबुक आईडी से भी शेयर किया वीडियो वायरल होने के बाद दोनों के बीच हुई बहसबाजी काफी चर्चाओं में थी। इसके बाद भाजपा विधायक के प्रतिनिधि आशुतोष ने थाने में पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा और उनके बेटे व नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज वर्मा के खिलाफ धारा 500 और 72 के तहत एफआईआर कराई है। निगोही थाना प्रभारी धन्नजय सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा और उनके बेटे व निगोही नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज वर्मा के खिलाफएफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। इस सम्बन्ध में नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा भाजपा विधायक के निजी कार्यालय पर नगर पंचायत के कई कर्मचारियों की ड्यूटी कर रही थे जिनको हिदायत देकर हटाया गया। जिसके बाद भाजपा की विधायक ने नगर पंचायत के कार्यालय में आकर अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने प्रोटोकॉल का हवाला दिया था हालांकि उनके लिए अलग से कुर्सी भी डलवाई गई।

# दुष्कर्म के दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**संवाददाता।** निघासन-खीरी

**स्थानीय** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रंगई पुरवा निवासी दुष्कर्म और मारपीट के दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार संपूर्ण जनपद में पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार वारंटी वांछित तथा अन्य संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी निघासन राजेश कुमार के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म और मारपीट के वांछित अभियुक्त रायबहादुर तथा रामदुलारे पुत्र बुधई निवासी ग्राम रंगई पुरवा मजरा ढखेरवा खालसा को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि दिनांक 13 अप्रैल को वादिनी ने अभियुक्तगणों के विरुद्ध घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म करने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाने पर एफआईआर दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के ठीक दो महीने बाद प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार के कुशल नेतृत्व में निघासन पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।



# बैंक मैनेजर ने फर्जीवाड़ा कर एफडीआर के 8 लाख रुपये हड़पे

**संवाददाता।** बरेली

**फतेहगंज** पश्चिमी क्षेत्र के रहने वाले आर वी भारद्वाज ने जिला अधिकारी को शिकायत करते हुए बताया कि उसके पिता ओमप्रकाश पुत्र लीला लीलाधर ने बैंक आफ बडौदा फतेहगंज पश्चिमी की शाखा से दो एफडीआर कराई थी। जिनका समय 2नवंबर 2015 एवं 21 दिसंबर 2015 में पूर्ण हो रहा था। उससे पहले ही पीड़ित के पिता ओमप्रकाश की 30 जनवरी 2015 को मृत्यु हो गई। पिता की मृत्यु के बाद पीड़ित ने मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वारिसान प्रमाण पत्र बनवा कर बैंक आफ बडौदा फतेहगंज पश्चिमी के शाखा प्रबंधक को दिए। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए जिला अधिकारी को बताया प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के बाद भी शाखा प्रबंधक वीरेंद्र वर्मा ने बारिसानो को सूचित किए बिना दोनों एफडीआर की धनराशि आठ लाख रुपये कूट रचित तरीके अपनाकर धोखाधड़ी बेईमानी से निकाल ली। जबकि दोनों एफडीआर में किसी व्यक्ति का नाम बतौर नामिनी के रूप में बैंक अभिलेखों में दर्ज नहीं है। कंप्यूटर डाटा में आज भी दोनों एफडीआर में एक ही नाम ओम प्रकाश का दर्ज है। इससे शाखा प्रबंधक वीरेंद्र वर्मा की साजिश स्वता उजागर होती है। पीड़ित ने कई बार बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय मैनेजर तथा क्षेत्र प्रबंधक को दोषी शाखा प्रबंधक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। परंतु बैंक ऑफ बड़ौदा के उच्च अधिकारियों ने शाखा प्रबंधक से सांठगांठ कर रखी है। पीड़ित आर वी भारद्वाज ने जिला अधिकारी से शिकायत करते हुए मांग की कि फतेहगंज पश्चिमी के शाखा प्रबंधक वीरेंद्र वर्मा के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए पीड़ित के स्वर्गीय पिता द्वारा कराई गई एफडीआर का रुपया वापस कराया जाए।

# भारत-नेपाल सीमा के लोगों और गर्भवती महिलाओं को मिलेगी 24 घंटे स्वास्थ्य सेवा

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



पलिया कला में ग्राम त्रिकोलिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन पलिया विधायक रोमी साहनी द्वारा किया गया। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता भी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सीएमओ द्वारा विधायक रोमी साहनी को बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत अधीक्षक डॉ भरत सिंह व डॉ अजीत सिंह द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि भारत नेपाल सीमा से 17 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से न सिर्फ भारत नेपाल सीमा के आसपास रहने वाले लोगों बल्कि इस क्षेत्र के ग्रामीणों को अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से पीएचसी तिकोलिया का शुभारंभ किया गया है। इसके लिए यहां पर इमरजेंसी सेवा टीकाकरण, ओपीडी, आईपीडी व परिवार नियोजन की कार्यक्रम 24 घंटे चलाए जाएंगे। इसके उपरांत ही एक फार्मासिस्ट, एक स्टाफ नर्स, एक एएनएम, एक सीएचओ, एक वार्ड बॉय की तैनाती सीएमओ द्वारा कर दी गई है, जो अपनी निरंतर सेवाएं देंगे। पलिया विधायक रोमी साहनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से निरंतर कार्य किया जा रहा है और त्रिकोलिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ इसी उद्देश्य की सार्थकता का प्रमाण है ना सिर्फ ग्रामीण लोगों को बल्कि भारत नेपाल सीमा पर रह रहे लोगों को भी यहां पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्हें अभी तक अपने क्षेत्र से कई किलोमीटर दूर तक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जाना पड़ता था, जो अब उनके ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सकेंगी। यह भी कहा कि यहां पर 24 घंटे इमरजेंसी सेवाओं समेत टीकाकरण व अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए उठाए जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप ही यह संभव हुआ है। कहा कि पलिया क्षेत्र में एक बड़ा क्षेत्र जंगल का भी है। यहां पर थारू जनजाति के लिए भी सरकार द्वारा तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं, जो उनके स्वास्थ्य और उनके परिवार को लेकर अहम भूमिका निभा रही हैं। आने वाले समय में पलिया सहित थारू जनजाति क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जाएगा। इसके लिए सरकार अभी से इस क्षेत्र में काम कर रही है। इस दौरान उनके साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया से अधीक्षक डॉ भरत सिंह, डॉ अजीत सिंह, फार्मासिस्ट रविंद्र मौर्य, काउंसलर अंकित दीक्षित, नगर पालिका चेयरमैन केबी गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला अभिनव मिश्रा, डिंपल शर्मा, रिंटू शर्मा, अरुण कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# मेधावी विद्यार्थियों को सांसद ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित

●जिले के पांच टापर छात्रों को सांसद ने दिये एक-एक लाख रुपये के चेक

संवाददाता। चित्रकूट



**सांसद** आरके सिंह पटेल, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे की मौजूदगी में माध्यमिक शिक्षा विभाग से हाईस्कूल- इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 में प्रदेश में जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने लोक भवन कार्यालय लखनऊ में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण एलसीडी से दिखाया।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि लोक भवन लखनऊ से मुख्यमंत्री ने प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं यूपी की टॉपर सूची में अंक प्राने वालों को सम्मानित किया है। एक लाख रुपए का चेक व प्रशस्ति पत्र, गोल्ड मेडल, टैबलेट बांटे हैं। इसी क्रम में जिले के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के पांच छात्र-छात्राओं- दिव्यांशु शुक्ला, सत्यम चौरसिया, विनायक भास्करम, अंशिका सिंह एवं अनामिका सिंह के प्रदेश में स्थान पाने पर एक लाख रुपए का चेक, गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं टैबलेट बांटे गये हैं।

जिला स्तर के 17 छात्र-छात्राओं ने भी हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट मे टाप किया है, उन्हें भी 21 हजार रुपए का चेक, गोल्ड मेडल एवं टैबलेट, प्रशस्ति पत्र दिये गये हैं।

उन्होंने कहा कि चित्रकूट आकांक्षी जिला है, छात्र-छात्राओं ने नाम रोशन किया है। प्राथमिक स्तर की शिक्षा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने जिलाधिकारी को सम्मानित किया है, उन्हें बधाई देते हुए पूरी टीम को बधाई दी। मेधावी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये धनराशि जो दी गई है, उससे आगे की पढ़ाई कर अच्छे पदों पर जाकर जिले का नाम रोशन करें।

# डीएम और सीडीओ ने किया रक्तदान दिवस का शुभारंभ



संवाददाता। चित्रकूट

**विश्व** रक्तदाता दिवस पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने संयुक्त जिला अस्पताल में फीता काटकर रक्तदाता दिवस का शुभारंभ किया।

डीएम ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इसमें कोई कमजोरी नहीं आती है। लोगों से अपील कीकि लोग स्वेच्छा से अधिक से अधिक रक्तदान करें, ताकि जरूरतमंदों को समय से रक्त मिल सके। इस रक्त से किसी व्यक्ति की जान बचा सकेते हैं। रक्तदाता रक्तदान कर किसी गंभीर रोगी की खुशियां वापस ला सकते हैं। उन्होंने सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा को निर्देश दिए कि रक्त को ब्लड बैंक में एकत्र करें। इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। जरूरतमंदों को ही रक्त दिया जाये। उन्होंने ब्लड बैंक का निरीक्षण कर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में कई महादानियों ने रक्तदान कर एक-दूसरे का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा, रक्त कोष प्रभारी, वरिष्ठ प्रयोगशाला प्राविधिक, काउंसलर जिला परामर्शदाता रक्तकोष समेत रक्तदाता मौजूद रहे।

# भाजपा ने किया लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन

●मोदी सरकार ने साकार कर दिखाया अंत्योदय का सपना-चंद्रप्रकाश

संवाददाता। चित्रकूट



**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा मोदी सरकार के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन जनपद की दोनो विधानसभाओं में किया गया। लाभार्थी सम्मेलन में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों के साथ जनसंवाद के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

मऊ-मानिकपुर विधानसभा मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय व कर्वी विधानसभा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा एवं जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे गरिमामय उपस्थिति रही। पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने लाभार्थी सम्मेलन कहा कि 9 वर्ष से सरकार ने भाजपा सरकार ने दबे-कुचलों व समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों का जीवनस्तर ऊंचा करने की दिशा में सकारात्मक प्रयास किया। उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस ने माताओं का जीवन बदल दिया। किसानों को खाद बीज के लिए पैसा मिल रहा है। हर किसी को मिला किसी न किसी योजना का लाभ कि गरीबों को पेंशन व मुफ्त अनाज, शौचालय समेत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण व ऋण वितरित कर गृह व कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने का कार्य किया गया है।

## एसपी की अगुवाई में 129 वाहनों का हुआ चालान



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की अगुवाई में कर्वी शहर के ट्रैफिक चौराहे पर वाहन की जांच का अभियान चलाया गया। कर्वी शहर में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। बुधवार को कर्वी शहर के ट्रैफिक चौराहे पर वाहनों की जांच हुई। वाहन जांच में दोपहिया वाहनों में बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट के ई-रिक्शा वाहनों की जांच की गई। 208 संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। 353 वाहनों के कागज देखे गये। कमी मिलने पर 129 वाहनों से 1,63,000 रुपये का ई-पेंडिंग चालान किया गया। 11 वाहन सीज किए गए।

# वाहन चेकिंग में अवैध असलहा सहित शातिर अपराधी गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायर करने वाले शातिर अपराधी को अवैध असलाह एवं कारतूस के साथ मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने आज बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ के चलाए जा रहे, विशेष अभियान के दौरान शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार चौबे ने अपने दल बल के साथ आज बुधवार करीब 1: 40 बजे तड़के शहर के बगशपुरा तिराहा समीप वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया।

उन्होंने बताया कि इस वाहन चेकिंग अभियान में एक अपाचे मोटर साइकिल को रोकने पर इस पर सवार शातिर अपराधी ने तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया और भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने नाकेबंदी करके शहर कोतवाली के श्याम नगर निवासी इस शातिर अपराधी मनोज कुमार राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस शातिर अपराधी के पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा व कारतूस तथा 750 रुपये की नकदी बरामद की। पुलिस के अनुसार इस शातिर अपराधी पर गैंगस्टर एक्ट समेत 5 मुकद्दमे संगीन धाराओं में दर्ज हैं।

# चेक, मेडल और टेबलेट से नवाज़े गए जिले के मेधावी



**फतेहपुर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में जनपद के प्रदेश स्तर व जनपद स्तर के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में आयोजित हुआ। जिसमें खागा विधायक कृष्णा पासवान, जहानाबाद विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, जिलाधिकारी श्रुति ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने लोक भवन कार्यालय लखनऊ में आयोजित मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसका सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देखा व सुना गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के सात मेधावी छात्र-छात्राओं को एक लाख का चेक, प्रशस्ति पत्र, मेडल व टेबलेट देकर सम्मानित किया गया। खागा विधायक ने टॉप-टेन में सम्मिलित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन को सफ्ल बनाने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

# छात्र- छात्राओं प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने की जिम्मेदारी समाज की : मंत्री

●मेधावियों को पुरस्कार के तौर पर दिए गए टेबलेट व धनराशि

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**उच्च** शिक्षा मंत्री एवं फर्रुखाबाद जिला प्रभारी योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि छात्र-छात्राओं को तलाशने और तरासने की जिम्मेदारी समाज के लोगों की है, यदि कोई बच्चे गरीब हों और प्रतिभाशाली हो तो उनकी आर्थिक मदद करने का कार्य होना चाहिए।

श्री उपाध्याय आज बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वर्ष 2023 मे हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को टेबलेट एवं पुरस्कार धनराशि वितरण के आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में वर्ष 2023 में हाईस्कूल हाई एवं इंटरमीडिएट उत्तीर्ण परीक्षा में मेधावी राज्य स्तरीय दो छात्रों को 1 लाख 1 हजार रुपए का प्रतीकात्मक चेक, मेंडल, प्रशस्ति पत्र , टेबलेट तथा 19 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रति छात्र 21000 रुपए का प्रतीकात्मक चेक आदि सामान से सम्मानित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि मेधावी छात्र छात्राओं की निर्धारित राशि सीधे उनके खातों में भेज दी गई है।

## कलह से पीड़ित पति-पत्नी ने की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद।** जहानगंज थाना क्षेत्र में परस्पर कलह से पीड़ित पति पत्नी ने एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने आज बुधवार को बताया कि 112 डायल से कल मंगलवार देर रात सूचना मिली कि जहांनगंज थाना क्षेत्रके ग्राम बेहटा निवासी फार्मासिस्ट स्टूडेंट विकास राजपूत उम्र करीब 22 वर्ष एवं उसकी पत्नी नेमा उम्र करीब 21 वर्ष ने गांव समीपवर्ती एक पेड पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते हुए थानाध्यक्ष मनोज भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल शुरू की।

# सविता समाज ने प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन



**फतेहपुर।** सविता समाज उत्थान सेवा समिति के जिला अध्यक्ष शंकरलाल सविता के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। बताया कि ग्राम रारा मजरे मदनपुर में चार नंबर अलग-अलग खातेदारों के नाम से दर्ज है जो राष्ट्रीय राजमार्ग में अर्जित करने के बाद सभी का शेष भाग बचा है। बाईपास निर्माण दौरान सभी की मेडे तोड़ दी गई थी जिससे बिना पैमाइश कब्जे को लेकर मौके पर विवाद हो रहा है। खातेदार फूल कुमारी पत्नी रामकृपाल ने बिना पैमाइश के दुकानें बना ली हैं और एक प्लाट प्रेमलता पत्नी प्रमोद कुमार एवं एक अन्य को बेच दिया जो गलत है। क्षेत्रीय पुलिस के सहयोग से निर्माण करा लिया है। बताया कि खातेदार राम शंकर पुत्र गंगाराम निवासी मलाका द्वारा आठ साल पहली हदबंदी का वाद उप जिलाधिकारी सदर एवं राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के बाद से बची हुई भूमि की पैमाइश हेतु भी प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन तहसील स्तर से पैमाइश नहीं हुई।

## 19 जून की जनसभा के लिए तैयारी में जुटे भाजपाई

**फतेहपुर।** आगामी 19 जून को आईटीआई मैदान में प्रस्तावित भाजपा की जनसभा को प्रभावी स्वरूप देने की कवायद में स्थानीय भाजपाई जुटे हुए हैं। जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने जनसभा स्थल का आज निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंच कैसा बनेगा और कैसे जनता बैठेगी इस बाबत रणनीति तैयार की। इसके पहले पार्टी कार्यालय में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक भी हुई जिसमें इस जनसभा में दस हजार लोगों की भीड़ एकत्रित करने का लक्ष्य तय किया गया।

# डीएमएफ से कराये कार्यों में लापरवाही पर नाराज़ डीएम ने दी कार्रवाई की चेतावनी

●किया अस्पताल के वार्डो का निरीक्षण

संवाददाता। उरई, जालौन



**जिलाधिकारी** चांदनी सिंह ने जिला अस्पताल पुरुष एवं महिला में डीएमएफ से कराये जा रहे कार्यो व अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

डीएमएफ द्वारा कराये जा रहे कार्यो का जायजा लिया जिस पर टाइल्स की फिनिशिंग न पाए जाने पर साथ ही वार्ड के बीचों बीच से बायरिंग खुली हुई पाई गई जिस पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुये कहा कि समस्त वार्डो में वायरिंग को कवर किया जाये ऐसा न करने पर आपके विरुद्व कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इसके उपरान्त जिला अस्पताल पुरुष व महिला के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया गया। अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली तथा आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने व साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिये।

## नगर के कई रिहायशी इलाकों में गड़बड़ाई विद्युत आपूर्ति, मचा हाहाकार

**उरई, जालौन।** अघोषित विद्युत कटौती ने आप नगर वासियों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है बीते कई दिनों से दिन व रात मैं अघोषित विद्युत कटौती के सिलसिले के बीच भीषण गर्मी के हालातों में अब लोग हाहाकार करने लगे हैं वही अब तक इस मामले पर विद्युत विभाग के आला अधिकारी भी चुप्पी साधे हैं। बीते 1 सप्ताह से नगर की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था इस कदर गड़बड़ा गई है कि लोगों को यह पता ही नहीं चल रहा कि यह विद्युत कटौती है या कोई और वजह दिन व रात में कब बिजली आती है कब चली जाती है इस बात का कोई भरोसा नहीं रहा बीते 2 दिनों से तो यह हालत है कि दिन में कई कई घंटे और रात में भी यही सिलसिला बदस्तूर जारी रहता है ऐसे में जबकि तापमान लगभग 43 डिग्री से ऊपर जाने के कारण लोग भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं तो वही बिजली कटौती उनकी इस समस्या को और भी गंभीर बना देती है। कई रिहायशी इलाकों में पेयजल संकट गहराने लगा है।

# लोग आगे बढ़कर रक्तदान शिविर में लें हिस्साः डीएम

**कानपुर देहात।** विश्व रक्तदान दिवस हर साल 14 जून को मनाया जाता है। इसी क्रम में जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा आज जिला चिकित्सालय अकबरपुर, कानपुर देहात में आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया तथा रक्तदान दे रहे स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर के चिकित्सक कपिल सचान व अमित कुमार दीक्षित को पुष्प देकर सम्मानित किया तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान करने हेतु अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान महादान है, रक्त कहीं और से बनाया नही जा सकता, यह मानव शरीर की संरचना की एक इकाई है, जिसे केवल संरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी लोग बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविर में भाग ले तथा दूसरे को भी रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित करें, जिससे असहाय, घायल व जरूरतमंद मरीजों की मदद की जा सके। इसी दौरान जिलाधिकारी द्वारा औषधि वितरण कक्ष में पहुंचकर औषधि वितरण ठीक प्रकार से ना किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई।

# जिले का नाम रोशन करने वाले मेधावियों को किया सम्मानित



**कानपुर देहात।** प्रदेश व जनपद स्तर पर जनपद कानपुर देहात का नाम रौशन करने वाले सभी मेधावियों को आज प्रदेश व जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया, जिसके क्रम में आज मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष भाजपा/ सदस्य विधान परिषद अविनाश सिंह चौहान की अध्यक्षता में व जिलाधिकारी नेहा जैन की उपस्थिति में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में जनपद स्तरीय 20 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर व सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। उक्त कार्यक्रम को प्रदेश स्तर पर मा0 मुख्यमन्त्री जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसका सजीव प्रसारण जनपद के मेधावियों को भी दिखया गया। इसके पश्चात जनपद स्तर पर हाईस्कूल के 10 तथा इण्टरमीडिएट के 10, कुल-20 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रोत्साहन व पुरस्कार के तौर पर मेधावी छात्र छात्राओं को नकद धनराशि के साथ मेडल, टेबलेट व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# सीएम से मिलने जा रही महिलाओं को पुलिस ने रोककर छोड़ा हमीरपुर वापस



**हमीरपुर।** कुरारा क्षेत्र के भटपुरा व जमरेही गांव की महिलाओं की सीएम से मिलने पैदल यात्रा कर कानपुर तक ही पहुंची थीं कि कानपुर पुलिस ने उन्हे हमीरपुर वापस कर दिया। महिला समूह से एक महिला कानपुर से पिछड़ जाने से वह रातभर इधर उधर घूमती रही,बाद में उसके परिवारीजन खोज कर हमीरपुर लाये है। गांव की सुखरानी, उपासना, गुलाब, संगीता, विमला, आदि ने बताया कि गांव की महिला प्रधान सरोज ने अपात्रों को प्रधानमंत्री योजना के तहत आवास आवांटित कर दिये है। जब कि वे लोग पात्रता श्रेणी में आते है मगर प्रधान जानबूझकर उनको लाभ नही दे रहा है। गांव की गलिया कीचड़ से भरी पडी हैं मगर ग्राम प्रधान कुछ नही कर रहा है यही नही खंड विकास अधिकारी ने जांच करना तो दूर उन्हे बेइज्जत कर भगा दिया जाता है। सभी महिलाएं यहा पर तीन मर्तवा आमरण अनशन कर चुकी है मगर कोई कार्यवाही नही हुई है इसलिये वह पैदल यात्राकर सीएम से अपनी पीड़ा बताने जा रही है मगर कानपुर पुलिस ने सभी को रोक लिया उनके साथ बेइज्जत किया और गाली गलौज कर गाड़ी में बिठाकर फिर हमीरपुर छोड़ दिया है।

## अचानक होमगार्ड की मृत्यु से सनसनी फैली

**राठ।** राठ कस्वे में एक होमगार्ड की अचानक तबियत बिगड़ गई। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए जहां इलाज के दौरान होमगार्ड ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। चरखारी रोड सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी 58 वर्षीय मोहनलाल पुत्र बालादीन राठ कोतवाली में होमगार्ड के पद पर कार्यरत था। मंगलवार की देर शाम अचानक हालत बिगड़ गई। स्वजन आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां इलाज के दौरान होमगार्ड ने दम तोड़ दिया।

# पेज एक का शेष

## मणिपुर में...

खरगे ने यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजनीतिक समाधान के लिए सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुला रहे हैं? खरगे ने मणिपुर में हिंसा और हथियारों की लूट से जुड़ी घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अब भी मूकदर्शक बने हुए हैं। मोदी जी ने मणिपुर पर एक भी बैठक की अध्यक्षता नहीं की है, लेकिन कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार से उसकी अक्षमता को लेकर सवाल करती रहेगी। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल (यू) ने मणिपुर में हिंसा के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया और दावा किया प्रदेश सरकार की लापरवाही और उसके लचर रवैए के कारण वहां के हालात बेकाबू हो चुके हैं।

## आज तट...

में तैनात किया है। आईएमडी ने एक बुलेटिन में बताया कि 15 जून को चक्रवात के गुजरात तट पर पहुंचने के साथ ही राज्य में बारिश की तीव्रता बढ़ जाएगी और कच्छ, देवभूमि द्वारका तथा जामनगर में कुछ जगहों पर अत्यंत भारी बारिश होने के आसार हैं। बुलेटिन के मुताबिक, चक्रवात के कारण पोरबंदर, राजकोट, मोरबी, जूनागढ़ और सौराष्ट्र तथा उत्तर गुजरात क्षेत्र के बाकी जिलों में भी भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका है। आईएमडी के मुताबिक, कच्छ, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, जामनगर, राजकोट, जूनागढ़ और मोरबी जिले में हवाएं धीरे-धीरे 125-135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार अख्तियार कर लेंगी और फिर बृहस्पतिवार तक 150 किलोमीटर प्रति घंटे के स्तर पर पहुंच जाएंगी। आईएमडी ने कहा कि चक्रवात की दस्तक के दौरान समुद्र में खगोलीय ज्वार से लगभग दो-तीन मीटर ऊंची तूफानी लहरें उठने के कारण प्रभावित जिलों के निचले इलाकों में पानी भरने की संभावना है। विभाग के अनुसार, कुछ जगहों पर तीन से छह मीटर ऊंची लहरें उठ सकती हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने गुजरात और महाराष्ट्र में राहत एवं बचाव अभियान चलाने के लिए कुल 33 टीमों को जिम्मा सौंपा गया है। एनडीआरएफ की 18 टीमों को गुजरात में रखा गया है, एक को दीव में तैनात किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में एनडीआरएफ की कुल 14 टीमों में से पांच को मुंबई में तैनात किया गया है जबकि बाकी को तैयार स्थिति में रखा गया है।

## ईडी ने...

भाजपा में विपक्ष के नेता और अन्नाद्रमुक अध्यक्ष के. पलानीस्वामी ने नैतिक आधार पर बालाजी का इस्तीफा मांगा। भाजपा की राज्य इकाई ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के बदले की कार्वाई के आरोपों को यह कहते हुए खारिज किया कि ईडी का कदम नौकरियों के लिए नकदी घोटाले में चल रही जांच का हिस्सा था, जिसमें कथित रूप से बालाजी शामिल थे। ईडी ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में करूर जिले से ताल्लुक रखने वाले द्रमुक के कद्दावर नेता बालाजी से जुड़े परिसरों पर मंगलवार को छापेमारी की थी। उच्चतम न्यायालय ने कथित नौकरी के बदले नकदी घोटाले में पुलिस और ईडी को बालाजी के खिलाफ जांच की अनुमति दी थी, जिसके कुछ महीने बाद यह कार्वाई की गई। इससे पहले, बालाजी ने बेचैनी की शिकायत की थी जिसके बाद बुधवार तड़के उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। राज्य के मंत्री पी. के. शेखर बाबू ने दावा किया कि ऐसे संकेत मिले हैं कि बालाजी को प्रताड़ित किया गया है। वहीं, टेलीविजन चैनल पर दिखाए जा रहे वीडियो में बालाजी को अस्पताल ले जाने के दौरान असहज होते और रोते हुए देखा जा सकता है। बाबू ने पत्रकारों से कहा, बालाजी आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) में हैं। वह अचेत अवस्था में थे और जब उनका नाम लेकर पुकारा गया, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। वह (चिकित्सकों की) निगरानी में हैं... उनके कान के पास सूजन है। चिकित्सकों का कहना है कि ईसीजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम) में उतार-चढ़ाव है... ए सभी उन्हें प्रताड़ित किए जाने के संकेत हैं। ओमंदुरार एस्टेट में तमिलनाडु गवर्नमेंट मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के निदेशक की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार, बालाजी का 14 जून सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर कोरोनरी एंजियोग्राम किया गया। मेडिकल बुलेटिन के अनुसार, कोरोनरी एंजियोग्राम में उनकी तीन रक्त वाहिकाओं में दिक्कत होने की बात सामने आई जिसके लिए जल्द से जल्द सीएबीजी (कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्ट) बाईपास सर्जरी कराने की सलाह दी जाती है। इस बीच, द्रमुक नीत सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस (एसपीए) के घटक दलों ने ईडी की कार्रवाई के लिए केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर जमकर निशाना साधा और इस मुद्दे पर विरोध जताने के लिए शुक्रवार को कोयम्बटूर में एक विशाल जनसभा करने की घोषणा की। एसपीए ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी कर भाजपा नीत राजग को जन-विरोधी कहा। उसने कहा कि राजग ने पिछले नौ साल में लोगों के लिए कुछ नहीं किया। बालाजी की आलोचना करते हुए और उनके खिलाफ कार्रवाई को उचित ठहराते हुए अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व मंत्री डी जयकुमार ने आरोप लगाया कि शराब के स्टॉक के प्रबंधन में अनियमितताएं की गईं और अवैध बार संचालित किए जा रहे थे जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ। जयकुमार ने कहा कि ईडी को एम्स के डॉक्टरों की मदद से बालाजी की सेहत की पड़ताल करानी चाहिए और उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करनी चाहिए। बालाजी पहले अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से जुड़े हुए थे। वह तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता की सरकार में परिवहन मंत्री थे।

## भड़के फडणवीस...

विपक्ष ने दावा किया कि सत्तारूढ़ भाजपा और शिंदे नीत शिवसेना के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। मराठी दैनिक अखबारों में बुधवार को प्रकाशित एक सर्वेक्षण के हवाले से दावा किया गया है कि महाराष्ट्र में 49.3 प्रतिशत मतदाता भाजपा और शिवसेना को पसंद करते हैं। इसमें कहा गया है कि 84 प्रतिशत मतदाताओं को लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने देश को विकास की दृष्टि दी है। एक नए विज्ञापन में शिंदे के राजनीतिक गुरु माने जाने वाले आनंद दिघे के साथ फडणवीस और बाल ठाकरे की तस्वीरें हैं। इसमें राज्य सरकार में शामिल शिवसेना के अनेक मंत्रियों के भी चित्र हैं। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा कि नया विज्ञापन फडणवीस की नाराजगी का नतीजा है। उन्होंने कहा कि यह तो साफ हो गया है कि उनके दिमाग में क्या है। लेकिन सबकुछ ठीक नहीं है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद सुप्रिया सुले ने हैरानी जताते हुए कहा कि सर्वे किसने किया और नमूने का आकार कितना था।

## मई में...

आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति घटकर 1.51 प्रतिशत पर आ गई। अप्रैल में यह 3.54 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई घटकर (-) 20.12 प्रतिशत रह गई। वहीं आलू की मुद्रास्फीति शून्य से 18.71 प्रतिशत नीचे और प्याज की शून्य से 7.25 प्रतिशत नीचे रही। हालांकि, दालों की मुद्रास्फीति तेज बढ़ोतरी के साथ 5.76 प्रतिशत रही। गेहूं की मुद्रास्फीति 6.15 प्रतिशत पर थी। ईंधन और बिजली खंड की मुद्रास्फीति मई में घटकर (-) 9.17 प्रतिशत पर आ गई। अप्रैल में यह 0.93 प्रतिशत थी। विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति मई में शून्य से 2.97 प्रतिशत नीचे रही। अप्रैल में यह शून्य से 2.42 प्रतिशत नीचे थी। मूडीज एनालिटिक्स के मुख्य अर्थशास्त्री (एपीएसी) स्टीव कोचरेन ने कहा, बीते साल भारत ने सस्ते रूसी कच्चे तेल का आयात दोगुना किया है। इससे उसे ऊर्जा की लागत को उचित स्तर पर रखने में मदद मिली है जिससे मुद्रास्फीति घटी है। बार्कलेज के प्रबंध निदेशक राहुल बाजोरिया ने कहा कि पिछले महीने थोक कीमतें और घट गईं। मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों तथा ईंधन के मोर्चे पर दबाव कम हुआ। जिंसों के दाम घटने से उत्पादकों के लिए उत्पादन लागत घटी है, लेकिन इसका लाभ खुदरा कीमतों तक स्थानांतरित करने में विलंब की वजह से खुदरा और थोक मुद्रास्फीति के बीच का अंतर बढ़ गया है। उन्होंने कहा, हमारा अनुमान है कि निकट भविष्य में खुदरा मुद्रास्फीति नीचे आएगी। ऐसे में चालू वित्त वर्ष की शेष अवधि में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) संभवतः ब्याज दरों को यथावत रखेगी।

## द्वारका एक्सप्रेसवे...

के कारणों का पता लगाने के लिए पुल विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है। मंत्रालय ने कहा कि टीम के दो सदस्य पहले से ही स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं और तीसरा सदस्य कल सुबह स्थल पर पहुंचेगा। समिति सभी पहलुओं की विस्तार से जांच करेगी और चार सप्ताह में रिपोर्ट पेश करेगी। मंत्रालय ने कहा कि साइट की रिपोर्ट के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह यांत्रिक विफलता का मामला प्रतीत होता है। भारत के पहले पहले आठ लेन वाले द्वारका एक्सप्रेसवे का निर्माण लगभग नौ हजार करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मई में कहा था कि एक्सप्रेसवे का निर्माण अप्रैल 2024 तक पूरा हो जाएगा।

# नॉटिंघम हमले में भारतीय मूल की मेडिकल छात्रा समेत तीन लोगों की हुई मौत

**लंदन।** मध्य इंग्लैंड के नॉटिंघम में हुए चाकू से सिलसिलेवार हमले के शिकार लोगों में भारतीय मूल की मेडिकल छात्रा भी शामिल है। वह हॉकी और क्रिकेट खिलाड़ी थी। मंगलवार को हुए इन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई। 19 वर्षीय ग्रेसी ओमाले कुमार नॉटिंघम विश्वविद्यालय में सहपाठी एवं क्रिकेटर दोस्त बरनबी वेबर के साथ थी जब हमलावर ने मंगलवार तड़के उन दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में दोनों की मौत हो गई। हमलावर की पहचान उजागर नहीं की गई है। नॉटिंघमशायर पुलिस के अनुसार, 31 वर्षीय संदिग्ध हिरासत में है। उसने करीब 60 वर्षीय एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या कर दी और उसकी वैन चुराकर तीन लोगों को कुचलने की कोशिश की जो अब भी अस्पताल में भर्ती हैं।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को हाउस ऑफ कॉमन्स के सत्र की शुरुआत में कहा, मैं जानता हूं कि कल नॉटिंघम में हैरान कर देने वाली घटना पर जारी प्रतिक्रिया के लिए पूरा सदन आपातकालीन सेवाओं को धन्यवाद देना चाहेगा। हमारी संवेदनाएं घायलों और मृतकों के परिवारों के साथ हैं। गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन नें भयानक घटनौ पर संसद को जानकारी देने के लिए बाद में एक बयान दिया और पुष्टि की कि इस स्तर पर इसे आतंकवादी हमला नहीं माना जा रहा है। उन्होंने कहा, मैं सदन को बता सकता हूं कि पुलिस पूरे तथ्यों को स्थापित करने और सभी प्रभावितों को सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह से काम कर रही है। गृह मंत्री ने कहा, उन्हें फिलहाल इन हमलों की मंशा को लेकर कोई पूर्वाग्रह नहीं है, लेकिन मैं पुष्टि कर सकता हूं कि नॉटिंघमशायर पुलिस की आतंकवाद रोधी पुलिस सहायता कर रही है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि फिलहाल इसे आतंकवादी हमले के तौर पर लिया जा रहा है। ब्रेवरमैन ने कहा कि हमलों में एक चाकू का इस्तेमाल किया गया था, जिसके शिकार लोगों में से दो नॉटिंघम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी थे और तीसरा व्यक्ति - एक स्थानीय स्कूल केयरटेकर इयान कोट्स था जो करीब 60 वर्ष के थे और वैन के मालिक थे। इससे पहले, नॉटिंघमशायर पुलिस की मुख्य कांस्टेबल केटी मेनेल ने एक बयान में कहा, हम पूर्वाग्रह से मुक्त हैं और आतंकवाद रोधी पुलिस के साथ तथ्यों को स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं... हम इस तरह की परिस्थितियों में ऐसा करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की एक टीम इन घटनाओं से जुड़ी परिस्थितियों की जांच कर रही है तथा आने वाले दिनों में सबूतों को जुटाना जारी रहेगी। ग्रैसी लंदन में रहने वाले भारतीय मूल के डॉक्टर संजॉय कुमार की बेटी थीं। संजॉय कुमार को नायक चिकित्सक बताया जाता है जिन्होंने 2009 में चाकूबाज़ी में जख्मी हुए कुछ किशोरों की जान बचाई थी। ग्रैसी के परिवार ने कहा कि वे उसकी मौत से बुरी तरह टूट गए हैं। कुमार परिवार ने बयान में कहा कि उसके माता-पिता अपने दुख को शब्दों में बयां नहीं कर सकते। बयान के मुताबिक, उसकी महत्वाकांक्षा डॉक्टर बनने की थी और वह इसके लिए मेडिकल की प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी जबकि वह विवि में हॉकी भी खेलती थी। इसके मुताबिक, ग्रैसी की प्रेरणा उसके पिता डॉ संजॉय कुमार थे। विवि की कुलपति शियरर वेस्ट ने कहा कि वह प्रतिभाशाली खिलाड़ी थी जो अंडर 16 और अंडर 18 में इंग्लैंड हॉकी टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय हॉकी खेल चुकी थी और एसेक्स की अंडर 15 महिला क्रिकेट टीम के लिए भी उसने खेला था। खेल निकाय इंग्लैंड हॉकी ने कहा, मंगलवार को नॉटिंघम में ग्रेसी कुमार की दुखद मौत की खबर से हम सभी को गहरा दुख हुआ है। एसेक्स में वुडफोर्ड वेल्स क्रिकेट क्लब ने ग्रेसी कुमार को "कठोर प्रतिस्पर्धी, प्रतिभाशाली और समर्पित क्रिकेटर" बताया।

# ट्रंप दोषी करार दिए जाने के बावजूद भी लड़ सकते हैं राष्ट्रपति चुनाव

**भाषा।** वाशिंगटन



**राष्ट्रपति पद** से 2021 में हटने के बाद गोपनीय सरकारी दस्तावेज अवैध रूप से अपने पास रखने को लेकर अभ्यारोपित किए जाने के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में एक और कार्यकाल के लिए प्रचार अभियान जारी रख सकते हैं। ट्रंप (77) ने फ्लोरिडा के मियामी स्थित संघीय भवन में गोपनीय दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने से जुड़े आरोपों में मंगलवार को खुद को निर्दोष बताया। अमेरिका में पहली बार एक पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ संघीय आरोप लगाए गए हैं। यह अभ्यारोपण ट्रंप के खिलाफ दायर दूसरा आपराधिक मामला है। ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी की दौड़ में सबसे आगे हैं।

अप्रैल की शुरूआत में, ट्रंप ने न्यूयार्क में अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया और रिकार्ड में हेरफेर करने के 34 आरोपों का सामना करने के लिए अदालत में पेश हुए। उन्होंने इन आरोपों में भी खुद के दोषी नहीं होने की बात कही। उल्लेखनीय है कि नौ मई को ट्रंप, स्तंभकार ई जीन कैरोल द्वारा दायर किए गए एक दीवानी मामले में उत्तरदाई ठहराए गए थे जिसने दावा किया था कि उन्होंने (ट्रंप ने) उससे बलातकार किया और उनकी मानहानि की। हालांकि, जूरी ने यह नहीं पाया कि ट्रंप ने कैरोल से बलात्कार किया था लेकिन इस निष्कर्ष पर पहुंची कि उन्होंने उसका यौन उत्पीड़न किया।

जूरी ने करीब 50 लाख अमेरिकी डॉलर अदा करने का ट्रंप को निर्देश दिया था। इन तीनों मामलों से यह प्रश्न उत्पन्न हो रहा था कि न्यूयॉर्क या फ्लोरिडा में दोषी ठहराए जाने की स्थिति में, या अब कैरोल मामले में उत्तरदाई ठहराए जाने के बाद भी क्या वह अमेरिकी राष्ट्रपति बन सकते हैं? क्या ट्रंप 2024 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ सकेंगे?

विशेषज्ञों के मुताबिक, कानूनी दृष्टिकोण से इसका संक्षिप्त जवाब हां है। यदि ट्रंप को दोषी करार दिया जाता है तो कोई भी आरोप उन्हें पद ग्रहण करने से नहीं रोक सकेगा। सुनवाई अब से लेकर कई महीनों तक चलेगी, और ट्रंप इस अवधि के दौरान मुक्त होकर प्रचार कर सकते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कैरोलाइना, लॉस एंजिलिस, के प्रोफेसर रिचर्ड हासेन ने सीएनएन से कहा, ट्रंप को, अभ्यारोपित होने पर या दोषी करार दिए जाने के बावजूद भी कोई भी चीज चुनाव लड़ने से नहीं रोकती। अमेरिकी संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए एक उम्मीदवार को जन्म से अमेरिकी नागरिक होना चाहिए, उसकी आयु कम से कम 35 वर्ष हो और कम से कम 14 वर्षों तक अमेरिका का निवासी हो। कुछ और भी संवैधानिक प्रतिबंध हैं जो एक व्यक्ति को राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से रोक सकते हैं, लेकिन वे ट्रंप पर लागू नहीं होते।

# भारत-अमेरिका के रिश्ते सकारात्मक रणनीतिक परिणाम वाले हैं: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजकीय यात्रा के जरिए अमेरिका यह संदेश देना चाहता है कि भारत और अमेरिका के बीच सकारात्मक रणनीतिक परिणाम वाले संबंध हैं। प्रधानमंत्री मोदी 21 जून को तीन दिवसीय यात्रा पर वाशिंगटन आ रहे हैं। मोदी को राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन ने आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। उनकी इस यात्रा में 22 जून को राजकीय रात्रिभोज भी शामिल होगा। मोदी 23 जून को अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। यह दूसरा अवसर होगा जब मोदी अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करेंगे। वह इजराइल को छोड़कर तीसरे ऐसे विश्व नेता होंगे जिन्होंने दो बार अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित किया हो। अन्य दो नेताओं में विंस्टन चर्चिल और नेल्सन मंडेला शामिल हैं। मोदी ने इससे पहले 2016 में अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित किया था।

अमेरिका भारत व्यापार परिषद की मंगलवार को आयोजित वार्षिक भारत विचार सम्मेलन के दौरान प्रधान राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने कहा कि वर्षों से प्रशासनों के बीच संबंधों को मजबूत करने के बाद अमेरिका-भारत साझेदारी पहले से कहीं अधिक गहरी और मूल्यवान हुई है। उन्होंने कहा, हम जो मुख्य संदेश देना चाहते हैं, वह यह है कि दोनों देशों के रिश्ते सकारात्मक रणनीतिक परिणाम वाले हैं। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि हम बहुत अधिक गहराई से जुड़े हुए हैं और कई वैश्विक मुद्दों पर एक दूसरे के साथ महत्वपूर्ण रूप से और करीब आ रहे हैं। साथ ही विभिन्न तरीकों से हम अपनी-अपनी आबादी को लाभान्वित कर सकते हैं। फाइनर ने कहा, जब प्रधानमंत्री मोदी यहां आएंगे और राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ कुछ समय बिताएंगे, तो आप देखेंगे कि यह दो महत्वपूर्ण देशों के बीच एक आधुनिक संबंध है जो उनके अपने लोगों को लाभान्वित करेगा।

# डोनाल्ड ट्रंप ने गोपनीय दस्तावेज अवैध तरीके से रखने का जुर्म नहीं कबूला

**● न्यायालय में पेश हुए**

**मियामी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उस जुर्म को मानने से इनकार किया कि उन्होंने फ्लोरिडा के अपने आवास में गोपनीय दस्तावेज रख कर बीसियों बार कानून का उल्लंघन किया है। ट्रंप मंगलवार को मियामी की अदालत में पेश हुए और वह संघीय आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले देश के पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं। नेवी सूट और लाल रंग की टाई पहने ट्रंप फ्लोरिडा के मियामी की अदालत में सुनवाई शुरू होने से 15 मिनट पहले पहुंचे और बहुत संभलते हुए अपनी कुर्सी पर बैठे। तब तक न्यायाधीश अदालत कक्ष में नहीं पहुंचे थे। ट्रंप के बेटे एरिक ट्रंप अदालत में अपने पिता के साथ थे। यह एक ऐसा ऐतिहासिक मामला है जो 2024 के लिए व्हाइट हाउस की दौड़ के परिप्रेक्ष्य में देश के राजनीतिक तथा कानूनी परिदृश्य को बदल सकता है।

एबीसी न्यूज की एक खबर के अनुसार ट्रंप सुनवाई के दौरान जमीन की ओर देखते रहे। संघीय अभियोजकों ने ट्रंप पर अपने कार्यकाल के दौरान गोपनीय दस्तावेज हासिल करने और उन्हें अपने पास रखने के आरोप लगाए। पूर्व राष्ट्रपति पर 37संघीय आरोप लगाए गए हैं जिनमें से 31जासूसी अधिनियम के उल्लंघन से जुड़े हैं। ट्रंप के वकील टॉड ब्लांचे ने अभियोग के दौरान खचाखच भरे अदालत कक्ष में कहा, हम जुर्म नहीं कबूलने संबंधी याचिका दाखिल कर रहे हैं।

अधिवक्ता ब्लांचे और क्रिस्टोफर किसे के साथ पूर्व राष्ट्रपति अदालत की कार्वाई धीरज के साथ देखते रहे। मजिस्ट्रेट जज जोनाथन गुडमैन ने ट्रंप से इस मामले में किसी भी गवाह से बात न करने को कहा, जिनमें वाल्ट नाउटा भी शामिल हैं। ट्रंप ने अपने वकीलों से बात की। अधिवक्ता ने न्यायाधीश के इस प्रस्ताव पर आपत्ति जताई और कहा कि नाउटा और कई गवाह ट्रंप के कर्मचारी हैं अथवा सुरक्षाकर्मी हैं। नाउटा ट्रंप के करीबी हैं और उन्हें पूर्व राष्ट्रपति के निर्देश पर दस्तावेजों से भरे बक्सों को हटाने और संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) को गुमराह करने के लिए पिछले सप्ताह ही अभ्यारोपित किया गया है। सुनवाई के दौरान गुडमैन ने ट्रंप को लगातार पूर्व राष्ट्रपति कहा वहीं उनके अधिवक्ता उन्हें राष्ट्रपति ट्रंप संबोधित करते रहे।

पैंतालिस मिनट की अदालती सुनवाई के दौरान इस बात पर कोई चर्चा नहीं हुई कि ट्रंप को अगली बार अदालत में कब और कहां पेश होना होगा। ट्रंप को गोपनीय दस्तावेज रखने संबंधी मामले में अभ्यारोपित किया गया है। यह मामला फ्लोरिडा स्थित ट्रंप के आवास मार-ए-लागो से सैकड़ों गोपनीय दस्तावेज बरामद होने से जुड़ा है। इस मामले में दोषी करार दिए जाने की सूरत में ट्रंप को कई साल की जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। जुर्म नहीं कुबूलने संबंधी याचिका दाखिल करने के बाद ट्रंप मंगलवार रात को न्यूजर्सी गोल्फ क्लब पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। ट्रंप ने वहां मौजूद लोगों को करीब आधे घंटे तक संबोधित किया, उन्हें यह मामला तत्काल बंद करना चाहिए क्योंकि वे देश के बर्बाद कर रहे हैं। हिलेरी क्लिंटन ने कानून तोड़ा और उनके खिलाफ अभियोग नहीं लगा। जो बाइडन ने कई अन्य तरीकों से कानून तोड़ा लेकिन उन पर भी अभियोग नहीं लगा। मैंने सब सही किया फिर भी उन्होंने मेरे खिलाफ अभियोग लगाया। ट्रंप ने कहा, कई लोगों ने मुझसे पूछा कि मेरे पास ए बक्से क्यों हैं, अपको वह क्यों चाहिए? इसका उत्तर यह है कि प्रेसिडेंशियल रिकॉर्ड्स एक्ट के तहत हर अधिकार होने के अलावा इन बक्सों में व्यक्तिगत सामान था- कई, कई चीजें- शर्ट ,जूते और सब कुछ ...। मुझे इन्हें देखने का मौका ही नहीं मिला क्योंकि इसके लिए काफी वक्त चाहिए। एक बार फिर राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की ट्रंप की इच्छा के आड़े भी आ सकती है। इससे न सिर्फ उनके राजनीतिक भविष्य पर, बल्कि उनकी व्यक्तिगत आजादी पर भी असर पड़ सकता है। सीएनएन ने अपनी एक खबर में कहा कि सुनवाई मजिस्ट्रेट न्यायाधीश गुडमैन ने की अब यह मामला जिला न्यायाधीश एलीन कैनन की अदालत में जाएगा। कैनन को ट्रंप ने नियुक्त किया था और पूर्व के उनके फैसलों को देखते हुए ए प्रश्न उठने लगे हैं कि वे इस मामले को कैसे देखेंगे।

# इमरान हत्या की साजिश के दावे के सबूत जेआईटी के समक्ष पेश नहीं कर पाए : गृहमंत्री सनाउल्ला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गृहमंत्री राना सनाउल्ला ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, शीर्ष सरकारी अधिकारियों और सेना प्रमुख के खिलाफ लगाए गए अपनी हत्या की साजिश के आरोपों का स्वयं के पास कोई साक्ष्य नहीं होने की बात स्वीकार की है। मंगलवार को द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार में प्रकाशित खबर के अनुसार, सनाउल्ला ने हा कि प्रधानमंत्री शहबाज, खुद उनके (सनाउल्ला के) और पाकिस्तानी थलसेना के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ उन्होंने बेवजह आरोप लगाए थे। इमरान खान, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख भी हैं। सनाउल्ला ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और सेना प्रमुख के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने को लेकर इमरान खान की आलोचना भी की। पूर्व प्रधानमंत्री खान (70) ने आरोप लगाया था कि ए लोग उनकी हत्या करना चाहते हैं। उन्होंने हाल के महीनों में दावा किया था कि सत्तारूढ़ सरकार के कुछ सदस्यों ने उनकी हत्या की साजिश रची है। गृह मंत्री ने बताया कि इमरान खान को सबूत पेश करने को कहा गया था।

**सार्वजनिक सूचना**

जैसे कि, मूल मांग पत्र, कब्जा पत्र, कब्जे की पर्ची और पानी और बिजली कनेक्शन के लिए एनओसी, डीडीए द्वारा फाइल संख्या F-23(359)84/TP/NP/MIG द्वारा जारी किया गया है। जो श्री बालकृष्ण शर्मा पुत्र श्री कन्हैया लाल शर्मा के नाम पर है। निदेशक (एच) डीडीए, नई दिल्ली, फ्लैट नंबर 102-बी, पॉकेट-IV, मयूर विहार, फेज-1, दिल्ली-110091 के संबंध में दस्तावेज खो गये है/पता नहीं चल रहा है। जिसके संबंध में रुचिका भारद्वाज ने दिल्ली क्राइम ब्रांच के पास दिनांक 13.02.2023 को एलआर नंबर 145494/2023 के माध्यम से एनसीआर दर्ज गई है।

अगर किसी को मिल जाए तो कृपया उक्त पते पर वापस करें- बी 45 रिट्रीट अपार्टमेंट प्लॉट नंबर 20, पटपड़गंज, आईपी एक्सटेंशन, दिल्ली -110092

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to public at large that we, Ashok Kumar Sondhi S/o Late Sh. Brij Lal Sondhi and Meenu Sondhi W/o Sh. Ashok Kumar Sondhi both residents of O-8/B, Jangpura Extension, New Delhi-110014, hereby disown our son namely Mr. Manish Sondhi from all our movable and immovable properties. It is further notified that we will not be responsible for his future actions or for his debts and liabilities

DEVASHISH BHADAURIA (ADVOCATE)
H-29, Ground Floor, Jangpura Extn., New Delhi-110014

**PUBLIC NOTICE**

We Mr. Rohit Kharbanda S/o Lt. Sh. Pramod Kharbanda, R/o G-8/35, 2nd Floor, Sector 11, Rohini, North West Delhi-110085, Mrs. Suman Kharbanda W/o Lt. Sh. Pramod Kharbanda R/o G-8/35, 2nd Floor, Sector 11, Rohini, North West Delhi-110085, Ms. Shweta D/o Lt. Sh. Pramod Kharbanda R/o G-8/35, 2nd Floor, Sector 11, Rohini North West Delhi-110085 and Ms. Payal Kharbanda D/o Lt. Sh. Pramod Kharbanda R/o G-8/35, 2nd Floor, Sector 11, Rohini North West Delhi-110085 have entered into a family settlement on date 09.06.2023 and the same was duly stamped and notarized by the notary public Shahana Parveen (Advocate) bearing registration number 445 and vide the said family settlement dated 09.06.2023, we have distributed the properties of Late Sh. Pramod Kharbanda amongst ourselves.

Akshat Gupta (Advocate)

## श्रीलंकाई सेना के चिकित्सकों ने दुनिया में गुर्दे की सबसे बड़ी पथरी निकाली, गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड

**कोलंबो।** श्रीलंकाई सेना के चिकित्सकों के एक समूह ने दुनिया में गुर्दे की सबसे बड़ी पथरी शल्यक्रिया के जरिए निकालकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। श्रीलंकाई चिकित्सकों ने ऐसा करके 2004 में भारतीय चिकित्सकों द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। कोलंबो सैन्य अस्पताल में इस महीने की शुरुआत में यह शल्यक्रिया करके 13.372 सेंटीमीटर लंबी और 801 ग्राम वजन की पथरी निकाली गई। मौजूदा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के अनुसार, दुनिया में गुर्दे की सबसे बड़ी पथरी (लगभग 13 सेंटीमीटर) 2004 में भारत में शल्यक्रिया करके निकाली गई थी, जबकि गुर्दे की सबसे वजनी पथरी (620 ग्राम) पाकिस्तान में 2008 में सर्जरी करके निकाली गई थी। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने कहा, गुर्दे की सबसे बड़ी पथरी 13.372 सेंटीमीटर (5.264 इंच) की है, और एक जून 2023 को कोलंबो, श्रीलंका में कैनिस्टस कूंघे (श्रीलंका) में सर्जरी करके निकाली गई। उसने कहा कि 2004 के बाद से 13 सेंटीमीटर का पिछला रिकॉर्ड अभी तक टूटा नहीं था। श्रीलंका सेना के बयान में कहा गया है कि यह सर्जरी कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट एवं अस्पताल में जेनिटो यूरिनरी यूनिट के प्रमुख लेफ्टिनेंट कर्नल (डॉ.) के सुदर्शन ने कैप्टन (डॉ.) डब्ल्यू.पी.एस.सी पतिरत्ना और डॉ. तमशा प्रेमातिलका के साथ मिलकर की। बयान में कहा गया है कि कर्नल (डॉ) यू ए एल डी परेरा और कर्नल (डॉ) सी. एस. अबेयसिंघे ने भी सलाहकार एनेस्थेटिस्ट के रूप में सर्जरी के दौरान योगदान दिया।

# मोदी की यात्रा दो दशकों के लिए भारत-अमेरिका संबंधों को संस्थागत स्वरूप देने को लेकर है: रिचर्ड वर्मा

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय मूल** के एक शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगले हफ्ते होने वाली अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच अगले दो दशक के लिए सहयोग बढ़ाने और उसे संस्थागत स्वरूप देने को लेकर है। प्रबंधन और संसाधन संबंधी मामलों के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने पीटीआई-भाषा से कहा कि यह यात्रा बिल्कुल सही समय पर हो रही है। वर्मा अमेरिका के विदेश विभाग में अब तक के सर्वश्रेष्ठ पद पर पहुंचने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी हैं। वह 54 वर्ष के हैं। वह भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में सेवाएं देने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति भी हैं।

उन्होंने कहा, यह यात्रा अभी कई कारणों से बहुत मायने रखती है, क्योंकि यह उन अगले दो दशकों के लिए हमारे सहयोग को बढ़ावा देने और संस्थागत बनाने के लिए है।

प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर 21 जून को वाशिंगटन डीसी पहुंचेंगे। अगले दिन 22 जून को उनके लिए एक भव्य स्वागत समारोह के अलावा राजकीय भोज का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन, प्रधानमंत्री अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। मोदी की यात्रा से पहले वर्मा ने याद किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कुछ साल पहले सीनेट की विदेशी संबंध मामलों की समिति के अध्यक्ष के रूप में कैसे तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के प्रशासन में भारत-अमेरिका के बीच असैन्य परमाणु समझौते की जबरदस्त वकालत की थी।

वर्मा ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेता बाइडन इस दौरान कांग्रेस के अपने डेमोक्रेट सहयोगियों को इस समझौते के पक्ष में मतदान करने के लिए मनाने में भी कामयाब रहे थे। उन्होंने बाइडन के साथ भारतीय-अमेरिकी समुदाय से जुड़े कार्यक्रमों में शिरकत करने की बात याद की और कहा कि इन कार्यक्रमों में तत्कालीन सीनेटर (बाइडन) अक्सर अमेरिका-भारत संबंधों के महत्व को रेखांकित करते थे। वर्मा ने कहा, आपको बाइडन का 2003 या 2004 का एक बयान मिलेगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर भारत और अमेरिका 2020 में सबसे करीबी दोस्त होंगे, तो विश्व एक अधिक सुरक्षित एवं समृद्ध स्थान बन जाएगा। उन्होंने 17 साल पहले ही यह भविष्यवाणी कर दी थी। वह इस बारे में बिल्कुल सही भी साबित हुए।

## आंत की सर्जरी के बाद पोप को अस्पताल से जल्द छुट्टी मिलने की उम्मीद

**रोम।** पोप फ्रांसिस की पिछले हफ्ते हुई आंत की सर्जरी के बाद उन्हें आने वाले दिनों में अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है क्योंकि उनके स्वास्थ्य में सुधार आ रहा है। वेटिकन के प्रवक्ता मैट्यू ब्रूनी ने उनके स्वास्थ्य के बारे में दैनिक आधार पर दी जाने वाली जानकारी में बताया कि फ्रांसिस को बीती रात भी कोई परेशानी पेश नहीं आई और वह दिन में अस्पताल में एक प्रार्थना सभा में शामिल हुए। पोप फ्रांसिस (86) की सात जून को यहां जेमेली अस्पताल में आंत की सर्जरी हुई। दो वर्षों में यह उनकी आंत की दूसरी बड़ी सर्जरी थी। ऐसा माना जा रहा है कि उन्हें 2021 में कराई गई बड़ी आंत की सर्जरी के बाद हर्निया की शिकायत हुई। विशेषज्ञों के अनुसार, हर्निया का बनना आंत की सर्जरी के बाद पैदा होने वाली एक समस्या है। फ्रांसिस के चिकित्सकों के हवाले से ब्रूनी ने कहा कि पोप के स्वास्थ्य में बगैर किसी जटिलता के नियमित रूप से सुधार हो रहा है।

# ब्लिंकन ने चीनी विदेश मंत्री छिन कांग से फोन पर की बातचीत

**बीजिंग।** तनाव घटाने के लिए चीन की अपनी प्रस्तावित यात्रा से पहले, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटी ब्लिंकन ने अपने चीनी समकक्ष छिन कांग से फोन पर बातचीत की, जिस दौरान उन्होंने गलत अनुमान और टकराव को टालने के लिए संचार के खुले माध्यमों को बरकरार रखने के महत्व पर चर्चा की। इस हफ्ते चीन की यात्रा करने जा रहे ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर अमेरिका एवं चीन के बीच संचार के खुले माध्यमों को दोनों देशों द्वारा बरकरार रखने पर कांग के साथ चर्चा की। ब्लिंकन ने एक ट्वीट में कहा, आज रात चीनी जनवादी गणराज्य (पीआरसी) के स्टेट काउंसलर एवं विदेश मंत्री छिन कांग से फोन पर बातचीत की।

**पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**
Piramal Finance
(पूर्वतः दीवान हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
सीआईएन : L65910MH1984PLC032639
पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई - 400 070-टी +91 22 3802 4000
शाखा पता : प्लॉट नंबर 6, ब्लॉक ए, सेक्टर-2, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201 301
सम्पर्क व्यक्ति : 1. निशांत गौतम - 9899216466 2. नवीन कपूर - 9810854841 3. रोशन सावंत - 9833143013

**ई-नीलामी बिक्री सूचना-अनुवर्ती बिक्री**

पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः डीएचएफएल के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर्जदार/रों से बकाया राशि की वसूली के लिए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अधोहस्ताक्षरी द्वारा यहां नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति का कब्जा लिए जाने के अनुसरण में उसके "जैसा है जहां है आधार" "जो है जैसा है" तथा "जो भी है वहां है आधार" पर क्रय हेतु ऑफर्स आमंत्रित हैं। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

| ऋण कोड/शाखा/कर्जदार(रों)/सह- कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | मांग सूचना तिथि एवं राशि | सम्पत्ति पता-अंतिम | सुरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (आरपी की 10 प्रतिशत) | कुल बकाया राशि (14-06-2023) |
|---|---|---|---|---|---|
| (ऋण कोड संख्या 27900000313, ग्रेटर नोएडा (शाखा), संगीता श्रीवास्तव (कर्जदार), सुनील कुमार श्रीवास्तव (सह कर्जदार 1) | 20-07-2018, रू. 19,55,680/- (रूपए उन्नीस लाख पचपन हजार छह सौ अस्सी मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. बी-2-24, जी एफ-2, भू तल (फ्रंट एलएचएस) डीएलएफ अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 चौहद्दी - उत्तर : रोड, दक्षिण : 47, पूरब : 25, पश्चिम : 23 | रू. 14,00,000/- (रू. चौदह लाख मात्र) | रू. 1,40,000/- (रू. एक लाख चालीस हजार मात्र) | रू. 16,57,947/- (रू. सोलह लाख सत्तावन हजार नौ सौ सैंतालीस मात्र) |
| (ऋण कोड संख्या 07700001926, गाजियाबाद (शाखा), भीम सिंह (कर्जदार), अल्पना सिंह (सह कर्जदार 1) | 16-06-2020, रू. 40,58,084/- (रूपए चालीस लाख अठ्ठावन हजार चौरासी मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 3, भू तल, ब्लॉक डी, पाकेट सी, मोलरबंध, नई दिल्ली, नई दिल्ली-110072 चौहद्दी - उत्तर : एस लेन, दक्षिण : प्रवेश, पूरब : फ्लैट नंबर 04, पश्चिम : फ्लैट नंबर 002 | रू. 35,00,000/- (रू. पैंतीस लाख मात्र) | रू. 3,50,000/- (रू. तीन लाख पचास हजार मात्र) | रू. 61,34,745/- (रू. इकसठ लाख चौंतीस हजार सात सौ पैंतालीस मात्र) |
| (ऋण कोड संख्या 20000041366, नोएडा - सेक्टर 2 (शाखा), तरूण कुमार (कर्जदार), निकी रानी (सह कर्जदार 1) श्री हरि कंस्ट्रक्शन (सह कर्जदार 2) मुकेश कुमार (गारंटर) | 20-07-2018, रू. 29,17,859/- (रूपए उन्तीस लाख सत्रह हजार आठ सौ उनसठ मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति फ्लैट नंबर बी-1604, 16वां तल, टावर बी, आम्रपाली ऐम्पायर, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 | रू. 27,00,000/- (रू. सत्ताईस लाख मात्र) | रू. 2,70,000/- (रू. दो लाख सत्तर हजार मात्र) | रू. 45,85,157/- (रू. पैंतालीस लाख पिचासी हजार एक सौ सत्तावन मात्र) |
| (ऋण कोड संख्या 25500001521, नेताजी सुभाष प्लेस (शाखा), मोहम्मद शेजी, (कर्जदार), प्रेरणा कौल (सह कर्जदार 1) | 30-04-2021, रू. 46,00,315/- (रूपए छियालीस लाख तीन सौ पंद्रह मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर एच 1, तृतीय तल, छत के अधिकार सहित, केएच 480, ब्लॉक एच, मोहन गार्डन, ग्राम नवादा, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059, चौहद्दी - उत्तर : 20 फीट रोड, दक्षिण : अन्य सम्पत्ति, पूरब : प्लॉट का भाग , पश्चिम : प्लॉट नंबर एच 2 | रू. 32,00,000/- (रू. बत्तीस लाख मात्र) | रू. 3,20,000/- (रू. तीन लाख बीस हजार मात्र) | रू. 60,00,717/- (रू. साठ लाख सात सौ सत्रह मात्र) |
| (ऋण कोड संख्या 19800041688, दिल्ली-पीतमपुरा (शाखा), गुलशन कुमार अरोड़ा (कर्जदार), शर्मिला अरोड़ा (सह कर्जदार 1) साकेत चोपड़ा (सह कर्जदार 2) | 19-11-2019, रू. 24,91,694/- (रूपए चौबीस लाख इक्यानवे हजार छह सौ चौरानवे मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : आरजैड-एच-601, द्वितीय तल (फ्रंट एवं बैक साइड) ब्लॉक-एच, खसरा नंबर 56/21 एवं 56/22, गली नंबर 16, राज नगर-2, दिल्ली, नई दिल्ली-110045, चौहद्दी - उत्तर : गली 6 फीट, दक्षिण : अन्य की सम्पत्ति, पूरब : अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : गली 7 फीट | रू. 27,00,000/- (रू. सत्ताईस लाख मात्र) | रू. 2,70,000/- (रू. दो लाख सत्तर हजार मात्र) | रू. 40,79,100/- (रू. चालीस लाख उनासी हजार एक सौ मात्र) |

ई-नीलामी की तिथि : 30-06-2023, पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक (5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ)
बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 29-06-2023, अप. 4.00 बजे से पूर्व

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया www.piramalfinance.com/e-Auction.html में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें अथवा हमको piramal.auction@piramal.com पर ई-मेल भेजें।

कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता को सरफासी ऐक्ट के तहत बिक्री के संबंध में 15 दिन कानूनी नोटिस

उपरोक्त उल्लिखित कर्जदार/गारंटर को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वे धारा 13(2) सूचना में उल्लिखितानुसार राशि का नीलामी की तिथि से पूर्व दिनांक तक उपार्जित ब्याज के साथ संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान कर दें। भुगतान करने में विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, की वसूली कर्जदार/गारंटर से ब्याज व लागत के साथ की जाएगी।

दिनांक : 15-06-2023
स्थान : दिल्ली
हस्ता./- (प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

# यूनान में नौका डूबने से 79 प्रवासियों की मौत, दर्जनों लापता

**भाषा।** एथेंस

**दक्षिणी यूनान** के एक तट के निकट मछली पकड़ने वाली नौका के डूब जाने से कम से कम 78 प्रवासियों की मौत हो गई। घटना में दर्जनों लोगों के लापता होने की आशंका है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर तलाशी एवं बचाव अभियान शुरू किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि देश के दक्षिणी पेलोपोनिसे क्षेत्र से लगभग 75 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में रात के समय हुई इस घटना के बाद अब तक 104 लोगों को बचाया गया है। यूनान तटरक्षक बल ने कहा कि समुद्र से 79 लोगों के शव बरामद किए गए हैं जबकि अभी इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकी कि नौका पर सवार कितने यात्री लापता हैं। तलाशी एवं बचाव अभियान में तटरक्षक बल के छह पोत, नौसेना का एक जहाज, सेना का एक परिवहन विमान और वायु सेना के एक हेलीकॉप्टर समेत ड्रोन की भी मदद ली जा रही है।

घटना में बचाए गए दर्जनों प्रवासियों को एम्बुलेंस सेवा द्वारा स्थापित शिविरों में उपचार के लिए ले जाया गया है। माना जा रहा है कि इटली जा रही यह नौका पूर्वी लीबिया के टोब्रुक इलाके से रवाना हुई थी। गौरतलब है कि स्थानीय तट रक्षक गश्ती दलों से बचने के लिए तस्करों द्वारा बड़ी नौकाओं के जरिए अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र को पार करने के प्रयास की घटनाएं बढ़ रही हैं। लीबिया के अधिकारियों ने इस महीने की शुरुआत में पूर्वी लीबिया में प्रवासियों पर बड़ी कार्वाई शुरू की है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा है कि मिस्र, सीरिया, सूडान और पाकिस्तानी नागरिकों सहित कई हजार प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है।

## माली में बस दुर्घटना में 15 की मौत

**बमाको (माली)।** माली में दो बसों की एक ट्रक से टक्कर में कम से कम 15 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। सरकार ने यह जानकारी दी। माली के परिवहन मंत्रालय के महासचिव मामा जेनेपो ने कहा कि दुर्घटना मंगलवार सुबह फना और कोनोबूगू शहरों के बीच हुई। उन्होंने कहा, दुर्घटना में मोपती जा रही दो बसें शामिल थीं जो मवेशियों को ले जा रहे विपरीत दिशा से आते एक ट्रक से टकरा गईं। उन्होंने कहा कि चालक संभवत: थके हुए थे और इसलिए यह घटना हुई। सरकार ने कहा कि माली में विशेषकर बारिश के मौसम में यातायात दुर्घटना सामान्य बात है लेकिन इस साल पश्चिम अफ्रीकी देश में यह सबसे भीषण दुर्घटना है। पिछले साल सड़क दुर्घटनाओं में 680 से अधिक लोग मारे गए और 8,200 लोग घायल हुए थे।

## उत्तरी नाइजीरिया में नौका पलटने से कम से कम 103 लोगों की मौत

**अबुजा (नाइजीरिया)।** उत्तरी नाइजीरिया में एक नौका के पलटने से बच्चों सहित कम से कम 103 लोगों की मौत हो गई। सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। नौका क्वारा राज्य के पटेगी जिले में नाइजर नदी में सोमवार तड़के दुर्घटनाग्रस्त हुई। अब भी बड़ी संख्या में लोग लापता हैं और स्थानीय लोग तथा पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। उन्होंने बताया कि 100 लोगों को अभी तक बचाया गया है। स्थानीय प्रमुख अब्दुल गाना लुकपाडा ने कहा, नौका में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। उसमें करीब 300 लोग सवार थे। नौका पानी के अंदर एक बड़े लट्ठे से टकरा गई और क्षतिग्रस्त हो गई। क्वारा के गवर्नर अब्दुलरहमान अब्दुलराज़क के कार्यालय ने बयान जारी कर शोक व्यक्त किया है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Abdullah S/o. Rozan Kazi, R/o. 311/C-1, Gali No. - 22, Zakir Nagar, Okhla, New Delhi-110025 have declared that my name has been wrongfully mentioned in my son's school record as MOHD ABULLAH and my son's AAZAN. My correct name is Abdullah and my son's correct name is AAZAN KHAN.

PD(067)A

# विपक्षी दलों को विकास की कोई चिंता नहीं : नड्डा

**भाषा ।** शिमला



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को विकास और जनता की सेवा से कोई सरोकार नहीं है और उनका एकमात्र एजेंडा छल और झूठे वादों के सहारे सत्ता हथियाना है।

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के ढालपुर मैदान में अपनी पार्टी द्वारा आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने लोगों को इन दलों के मंसूबों के बारे में आगाह किया और दावा किया कि विपक्षी पार्टियां वोटों के लिए राष्ट्रीय हितों से समझौता करने की हद तक जा सकती हैं। उन्होंने राजनीतिक संस्कृति को वोट बैंक से रिपोर्ट कार्ड में बदलने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी दुनिया में भारत की छवि को चमका रहे हैं वहीं कांग्रेस नेता दुनिया में देश की छवि को बिगाड़ने का काम कर रहे हैं।

नड्डा ने कहा, इनकी दादी (इंदिरा गांधी) ने देश में आपातकाल लगाया था और लोकतंत्र को कुचल कर रख दिया था और ए लंदन जाकर भारत में लोकतंत्र को बचाने की गुहार लगा रहे हैं... अरे वो बचाएंगे जिन्होंने भारत पर 200 साल राज किया और तुम बचाओगे जिन्होंने भारत में आपातकाल लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कुछ राज्यों में झूठे वादों कर सत्ता में आई थी, लेकिन उसने उन वादों को पूरा नहीं किया। भाजपा अध्यक्ष ने लोगों से ऐसे वंशवादी दलों के मंसूबों को विफल करने का आह्वान किया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए मुसलमानों के तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में 91.5 प्रतिशत मुसलमानों ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा के तहत आरक्षण का लाभ उठाया है जबकि तथ्य यह है कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की आबादी 72 प्रतिशत है और मुसलमानों की 25 प्रतिशत है।

नड्डा ने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने के लिए उन्हें प्रमाण पत्र जारी करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के सात जिलों को आदिवासी जिला घोषित किया गया है जहां ओबीसी के लिए कोई आरक्षण नहीं है, जबकि पंजाब में ओबीसी को 25 प्रतिशत आरक्षण के मुकाबले 12 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। नड्डा ने कहा, वर्ष 2014 से पहले नीतिगत पंगुता वाला भारत था, नीतिगत निर्णय न लेना ही नीति थी, काम को लटकाना, भटकाना, अटकाना ही संस्कृति थी और भारत का नाम भ्रष्टाचार करने वाले देशों में शामिल था। लेकिन 2014 के बाद सिर्फ विकास ही नहीं हुआ, देश में काम करने की संस्कृति भी बदल गई। प्रधानमंत्री मोदी ने वंशवाद से निकलकर विकासवाद की कहानी लिखी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के फैसलों के कारण देश ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से प्रगति की है और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है।

उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों ने भारत को चमकता सितारा और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बताते हुए इसकी सराहना की है, जहां मुद्रास्फीति सबसे कम है। पिछले नौ वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए नड्डा ने आयुष्मान भारत, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न, किसानों को 6,000 रुपए प्रदान करने वाली किसान सम्मान निधि, आवास योजना, जल जीवन मिशन, भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने और मोबाइल फोन विनिर्माण और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों में बड़ी प्रगति जैसी पहलों के बारे में बात की।

उन्होंने हिमाचल प्रदेश के लिए केंद्र द्वारा स्वीकृत विकास परियोजनाओं का भी उल्लेख किया।

# एकलव्य आदर्श विद्यालयों में तीन साल में 38,800 शिक्षकों, सहायक कर्मचारियों की भर्ती करेगा केंद्र

**भाषा ।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार अगले तीन साल में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में 38,800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती करेगी।

देशभर में आदिवासी छात्रों के लिए आदर्श आवासीय विद्यालय बनाने के लिए ईएमआरएस योजना 1997-98 में शुरू हुई थी।

जनजातीय मामलों के मंत्री मुंडा ने एक संवाददाता सम्मेलन में पिछले नौ साल के अपने मंत्रालय की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि देश में ऐसे विद्यालयों की संख्या 2013-14 में 119 थी, जो नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में बढ़कर 2023-24 में 401 पर पहुंच गई है। इन स्कूलों में नामांकित छात्रों की संख्या 2023-14 में 34,365 थी, जो 2023-24 में बढ़कर ।,13,275 हो गई है। सरकार ने 2019 में तैयार एक नई योजना के हिस्से के तौर पर 2011 की जनगणना के अनुसार 50 प्रतिशत या उससे अधिक अनुसूचित जनजाति (एसटी) आबादी वाले और कम से कम 20,000 आदिवासी व्यक्तियों वाले प्रत्एक ब्लॉक में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया था।

मुंडा ने कहा, मंत्रालय वर्ष 2025-26 तक देश भर में 740 चिह्नित प्रखंडों में ईएमआरएस की स्थापना पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अगले तीन साल में, लगभग 3.5 लाख आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए इन विद्यालयों में 38,800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब तक कुल 693 विद्यालयों को मंजूरी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि ऐसे 175 विद्यालयों में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा स्मार्ट कक्षाएं स्थापित की जा रही हैं।

## बीआरएस के दो विधायक, सांसद आयकर विभाग की जांच के दायरे में

**हैदराबाद ।** आयकर विभाग के अधिकारियों ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों पी शेखर रेड्डी और एम जनार्दन रेड्डी तथा सांसद के. प्रभाकर रेड्डी के व्यवसायिक कार्यालयों से जुड़े परिसरों पर बुधवार को छापे मारे।

सूत्रों के मुताबिक आयकर अधिकारियों ने विधायकों और सांसद की कंपनियों की कर अदायगी की पुष्टि के लिए छापे मारे।

मीडिया में आई खबरों में कहा गया है कि नागरकुरनूल विधानसभा क्षेत्र से विधायक जनार्दन रेड्डी के कुछ शॉपिंग मॉल में भी आयकर विभाग ने छापे मारे।

प्रभाकर रेड्डी मेडक से लोकसभा सदस्य हैं जबकि शेखर रेड्डी भोंगीर से विधायक हैं।



बालटाल में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा के लिए स्वास्थ्य, बिजली, संचार, जल आपूर्ति और स्वच्छता की व्यवस्था की समीक्षा की

## ईडी ने धन शोधन के मामले में डीसीएचएल के दो प्रवर्तकों, लेखा परीक्षक को किया गिरफ्तार

**भाषा ।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने डेक्कन क्रॉनिकल होल्डिंग्स लिमिटेड (डीसीएचएल) के दो प्रवर्तकों और एक लेखा परीक्षक को कथित बैंक धोखाधड़ी मामले से जुड़े धनशोधन की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपियों में डीसीएचएल के प्रवर्तक एवं पूर्व निदेशक टी. वेंकटराम रेड्डी और पी.के. अय्यर तथा कंपनी के लेखा परीक्षक मणि ओम्मेन शामिल हैं।

एजेंसी के अनुसार, 2020 में इसकी जांच में पाया गया कि डीसीएचएल के तीन प्रवर्तकों पी. के. अय्यर, टी. वेंकटराम रेड्डी और टी. विनायकरवी रेड्डी ने साजिश रची तथा कंपनी के बही-खाते में हेरफेर कर मुनाफा-विज्ञापन राजस्व बढ़ाया और बैंकों तथा उसके शेयरधारकों को धोखा देने के लिए वर्षों तक एक अच्छी तस्वीर पेश करने के लिए कंपनी की वित्तीय देनदारियों को कम करके बताया गया। कंपनी उस समय कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत बताई गई थी। एजेंसी के अनुसार, राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा केवल 400 करोड़ रुपए की समाधान योजना को मंजूरी दी गई है। डीसीएचएल और उसके प्रवर्तकों द्वारा कुल 8,180 करोड़ रुपए की ऋण धोखाधड़ी किए जाने का अनुमान है।

## महापंचायत के खिलाफ दायर याचिका पर आज सुनवाई करेगा उच्च न्यायालय

**भाषा ।** उत्तरकाशी, नई दिल्ली

**उत्तराखंड** उच्च न्यायालय बृहस्पतिवार को पुरोला नगर में हिंदू संगठनों को लव जिहाद के खिलाफ महापंचायत आयोजित करने से रोकने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करेगा, जहां स्थानीय प्रशासन ने सभा को होने से रोकने के लिए निषेधाज्ञा लागू की है।

उच्चतम न्यायलय द्वारा मामले से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई से इनकार करने और याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय या किसी अन्य संबंधित प्राधिकार के समक्ष जाने की इजाजत दिए जाने के बाद एसोसिएशन फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स ने बुधवार को उच्च न्यायालय का रुख किया।



स्थानीय व्यापार संघों ने धारा 144 लागू करने के विरोध में उत्तरकाशी जिले में बृहस्पतिवार को बंद का आह्वान किया, जिसमें पुरोला पड़ता है। प्रशासन ने महापंचायत के लिए अनुमति नहीं दी है।

गत 26 मई को पुरोला में एक नाबालिग हिंदू लड़की का अपहरण करने की कोशिश करने के आरोप में अल्पसंख्यक समुदाय के एक व्यक्ति सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किए जाने के बाद से इस क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव है। लड़की को छुड़ाने के साथ ही आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। स्थानीय व्यापार निकायों और दक्षिणपंथी हिंदू संगठनों ने पुरोला और पड़ोसी नगरों जैसे बरकोट, चिन्यालीसौड़ तथा भटवारी में ‟लव जिहाद" के मामलों के खिलाफ एक अभियान चला रखा है।

इससे पहले दिन में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन पीठ ने एनजीओ के अधिवक्ता शाहरुख आलम से कानून में उपलब्ध विकल्पों को चुनने और उच्च न्यायालय अथवा किसी अन्य प्राधिकरण के पास जाने को कहा था।

एनजीओ की याचिका में महापंचायत को रोकने और एक समुदाय विशेष के सदस्यों को कथित रूप से निशाना बनाते हुए नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया गया था।

पीठ ने कहा, हम कानूनी प्रक्रियाओं के विपरीत नहीं जाना चाहते। उच्च न्यायालय है और जिला प्रशासन है, आप उनसे संपर्क कर सकते हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है और आपको क्यों लगता है कि अगर मामला उसके संज्ञान में लाया जाता है तो कोई कार्वाई नहीं की जाएगी। आपको उच्च न्यायालय में विश्वास रखना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने भक्तों तक शीघ्र प्रसाद पहुंचाने के लिए डीटीडीसी के साथ साझेदारी की

**जम्मू ।** वैष्णो देवी के भक्तों को अब डीटीडीसी कूरियर सेवा के माध्यम से प्रसाद का उनके घरों तक शीघ्र वितरण किया जाएगा। अधिकारियों ने यहां बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के सुझाव पर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने प्रसाद की डिलीवरी में तेजी लाने के लिए कूरियर सेवा डीटीडीसी एक्सप्रेस लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। एसएमवीडीएसबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने कहा कि यह साझेदारी देश भर में माता वैष्णो देवी के भक्तों तक प्रसाद वितरण में क्रांति लाएगी। डीटीडीसी एक्सप्रेस लिमिटेड, कटरा के सेल्स निदेशक मनीष जैन की मौजूदगी में डिलीवरी सेवा का उद्घाटन करने के बाद गर्ग ने कहा, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के निर्देश के अनुसार, बोर्ड की इस पहल से लोगों को प्रसाद के डिब्बे जल्दी प्राप्त होंगे।

### जिम्बाब्वे के उपराष्ट्रपति, कांगो के उप-प्रधानमंत्री भारत पहुंचे

**नई दिल्ली ।** जिम्बाब्वे के उपराष्ट्रपति कॉन्स्टैंटिनो चिवेंगा और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक कांगो के उप-प्रधानमंत्री विटल कामेंहे बुधवार को भारत पहुंचे जहां वे सीआईआई-एक्जिम बैंक सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, जिम्बाब्वे के उपराष्ट्रपति कॉन्स्टैंटिनो चिवेंगा का सीआईआई-एक्जिम बैंक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचने पर गर्मजोशी भरा स्वागत। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से दोनों देशों के विकास गठजोड़, कारोबार एवं आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी। गौरतलब है कि 18वें सीआईआई-एक्जिम बैंक सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में 14 से 16 जून के बीच किया जा रहा है। बागची ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि डेमोक्रेटिक रिपब्लिक कांगो के उप-प्रधानमंत्री विटल कामेंहे सीआईआई-एक्जिम बैंक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे। उन्होंने कहा, यह दोनों देशों के बीच कारोबार, आर्थिक एवं वाणिज्यिक गठजोड़ को मतबूत बनाने का अवसर है।

### अन्न भाग्य योजना को विफल करने का षड्यंत्र रच रही केन्द्र सरकार : सिद्धरमैया

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह कर्नाटक को अन्न भाग्य योजना लागू करने के लिए आवश्यक मात्रा में चावल न देकर राज्य की कांग्रेस सरकार की चुनावी गारंटी को विफल करने का षड्यंत्र रच रही है। अन्न भाग्य योजना के तहत गरीबों को अतिरिक्त मात्रा में चावल दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मुद्दे पर राजनीति कर रही है। सिद्धरमैया ने केंद्र सरकार पर जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने वाली योजना में रोड़े अटकाने का आरोप लगाते हुए उसे गरीब-विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार अन्य स्रोतों और उत्पादक राज्यों से चावल प्राप्त करने के लिए सभी प्रयास कर रही है ताकि वादे के अनुसार समय पर ए जरूरतमंदों को दिए जा सकें। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार करते हुए सिद्धरमैया पर केंद्र सरकार पर उंगली उठाकर नाटक करने का आरोप लगाया। सिद्धरमैया ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, केंद्र सरकार ने राजनीतिक फैसला लेते हुए हमें चावल उपलब्ध कराने पर सहमति जताई। उनके भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने चावल उपलब्ध कराने को लेकर सहमति जताई, जिसके आधार पर हमने एक जुलाई से गरीबों को चावल प्रदान करने का वादा किया। कर्नाटक में हमें इतना चावल नही मिल सकता ... चावल देने के लिए सहमति जताने के बाद अब वे कह रहे हैं कि वे ऐसा नही कर सकते। भाजपा की कर्नाटक इकाई ने पलटवार करते हुए एक ट्वीट में सिद्धरमैया पर नाटक करने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि ने ट्वीट किया, नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार राज्य के हर गरीब व्यक्ति को हर महीने पांच किलो चावल दे रही है। श्री सिद्धरमैया अपने घोषणापत्र के अनुसार, हर गरीब व्यक्ति को दस किलो चावल प्रदान करें।

# अन्नाद्रमुक के साथ सबकुछ सही है : अन्नामलाई ने दिया संकेत

**भाषा ।** चेन्नई

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने बुधवार को कहा कि अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन जारी है और वह पार्टी की दिवंगत नेता जे जयललिता के लिए ‟उच्चतम सम्मान" रखते हैं।

भाजपा नेता की ओर से जयललिता के बारे में कथित रूप से की गई टिप्पणी के बाद दोनों दलों के बीच तनाव हो गया था। अन्नामलाई ने कहा कि एक दैनिक को दिए गए उनके साक्षात्कार की अन्नाद्रमुक के कुछ नेताओं ने गलत व्याख्या की।

उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा, गठबंधन है.. यह कई स्तरों पर तय होता है। उन्होंने यह भी कहा कि वह हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ रहे हैं और आगे भी रहेंगे। अन्नामलाई ने पीटीआई-भाषा से कहा, भ्रष्टाचार के खिलाफ मेरा संघर्ष जारी है। मैंने कहा कि तमिलनाडु भ्रष्टाचार में नंबर वन है और हमें इसे बदलना होगा। साथ ही मैंने कई जगहों पर अम्मा जयललिता के बारे में भी बोला है। मैं मैडम जयललिता का उच्चमत सम्मान करता हूं। दस्तावेजी वीडियो हैं, जहां मैंने उन्हें एक अलग संदर्भ में तमिलनाडु के सर्वश्रेष्ठ प्रशासकों में से एक कहा है। इससे पहले, प्रेस वार्ता में एक सवाल के जवाब में प्रदेश भाजपा प्रमुख ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अन्नाद्रमुक महासचिव के पलानीस्वामी के साथ भोजन करना चाहते थे। उन्होंने कहा, मैंने ही उन्हें (पलानीस्वामी) फोन किया था। पैर की कुछ समस्या को लेकर सलेम में उनका इलाज किया जा रहा है। अमित शाह उनके साथ चेन्नई में भोजन करना चाहते थे। मैं ए बातें इसलिए कह रहा हूं क्योंकि कुछ अटकलें हैं - जैसे उस कमरे में अन्नाद्रमुक का कोई नेता नहीं था (जहां शाह विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियों से मिले थे)। अन्नामलाई ने कहा कि शाह की यह बैठक गैर-राजनीतिक थी।



## रेलवे 26 जून को पांच नई बंदे भारत ट्रेन आरंभ करेगा

**नई दिल्ली ।** रेलवे 26 जून से पांच और मार्ग पर पर वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू करेगा। ओडिशा में दो जून को तीन ट्रेनों के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद यह पहली शुरुआत है। इस हादसे में 288 लोगों की मौत हो गई थी।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन की शुरुआत करने की उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि जिन पांच मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाएगा, उनमें मुंबई-गोवा, बेंगलुरु-हुबली, पटना-रांची, भोपाल-इंदौर और भोपाल-जबलपुर शामिल है।

रेल मंत्रालय ने ओडिशा त्रासदी के बाद मुंबई-गोवा वंदे भारत ट्रेन को शुरू किया था।यह पहला मौका है जब पांच वंदे भारत ट्रेन का परिचालन एक ही दिन शुरू होगा।

# यूक्रेनी राष्ट्रपति के शीर्ष सहयोगी ने एनएसए डोभाल से बात की

**भाषा ।** नई दिल्ली

● शांति योजना के लिए समर्थन मांगा

**यूक्रेनी** राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को रूसी हमले के मद्देनजर अपने देश के मौजूदा हालात से अवगत कराया और यूक्रेनी शांति सूत्र के लिए भारत का समर्थन मांगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के कार्यालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यरमक ने डोभाल के साथ फोन पर हुई बातचीत में वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की। साथ ही यूक्रेनी शांति योजना के लिए वैश्विक समर्थन को मजबूत करने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जेलेंस्की ने करीब तीन सप्ताह पहले हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन के मौके पर बातचीत की थी, जिसके बाद यरमक और डोभाल के बीच फोन पर बातचीत हुई है।

मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति को संदेश दिया था कि भारत यूक्रेन विवाद का समाधान निकालने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा।

बुधवार को जारी बयान में कहा गया, बातचीत का मुख्य विषय यूक्रेनी शांति सूत्र का कार्यान्वयन था। विशेष रूप से, यूक्रेनी शांति योजना के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाना और इसके अलग-अलग बिंदुओं के कार्यान्वयन में भारत के शामिल होने की संभावना पर बल देने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## केदारनाथ के रास्ते में खच्चर मालिकों ने तीर्थयात्री पर हमला किया

**भाषा ।** देहरादून

**उत्तराखंड** में खच्चर संचालकों ने केदारनाथ जाने वाले एक तीर्थयात्री के साथ उस समय कथित तौर पर मारपीट की जब पीड़ित ने उनमें से एक को घोड़ों को पीटने से मना किया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

रुद्रप्रयाग पुलिस के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ ने बताया कि यह घटना 10 जून को हुई जब दिल्ली के महिपालपुर में रहने वाला एक व्यक्ति केदारनाथ की तीर्थयात्रा पर जा रहा था। पुलिस ने एक बयान में कहा कि उस व्यक्ति ने भीमबली पुल के पास एक घोड़े को दयनीय हालत में पड़ा देखा, तो वह वहीं रुक गया और आसपास के लोगों से उसे बचाने के लिए मदद मांगी, लेकिन कोई आगे नहीं आया।

पीड़ित की शिकायत के अनुसार, इसी बीच उसने देखा कि एक आदमी दूसरे घोड़ों और खच्चरों को पीट रहा है। इस पर तीर्थयात्री ने हस्तक्षेप किया और उन्हें जानवरों को पीटने से मना किया। शिकायत के अनुसार इसके बाद घोड़े और खच्चर संचालकों के एक समूह ने उस पर हमला कर दिया और उसे तुरंत उत्तराखंड से बाहर जाने को कहा। हिमालय में स्थित मंदिर तक तीर्थयात्रियों को लाने-ले जाने के लिए रास्ते में घोड़े और खच्चरों को उपयोग किया जाता है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। पुलिस ने कहा कि पीड़ित ने केदारनाथ से लौटते समय 12 जून को सोनप्रयाग थाने में हमलावरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। बयान में कहा गया है कि उनकी शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसमें कहा गया है कि हमलावरों के साथ एक नाबालिग भी था, जिसके खिलाफ भी उचित कानूनी कार्वाई की जा रही है।

# मोदी सरकार ने ओबीसी वर्ग को सामाजिक आर्थिक रूप से सबल बनाया : अलका गुर्जर

**भाषा ।** जयपुर

● मोदी सरकार के नौ वर्ष के ऐतिहासिक कार्यकाल में सबका साथ सबका विकास करके विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रणी कार्य किए है।

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय मंत्री एवं दिल्ली के पार्टी मामलों की प्रदेश सह प्रभारी अल्का गुर्जर ने बुधवार को कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने नौ साल के अपने कार्यकाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) वर्ग को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से सबल बनाया है।

यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार के नौ वर्ष के ऐतिहासिक कार्यकाल में सबका साथ सबका विकास करके विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रणी कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 1993 में गठित राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को अपने कार्यकाल के दौरान 2018 में संवैधानिक दर्जा दिया।

उन्होंने कहा, इसके साथ ही ओबीसी जातियों को एमबीबीएस और पीजी में ओबीसी आरक्षण के 27 प्रतिशत का लाभ मोदी सरकार द्वारा दिया गया। इसके तहत 2021-22 में एमबीबीएस में 1500 और पीजी में 2500 विद्यार्थियों को ओबीसी कोटे में प्रवेश मिला। इसके अलावा केन्द्रीय विद्यालयों, सैनिक स्कूलों और नवोदय विद्यालयों में 2020 से लेकर 2023 तक एक लाख से अधिक विद्यार्थियों को 27 प्रतिशत आरक्षण के लाभ के साथ प्रवेश मिला। बयान के अनुसार उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त निगम द्वारा दक्षता और कुशल संपन्न योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उनका कहना था कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत बैंको से भरपूर लाभ ओबीसी वर्ग को दिया जा रहा है, जिसमें जनधन योजना के तहत 2022-23 में 77 लाख से ज्यादा ओबीसी लोगों के खाते में 3578.4 करोड़ रूपए जमा हुए।

गुर्जर ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा, ज्य में पिछड़ा वर्ग के लोगों की स्थिति बदतर है। उन्होंने कहा कांग्रेस की नीतियां हमेशा से विभाजनकारी राजनीति की रही हैं, कांग्रेस तुष्टिकरण और वर्ग विभेद की राजनीति करती है।

## आईआईएससी के वैज्ञानिकों ने अल्जाइमर रोग का पता लगाने के लिए नई जांच तैयार की

**बेंगलुरु ।** भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के वैज्ञानिकों ने अल्जाइमर रोग के शुरुआती चरण से जुड़े एंजाइम का पता लगाने के लिए एक फ्लोरोजेनिक जांच तैयार की है।

अल्जाइमर ऐसा विकार है जिसमें 60 साल से अधिक उम्र के कई लोगों में स्मृति-लोप हो जाता है और संज्ञानात्मक क्षमताओं में कमी आ जाती है। बेंगलुरू स्थित विज्ञान संस्थान के अनुसार, अभी रोग का पता लगाने के लिए एमआरआई, पीईटी, और सीटी स्कैन जैसी तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है तो न सिर्फ जटिल बल्कि महंगी भी हैं और अक्सर उनके नतीते निर्णायक नहीं होते। आईआईएससी में सहायक प्रोफेसर देबाशीष दास ने कहा, हमारा लक्ष्य एक विश्वसनीय एवं किफायती समाधान खोजना था। इस अध्ययन की रिपोर्ट एक वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शोधकर्ताओं ने एक छोटी आणविक फ्लोरोजेनिक जांच तैयार की है जो अल्जाइमर रोग से जुड़े एक विशिष्ट एंजाइम को समझ सकती है।

# महाराष्ट्र में मवेशी ले जा रहे व्यक्ति की हत्या

**भाषा ।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के नासिक जिले में वाहन में मवेशी ले जा रहे 23 साल के एक व्यक्ति को कथित तौर पर गौ रक्षकों ने पीट-पीट कर मार डाला। इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि 10 जून को लुकमान अंसारी का शव इगतपुरी इलाके के घाटनदेवी में खाई से बरामद हुआ जिसके बाद इस घटना का पता चला। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अब तक छह गौ रक्षकों को हिरासत में लिया है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि सभी आरोपी दक्षिणपंथी संगठन राष्ट्रीय बजरंग दल से जुड़े हैं।

उन्होंने कहा कि अंसारी अपने दो साथियों के साथ आठ जून को अपने टेंपो में मवेशियों को लेकर जा रहा था तभी ठाणे जिले के साहापुर में विहिगांव में लगभग 10-15 लोगों ने उन्हें रोका। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने टेंपो को अपने कब्जे में ले लिया और वाहन को इगतपुरी इलाके के घाटनदेवी ले जाने से पहले चार मवेशियों को मुक्त कर दिया।

अधिकारी के अनुसार, उन्होंने टेंपो एक निर्जन स्थान पर रोका और अंसारी तथा उसके साथियों को कथित रूप से लोहे की छड़ों और डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान अंसारी के साथी वहां से बच निकले लेकिन वह नहीं भाग पाया। आरोपियों ने दावा किया है कि अंसारी की मौत खाई में गिरने से हुई लेकिन पुलिस को संदेह है कि पिटाई के कारण उसकी मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, अंसारी के सिर में चोट लगने से उसकी मौत हुई।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 15 जून 2023



# वेस्टइंडीज दौरे से 2023-25 सत्र का आगाज करेगा भारत

**डब्ल्यूटीसी :**

भाषा। बेंगलुरू



**भारतीय** क्रिकेट टीम 2023 – 25 आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे से करेगी और अगले दो साल में आस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखलाएं भी खेलनी है।

भारतीय टीम अगले महीने वेस्टइंडीज दौरे पर दो टेस्ट डोमिनिका (12 से 16 जुलाई) और त्रिनिदाद (20 से 24 जुलाई) में खेलेगी। भारत पिछले दो चक्र में डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचा लेकिन न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया से हार गया। अगला चक्र इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच एशेज श्रृंखला के साथ शुरू होगा जिसमें शुक्रवार को पहला टेस्ट खेला जाएगा।

वेस्टइंडीज दौरे के बाद भारतीय टीम दिसंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी।

इसके बाद जनवरी फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला की मेजबानी करेगा। फिर बांग्लादेश से सितंबर अक्टूबर 2024 में अपनी सरजमीं पर खेलना है। इसके बाद न्यूजीलैंड टीम तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने आएगी। भारतीय टीम नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच आस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला खेलेगी जिसके साथ ही भारत का डब्ल्यूटीसी चक्र खत्म होगा। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा , इस टेस्ट चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा का स्तर काफी उच्च है जिससे दर्शकों की भी रूचि बढी है। ओवल पर फाइनल में जुटी भीड़ इसकी बानगी है। नौ टीमों के डब्ल्यूटीसी में हर टीम तीन श्रृंखला अपनी धरती पर और तीन बाहर खेलेगी।

## बीसीसीआई ने अर्जुन तेंदुलकर समेत 20 युवाओं को एनसीए में शिविर में बुलाया

**नई दिल्ली।** एलीट स्तर पर शीघ्र खेलने को तैयार बहुमुखी प्रतिभा के धनी खिलाड़ियों की तलाश में जुटे बीसीसीआई ने 20 होनहार हरफनमौलाओं को बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में तीन सप्ताह के शिविर के लिए बुलाया है।

इनमें गोवा के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने वाले अर्जुन तेंदुलकर भी शामिल है जिन्होंने पिछले सत्र में मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में पदार्पण किया। बोर्ड के एक सीनियर सूत्र ने बताया , इस साल के आखिर में एमर्जिंग एशिया कप (अंडर 23) होना है और बीसीसीआई को युवाओं की तलाश है। हरफनमौलाओं का शिविर एनसीए के क्रिकेट प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण का सुझाव था ताकि हम हर प्रारूप में बहुमुखी प्रतिभा के धनी क्रिकेटर तलाश सकें।

शिव सुंदर दास की अगुवाई वाली सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति ने प्रदर्शन और क्षमता के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया है। शिविर में शामिल हर खिलाड़ी खालिस हरफनमौला नहीं है।

## रहाणे-शारदुल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में आगे बढ़े

### अश्विन गेंदबाजों में शीर्ष पर बरकरार







भाषा। दुबई

**भारतीय** टेस्ट टीम में वापसी करने वाले अजिंक्य रहाणे बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में 37वें जबकि शारदुल ठाकुर 94वें स्थान पर पहुंच गए।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की अंतिम एकादश में जगह नहीं बना पाने के बावजूद अश्विन टेस्ट गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर चल रहे हैं।

विशेष उपलब्धि के तहत ऑस्ट्रेलिया के तीन बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष तीन स्थान पर काबिज हो गए हैं। मार्नस लाबुशेन शीर्ष पर चल रहे हैं जबकि द ओवल में भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में जीत के दौरान शतक जड़ने वाले स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड अगले दो स्थान पर हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की 209 रन की शिकस्त के बावजूद रहाणे 89 और 46 रन की पारियों की मदद से 37वें स्थान पर वापसी करने में सफल रहे। पहली पारी में अर्धशतक जड़ने वाले शारदुल को छह स्थान का फायदा हुआ है। कार दुर्घटना में घायल होने के बाद उबर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 10वें स्थान के साथ भारतीय बल्लेबाजों के बीच शीर्ष पर हैं। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली क्रमश: 12वें और 13वें स्थान पर बने हुए हैं। अनुभवी ऑफ स्पिनर अश्विन शीर्ष रैंकिंग वाले टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। उनके साथी स्पिनर रविंद्र जडेजा नौवें स्थान पर हैं। पिछला टेस्ट जुलाई 2022 में खेलने वाले चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दो स्थान के नुकसान से आठवें स्थान पर हैं। लाबुशेन 903 रेटिंग अंक के साथ बल्लेबाजी सूची में शीर्ष पर हैं। स्मिथ भारत के खिलाफ 121 और 34 रन की पारियां खेलने के बाद एक स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल में शतक जड़ने वाले हेड 163 और 18 की पारियों की मदद से तीन स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

दूसरे स्थान के लिए दौड़ हालांकि काफी करीबी है। स्मिथ के 885 जबकि हेड के 884 और चौथे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के केन विलियमसन के 883 अंक हैं।

एक ही टीम के तीन बल्लेबाजों का शीर्ष तीन पर होना बहुत कम देखने को मिलता है। टेस्ट रैंकिंग में ऐसा पिछली बार 1984 में हुआ था जब वेस्टइंडीज के गोर्डन ग्रीनिज (810 अंक), क्लाइव लॉयड (787 अंक) और लैरी गोम्स (773 अंक) शीर्ष तीन स्थान पर जगह बनाने में सफल रहे थे।

ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी भी 11 स्थान के फायदे से 36वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 48 और नाबाद 66 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजों की सूची में स्पिनर नाथन लियोन दो स्थान के फायदे से छठे जबकि तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड पांच स्थान के फायदे से 36वें स्थान पर हैं।

# लॉर्ड्स, ओवल, हेडिंग्ले 2025 के इंग्लैंड के टेस्ट दौरे पर भारत की मेजबानी करेंगे

भाषा। लंदन

**क्रिकेट** का मक्का कहा जाने वाला लॉर्ड्स, प्रतिष्ठित ओवल, तेजी गेंदबाजी के अनुकूल हेडिंग्ले उन पांच स्थलों में शामिल हैं जहां भारतीय क्रिकेट टीम 2025 दौरे पर टेस्ट मैच खेलेगी। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को यह घोषणा की। ईसीबी ने 2025–2031 के बीच सात साल के चक्र के लिए अपनी पुरुष और महिला टीम के घरेलू कैलेंडर की घोषणा की।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) के अनुसार भारत जून 2025 में पांच टेस्ट के लिए इंग्लैंड का दौरा करने के लिए तैयार है और ईसीबी ने विज्ञप्ति में कहा कि पटौदी ट्रॉफी के लिए ए मुकाबले लॉर्ड्स, द ओवल (दोनों लंदन में), एजबेस्टन (बर्मिंघम), हेडिंग्ले (लीड्स) और ओल्ड ट्रैफर्ड (मैनचेस्टर) में खेले जाएंगे।

वर्ष 2029 की श्रृंखला में हेडिंग्ले की जगह साउथम्पटन का रोज बाउल लेगा जबकि बाकी चार स्थल लॉर्ड्स, द ओवल, एजबेस्टन और ओल्ड ट्रैफर्ड ही रहेंगे। भारत दो साल पहले साउथम्पटन में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल हार गया था। ईसीबी के सीईओ रिचर्ड गोल्ड ने कहा, अगले सात वर्षों के कार्यक्रम की घोषणा करके हम स्थलों को दीर्घकालिक निश्चितता भी दे रहे हैं ताकि वे स्टेडियम में सुधार और बेहतर प्रशंसक अनुभव में स्थाई रूप से निवेश कर सकें। ऑस्ट्रेलिया के अलावा भारत एकमात्र टीम है जिसके खिलाफ इंग्लैंड स्वदेश और विदेश दोनों में पांच टेस्ट की श्रृंखला खेलता है। इंग्लैंड का भारत का अगला दौरा जनवरी 2024 में पांच टेस्ट मैचों के लिए होगा जो एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी के लिए खेला जाएगा। भारत और इंग्लैंड 2014 से एक टेस्ट श्रृंखला में पांच मैच खेल रहे हैं। इसका अपवाद इंग्लैंड का 2020–21 का भारत दौरा था जिसमें सीमित ओवरों की श्रृंखला को समायोजित करने के लिए एक टेस्ट कम कर दिया गया था। इस श्रृंखला को कोरोना वायरस महामारी की पहली लहर के कारण स्थगित कर दिया गया था। भारत ने आखिरी बार लगभग 16 साल पहले 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी।

## उप्र, चंडीगढ़ की जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बड़ी जीत

**राउरकेला।** उत्तर प्रदेश ने 13वीं जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बुधवार को यहां केरल को 11–। से हराया जबकि चंडीगढ़ ने आंध्र प्रदेश को 12–1 से शिकस्त दी। दिन के पहले मैच में उत्तर प्रदेश हॉकी ने केरल हॉकी को 11–1 से हराया। उत्तर प्रदेश की ओर से कप्तान आमिर अली (चौथे मिनट) ने खाता खोला जिसके बाद राजन गुप्ता (18वें, 52वें और 60वें) और शाहरूख अली (25वें, 27वें और 55वें मिनट) ने तीन–तीन गोल दागे जबकि सौरभ कुशवाला (30वें और 35वें) ने दो गोल किए। अजय यादव (28वें), हैदर अली (45वें) ने एक–एक गोल किया। केरल की ओर से एकमात्र गोल अभिजीत कृष्णा ने 49वें मिनट में किया। दुनिया के दूसरे मैच में चंडीगढ़ की ओर से सुरिंदर सिंह (नौवें, 17वें, 38वें, 49वें, 51वें और 53वें मिनट) ने छह गोल दागे जबकि परमवीर सिंह (36वें, 36वें और 48वें) ने तीन गोल किए।

# पोंटिंग बने रहेंगे दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच

### सह मालिक पार्थ जिंदल ने दिए संकेत

भाषा। नई दिल्ली

**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का दिल्ली कैपिटल्स के इंडियन प्रीमियर लीग के पिछले सत्र में नौवें स्थान पर रहने के बावजूद टीम का मुख्य कोच बने रहना लगभग तय है। टीम के सह मालिक पार्थ जिंदल ने ऐसे संकेत दिए हैं।

अटकलें लगाई जा रही थीं कि टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पोंटिंग पद से हट सकते हैं लेकिन जिंदल ने सभी संदेहों को दूर करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और घोषणा की कि क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली और पोंटिंग थिंक टैंक का हिस्सा बने रहेंगे। जिंदल ने कहा, यहां दिल्ली कैपिटल्स में अगले साल के लिए आईपीएल की तैयारी सौरव गांगुली और रिकी पोंटिंग के साथ चल रही है। हम प्रशंसकों को आश्वस्त करते हैं कि किरण और मैं टीम को उस जगह पर वापस ले जाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं जहां हम इस फ्रेंचाइजी को चाहते हैं और यह बहुत ऊपर है।

हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि पोंटिंग को उनकी पसंद का सहयोगी स्टाफ मिलेगा या नहीं क्योंकि अगली बार शेन वाटसन और जेम्स होप्स डग आउट में नहीं दिखेंगे। क्षेत्ररक्षण कोच बीजू जॉर्ज के भाग्य पर कोई स्पष्टता नहीं है जबकि प्रवीण आमरे और अजीत अगरकर बने रहने की संभावना है।

## ईस्ट बंगाल ने डिफेंडर नीशु से करार किया

**कोलकाता।** इमामी ईस्ट बंगाल ने बुधवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) विजेता फुटबॉल टीम का हिस्सा रहे डिफेंडर नीशु कुमार को एक साल के लिए केरल ब्लास्टर्स एफसी से उधार पर अनुबंधित किया। इसके साथ ही 25 साल के नीशु बेंगलुरू एफसी के अपने पूर्व कोच कार्ल्स कुआड्रेड के साथ जुड़ेंगे जिनके मार्गदर्शन में वह 2017 में फेडरेशन कप, 2018 में सुपर कप और 2018-19 आईएसएल विजेता टीम का हिस्सा रहे। वह केरल ब्लास्टर्स की उस टीम का हिस्सा भी थे जो 2021-22 आईएसएल में उप विजेता रही।

## गौरिका डब्ल्यूपीजी टूर के आठवें चरण में शीर्ष पर

**होसुर।** गौरिका बिश्नोई ने पहले दौर में चार अंडर 68 के शानदार स्कोर के साथ बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ (डब्ल्यूपीजी) टूर के आठवे चरण में बढ़त बना ली। डब्ल्यूपीजी टूर पर कई बार की विजेता गौरिका ने 2019 मे पिछली बार जब यहां टूर्नामेंट का आयोजन हुआ था तो खिताब जीता था। गौरिका ने पहले दौर मे सात बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी भी कर गईं। सहर अटवाल तीन अंडर 69 के स्कोर से दूसरे स्थान पर चल रही है।

## छठी एशियाई महिला क्लब लीग हैंडबॉल चैम्पियनशिप में भारत का टी स्पोटर्स क्लब भी

**नई दिल्ली।** कजाखस्तान के अलमाटी में 14 से 20 जून तक होने वाली छठी एशियाई महिला क्लब लीग हैंडबॉल चैम्पियनशिप मे भारत का टी स्पोटर्स क्लब भी भाग लेगा। टूर्नामेंट में भारत और मेजबान कजाखस्तान के अलावा कोरिया, उजबेकिस्तान और कुवैत के क्लब भाग ले रहे है। टी स्पोटर्स क्लब मे सवाई माधोपुर की अरांता और ज्योति स्टार खिलाड़ी है और दोनो की यह पहली विदेश यात्रा है। ज्योति ने क्लब द्वारा जारी विज्ञप्ति मे कहा, पहली बार विदेश यात्रा करना गर्व की बात है क्योंकि हम अपने इलाके से विदेश मे खेलने जाने वाले पहले खिलाड़ी है।

## विम्बलडन की ईनामी राशि बढ़ी, एकल विजेता को मिलेंगे 30 लाख डॉलर

**लंदन।** इस साल विम्बलडन की कुल ईनामी राशि मे 11 प्रतिशत का इजाफा हुआ है और एकल वर्ग मे हर विजेता को करीब 23 लाख पाउंड (30 लाख डॉलर)दिए जाएंगे। विम्बलडन की कुल ईनामी राशि चार करोड़ 47 लाख पाउंड (पांच करोड 65 लाख डॉलर) होगी। आल इंग्लैड क्लब ने बुधवार को इसकी घोषणा की। यह 2019 की तुलना मे 17 .। प्रतिशत अधिक है। एकल विजेता के लिए पुरस्कार राशि 2019 के समान हो गई है। वर्ष 2021 मे यह गिरकर 17 लाख पाउंड हो गई थी। वही 2020 में टूर्नामेंट कोरोना महामारी के कारण रद्द हो गया था और पिछले साल ईनाम 20 लाख डॉलर था।

# नजमुल के शतक से बांग्लादेश के पांच विकेट पर 362 रन

एपी। मीरपुर



**नजमुल** हुसैन के तीसरे शतक से बांग्लादेश ने बुधवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन पांच विकेट पर 362 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा। नजमुल ने 175 गेंद में 23 चौकों और दो छक्कों से 146 रन की पारी खेली। उन्होंने सलामी बल्लेबाज महमूदुल हसन (76) के साथ दूसरे विकेट के लिए 212 रन की साझेदारी की। महमूदुल ने अपन पारी में नौ चौके मारे।

दिन का खेल खत्म होने पर मेहदी हसन 43 जबकि मुशफिकुर रहीम 41 रन बनाकर खेल रहे थे।

अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद निजत मसूद ने पारी के दूसरे ओवर की अपनी पहली ही गेंद पर जाकिर हसन (01) को विकेटकीपर अफसर जजाई के हाथों कैच करा दिया। वह पदार्पण करते हुए पहली गेंद पर विकेट लेने वाले अफगानिस्तान के पहले और दुनिया के 22वें गेंदबाज बने।

बांग्लादेश ने हालांकि इसके बाद दिन में 4.5 रन प्रति ओवर से अधिक की दर से रन बनाए और पहले दिन के खेल के दौरान अपना तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर खड़ा किया।

नजमुल और महमूदुल ने इसके बाद पारी को संवारा। नजमुल ने सिर्फ 58 गेंद में अपना चौथा टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। पिछले साल जून के बाद अपना पहला टेस्ट खेल रहे महमूदुल ने धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए 102 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। नजमुल ने आक्रामक रवैया बरकरार रखते हुए 118 गेंद में शतक पूरा किया।

कामचलाऊ लेग स्पिनर रहमत शाह ने महमूदुल को स्लिप में इब्राहिम जादरान के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा।

पदार्पण कर रहे मसूद (67 रन पर दो विकेट) ने मोमीनुल हक को भी 15 रन के स्कोर पर विकेटकीपर के हाथों कैच कराया।

मसूद ने नजमुल को भी बोल्ड किया लेकिन यह नोबॉल हो गई। नजमुल हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाए और बाएं हाथ के स्पिनर आमिर हमजा की गेंद पर कैच देकर पवेलियन लौट गए। पहली बार टेस्ट कप्तानी कर रहे लिटन दास बाएं हाथ के स्पिनर जाहिर खान का शिकार बने जिससे टीम का स्कोर एक विकेट पर 218 रन से पांच विकेट पर 290 रन हो गया।

## न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ब्रेसवेल पैर की चोट के कारण एकदिवसीय विश्वकप से बाहर

भाषा। ऑकलैंड



**ऑलराउंडर** माइकल ब्रेसवेल पैर की चोट के कारण इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप से बाहर हो गए हैं जिससे न्यूजीलैंड को 50 ओवर की इस शीर्ष प्रतियोगिता से पहले एक और झटका लगा है।

ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने के अलावा प्रभावी बल्लेबाजी करने में सक्षम ब्रेसवेल इंग्लिश टी20 ब्लास्ट में वॉरेस्टरशर की ओर से खेलते हुए नौ जून को दाएं पैर में लगी चोट (एशिलेस टेंडन) के कारण छह से आठ महीने के लिए बाहर हो गए हैं।

ब्रेसवेल की गुरुवार को ब्रिटेन में सर्जरी होनी है जिसके बाद वह लंबी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरेंगे जिसके कारण पांच अक्टूबर से भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने बुधवार को कहा, माइकल टीम के लिए खेलने वाला खिलाड़ी है और अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद न्यूजीलैंड के लिए पिछले 15 महीने में उसने शानदार प्रदर्शन किया है।

## इंडोनेशिया ओपन में लक्ष्य सेन और श्रीकांत दूसरे दौर में

भाषा। जकार्ता



**राष्ट्रमंडल** खेलों के चैंपियन भारतीय बैडमिंन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उनके हमवतन किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को यहां अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी मलेशिया के जी जिया ली के खिलाफ सिर्फ 32 मिनट में 21–17 21–13 से जीत दर्ज की जबकि श्रीकांत ने चीन के ल्यू गुआंग झू को 21–13 21–19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

## तीरंदाजी विश्वकप तीसरा चरण में अदिति ने अंडर 18 विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**मेडेलिन।** भारतीय टीनएजर अदिति स्वामी ने कोलंबिया के मेडेलिन में तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में अंडर 18 विश्व रिकॉर्ड तोड़कर अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर लिया। पिछले साल दिसंबर में एशिया कप के तीसरे चरण में रजत पदक जीतने वाली 16 वर्ष की अदिति ने महिलाओं के कंपाउंड वर्ग में 720 में से 711 अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया। पहली बार विश्व कप सत्र खेल रही अदिति ने 705 का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा जो मई में अमेरिका की लाइको अरेओला ने बनाया था। अदिति ने कहा , यह शानदार है। मैं बहुत खुश हूं। मुझे यकीन नहीं था कि मैं ऐसा स्कोर करूंगी। भारत की ही विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम भी उससे पीछे रही। अदिति, ज्योति और परणीत कौर ने टीम वर्ग में भी क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया लेकिन विश्व रिकॉर्ड से एक अंक से चूक गए। पुरुष वर्ग में पहले दो चरण से बाहर रहे अभिषेक वर्मा भारतीयों में शीर्ष रहे।

## इंटरकांटिनेंटल कप में भारत का सामना लेबनान से

भाषा। भुवनेश्वर

**आत्मविश्वास** से ओतप्रोत भारतीय टीम अपने से ऊंची रैंकिंग वाली लेबनान से इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल में बृहस्पतिवार को खेलेगी तो लक्ष्य फीफा रैंकिंग में शीर्ष सौ में जगह बनाने का होगा। भारत ने मंगोलिया और वानुआतू को हराकर फाइनल में जगह बनाई है।

भारत के लिए यह मैच अहम है क्योंकि लेबनान की रैंकिंग 99 है और भारत 101वें स्थान पर है। इस मैच में जीत से भारत शीर्ष सौ में पहुंच जाएगा। पिछली बार 2018 में इंटर कांटिनेंटल कप में जीत के बाद भारतीय टीम शीर्ष सौ में पुहंची थी। भारत ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फीफा रैंकिंग फरवरी 1996 में हासिल की थी जब बाईचुंग भूटिया और आई एम विजयन टीम का हिस्सा थे। लेबनान के लिए भी यह करो या मरो का मुकाबला है जो मंगोलिया को हराने में नाकाम रही थी। ड्रॉ खेलने पर भी लेबनान फाइनल में जगह बना लेगा लेकिन अगर मंगोलिया की टीम वानुआतू को हरा देती है तो हारने के बाद गोल औसत के आधार पर फैसला होगा।

## एशियाई खेलों में भाग नही लेगी हिमा दास : राष्ट्रीय मुख्य कोच

**भुवनेश्वर।** भारत की स्टार फर्राटा धाविका हिमा दास अप्रैल में लगी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण चीन में आगामी एशियाई खेलों में भाग नहीं ले सकेगी। भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णा नायर ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। 23 वर्ष की हिमा ने जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में 400 मीटर का व्यक्तिगत रजत पदक जीता था। वह स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाली महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम का भी हिस्सा थी।

नायर ने कहा , यह दुखद है कि वह अप्रैल में बेंगलुरू में इंडियन ग्रां प्री चार से एक दिन पहले चोटिल हो गई। उसकी हैमस्ट्रिंग में चोट है और कमर में भी तकलीफ है। मेडिकल जांच चल रही है और लगता है कि वह एएफआई की नीति के तहत एशियाई खेलों में भाग नहीं ले सकेगी।

## अंडर-17 एशियाई कप में प्रतिकूल माहौल में ट्रेनिंग कर रहा भारत

भाषा। खाओ याई (थाईलैंड)

**बारिश** के बीच यहां खाओ याइ खेल परिसर में अंडर–17 एशियाई कप की तैयारियों पर ध्यान लगा रही भारतीय टीम अचानक तालियों की गड़गड़ाहट और उपहास से हैरान रह गई।

प्रतिकूल माहौल ने लड़कों के बीच भ्रम की भावना पैदा की जिनका ध्यान प्रशिक्षण से हट गया, हालांकि सिर्फ क्षण भर के लिए।

खिलाड़ियों ने जल्द ही महसूस किया कि यह शोर, वास्तव में मैचों के दौरान वियतनाम के प्रशंसकों द्वारा लगाए जाने वाले कुख्यात नारों की रिकॉर्डिंग है जिसे टीम के सहायक कर्मचारी स्पीकर के माध्यम से बजा रहे है। यह टीम के ट्रेनिंग सत्र के दौरान मैच जैस हालात तैयार करने का हिस्सा है। भारत एएफसी अंडर–17 एशियाई कप के ग्रुप डी में वियतनाम के खिलाफ शनिवार को अपने अभियान की शुरूआत करेगा जिसके बाद उज्बेकिस्तान (20 जून) और जापान (23 जून) से भिड़ेगा। कोचिंग स्टाफ टीम की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है।

भारतीय अंडर–17 टीम के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने कहा, हमने 2018 में पहली बार वियतनाम के प्रशंसकों का अनुभव किया और यह कहा जा सकता है कि उनका शोर बहरा करने वाला था। उन्होंने कहा, लड़कों को ऐसी प्रतिकूल परिस्थितियों में खेलने की आदत डालने में कुछ समय लगा इसलिए हमने इस समूह को पहले से तैयार करने के बारे में सोचा। फर्नांडिस ने कहा, हालांकि हम जहां भी जाते हैं वहां के स्टैंड में हमें भारतीय अच्छी संख्या में मिलते हैं इसलिए उम्मीद उम्मीद है कि इस बार भी ऐसा ही होगा।

भारत के अंडर–17 के मुख्य कोच और उनके सहयोगी स्टाफ ने प्रतियोगिता के पिछले सत्र में 2018 में यह सब अनुभव किया जिसे तब एएफसी अंडर–16 चैंपियनशिप के रूप में जाना जाता था।

# एशियाई खेलों में जगह पक्की करने उतरेंगे भारत के शीर्ष एथलीट

भाषा। भुवनेश्वर

**ओलंपिक** चैंपियन नीरज चोपड़ा उम्मीद के मुताबिक राष्ट्रीय अंतर राज्र्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे लेकिन लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर की अगुआई में देश के अन्य सभी एथलीट गुरुवार से शुरू हो रही इस प्रतियोगिता के साथ एशियाई खेलों में जगह पक्की करने की कोशिश करेंगे।

चोपड़ा चोट से उबर रहे हैं लेकिन अगर वह फिट भी होते तो भी उन्हें छूट मिलती क्योंकि अगस्त में बुडापेस्ट में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले उन्हें शीर्ष स्तर की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए ट्रेनिंग करनी है।

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में रजत पदक के साथ कीनिया का दबदबा तोड़ने वाले अविनाश साब्ले को भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से छूट दी गई है जो चीन के हांगझोउ में होने वाले आगामी एशियाई खेलों की अंतिम चयन प्रतियोगिता है।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने इस साल की शुरुआत में स्पष्ट कर दिया था कि एशियाई खेलों (23 सितंबर से आठ अक्टूबर) के लिए नाम पर विचार के लिए खिलाडि़यों का राष्ट्रीय अंतर राज्र्यीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेना अनिवार्य है।

चोपड़ा और साब्ले की गैरमौजूदगी में श्रीशंकर चैंपियनशिप में आकर्षण का केंद्र होंगे। वह पिछले हफ्ते पेरिस डाइमंड लीग में 8.09 मीटर के प्रयास के साथ पहली बार तीसरे स्थान पर रहे।

श्रीशंकर को जेस्विन एल्ड्रिन से कड़ी चुनौती मिलेगी जिन्होंने इसी साल 8.42 मीटर के प्रयास के साथ उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।

पुरुषों के बीच अन्य शीर्ष खिलाड़ी फर्राटा धावक अमलान बोरगोहेन (200 मीटर), डेकाथलीट तेजस्विन शंकर (ऊंची कूद में नहीं जिसमें उन्होंने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता), गोला फेंक के तेजिंदरपाल सिंह तूर, त्रिकूद के प्रवीण चित्रावेल और एल्डोस पॉल होंगे।

महिलाओं में धाविका हिमा दास (चोट से उबर रही हैं) और दुती चंद (डोप के कारण निलंबन) जैसी खिलाड़ी हिस्सा नहीं लेंगी।

इनकी गैरमौजूदगी में सभी की नजरें बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी (100 मीटर और 100 मीटर बाधा दौड़), लंबी दूरी की धाविका पारुल चौधरी (5000 मीटर और 3000 स्टीपलचेज), लंबी कूद की शैली सिंह, भाला फेंक खिलाड़ी अनु रानी पर टिकी होंगी।